सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.2 न्यू | 15.3 अधि |
| धर्मशाला | 5.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76724.08 |
| निफ्टी | 23213.20 |
| सोना | 80,070 |
| चांदी | 93,878 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली में एचआरटीसी के नवनिर्मित विश्राम कक्ष का किया निरीक्षण

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 16 जनवरी 2025 | 3 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 29, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल के खिलाफ चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग केस



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने ईडी को अरविंद केजरीवाल पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना भी केजरीवाल पर केस चलाने की इजाजत दे चुके हैं। ईडी ने पिछले साल पीएमएलए कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। शराब नीति घोटाले में केजरीवाल को आरोपी बनाया था। ईडी को यह मंजूरी ऐसे समय मिली है, जब दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसका रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा।

### लॉरेंस गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में बुधवार तड़के पुलिस और लारेंस गैंग के बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। गोलाबारी में दो गुर्गों को गोली लगी है। पुलिस ने पहले बदमाशों को रोकने की कोशिश की, लेकिन सामने से अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिसमें दो बदमाशों को गोली लगी। इस मुठभेड़ के बाद पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने बताया कि बदमाशों के पास से 4 हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस का कोई जवान इसमें घायल नहीं हुआ है। इनके साथ मौजूद एक और आरोपी की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### भ्रष्टाचार मामले में बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा बरी



**ढाका।** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया को भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया और हाईकोर्ट की ओर से उन्हें दी गई 10 वर्ष की जेल की सजा को पलट दिया। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ खालिदा की अपील की समीक्षा के बाद प्रधान न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

### पूजा खेडकर को राहत गिरफ्तारी पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 14 फरवरी तक रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की और दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश पलट दिया। दरअसल, पूजा पर यूपीएससी एग्जाम में धोखाधड़ी, ओबीसी और विकलांगता कोटे का गलत तरीके से फायदा लेने का आरोप है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नेपाली मजदूर ने ही की थी साथी की हत्या -पेज 3
- छंजयार गांव को नई पंचायत से जोड़ने पर जताई आपत्ति -पेज 6
- गिरफ्तारी से बचने के लिए बना दिए जाली बेल आदेश -पेज 12
- विधानसभा चुनाव: केजरीवाल ने नई दिल्ली सीट से भरा नामांकन -पेज 13
- जोकोविच ने सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम मैच खेलने का नया रिकॉर्ड बनाया -पेज 14


# महाकुंभ में हाईटेक सुरक्षा, बिना अनुमति वीडियो बना रहे 9 ड्रोन मार गिराए

**एजेंसी, प्रयागराज**

**प्रयागराज** महाकुंभ का बुधवार को तीसरा दिन है। सुबह 4 बजे से ही गंगा के तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। हजारों की संख्या में लोगों ने 'हर-हर महादेव' और 'जय गंगा मैया' के जयकारे के साथ डुबकी लगाई। इस बीच पूरे महाकुंभ में हाईटेक सुरक्षा है।

किसी को भी बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने की परमिशन नहीं है। यहां लगे एंटी-ड्रोन सिस्टम ने अब तक मेला क्षेत्र में 9 ड्रोन मार गिराए (निष्क्रिय) हैं। उधर, महाकुंभ को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जब मां गंगा बुलाएंगी, तब संगम जाएंगे।




### कुंभ में अनाज वाले बाबाजी सिर पर उगा रखी फसल



**महाकुंभ** में आए बाबा को 'अनाज बाबा' का नाम मिला है। उनकी यह साधना देखने में किसी को झूठ न लगे, उसके लिए उन्होंने जब अपनी पगड़ी खोली, तो देखने वालों की आंखें फटी की फटी रह गईं। किसी को उम्मीद नहीं थी कि यहां पर अनाज की जड़ें तक मिल जाएंगी। उनके सिर पर फसल का रहस्य खुलते ही सबके संदेह दूर हो गए।



### संगम तट पर खुला अनुभूति केंद्र



**महाकुंभ** में इस साल एक नया और अनोखा आकर्षण जुड़ा है। डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र बनाया गया है। महाकुंभ के ऐतिहासिक महत्व को डिजिटल रूप में समझाने के लिए बने इस केंद्र में प्रवेश के लिए 50 रुपए का टिकट लिया जा सकता है। यह डिजिटल सेंटर एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है, जिसमें लोग 5 मिनट की फिल्म के माध्यम से महाकुंभ के इतिहास की एक झलक देख सकते हैं।

### महाकुंभ में 2 लाख करोड़ का बिजनेस होने का अनुमान

**महाकुंभ** में 45 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। दो लाख करोड़ रुपए का बिजनेस होगा। वहीं, कानपुर को 30 हजार करोड़ रुपए का कारोबार आने की उम्मीद है। यह राशि पिछले वर्ष इनवेस्टर समिट में शहर से किए गए 59 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव का आधा है। यह इतनी बड़ी राशि है कि इससे शहर के अर्थतंत्र को पूरी तरह बदला जा सकता है।

### बवंडर बाबा की एंट्री, बाइक से तय किया 1.15 लाख किमी सफर

**महाकुंभ** में साधु-संतों के कई रंग देखने को मिल रहे हैं। ऐसे ही एक साधु ने बाइक से एंट्री ली। एंट्री ऐसी थी कि मानो बवंडर हो। अपने इसी अंदाज के लिए इस साधु को बवंडर बाबा के नाम से जाना जाता है। बवंडर बाबा का दस्तावेज में नाम विनोद सनातनी है। वह मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं, फर्राटेदार इंग्लिश बोलते हैं। बवंडर बाबा ने बताया कि मैं अब तक 1.15 लाख किमी की सनातनी यात्रा बाइक से पूरी कर चुका हूं। 14 साल की उम्र में मैंने संन्यास ले लिया था। देश के 12 ज्योतिर्लिंग, 29 शक्तिपीठ सहित 25 राज्यों का भ्रमण अपने बाइक नुमा रथ पर कर चुके हैं।

# समंदर में बढ़ी भारत की ताकत राष्ट्र को तीन युद्धपोत समर्पित

## पहली बार डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट व सबमरीन नौसेना में एक साथ शामिल : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में एक साथ तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित किए। इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉरशिप से भारतीय नौसेना की ताकत और बढ़ जाएगी।

मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य अधिक सक्षम और आधुनिक होना उसकी प्राथमिकताओं में से एक है, लेकिन इसका मकसद विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की भावना है। पीएम ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर 'ग्लोबल साउथ' में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है और दुनिया में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा एक खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' पहल ने देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया है। पिछले 10 साल में जिस तरह भारत की तीनों सेनाओं ने आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाया है, वह बहुत ही सराहनीय है। हमारी सेनाओं ने पांच हजार से ज्यादा ऐसे साजो-सामान और उपकरणों की लिस्ट तैयार की है, जो अब वह विदेशों से नहीं मंगाएगी। जब भारत का सैनिक, भारत में बने साजो-सामान के साथ आगे बढ़ता है, तो उसका आत्मविश्वास भी कुछ अलग ही होता है।




### कहा- सैन्य सामर्थ्य अधिक सक्षम बनाना प्राथमिकता

### बोले- गर्व की बात, तीनों युद्धपोत मेड इन इंडिया

मोदी ने आज के दिन को भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए 'बहुत बड़ा दिन' करार दिया। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और एक पनडुब्बी को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल हुए हैं। गर्व की बात है कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। उन्होंने कहा कि जल हो, थल हो, नभ हो, गहरे समुद्र हों या फिर असीम अंतरिक्ष हो, हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की भावना से काम करता है।

# हम भाजपा, आरएसएस के खिलाफ नहीं बल्कि 'इंडियन स्टेट' से भी लड़ रहे: राहुल

## बोले- चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या, पारदर्शी होना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या, पारदर्शी होना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य है।

राहुल ने कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं, बल्कि 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है। राहुल ने पार्टी के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष स्थिति वाली लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि आप मानते हैं कि हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो ऐसा नहीं है, क्योंकि उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। राहुल ने दावा किया कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गलत हुआ है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से असहज हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच अचानक करीब एक करोड़ नए मतदाताओं का सामने आना समस्या की बात है।

### खड़गे ने आजादी वाले बयान पर भागवत को घेरा



**कांग्रेस** राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी की निंदा की। दरअसल, भागवत ने कहा था कि भारत को असली आजादी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मिली। खड़गे ने आरएसएस प्रमुख को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसी ही टिप्पणियां करते रहेंगे तो उनका पूरे देश में घूमना मुश्किल हो जाएगा। आरएसएस के लोगों को लगता है कि राम मंदिर के उद्घाटन से आजादी मिली है।

# किन्नौर में बोलेरो कैंपर दुर्घटनाग्रस्त, दो महिलाओं की मौत

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

**किन्नौर** जिले के पूह उपमंडल में बुधवार सुबह स्पिलो-कानम संपर्क मार्ग पर बोलेरो कैंपर बेकाबू होकर नेशनल हाईवे-5 पर जा गिरी।

इस हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन स्पिलो से कानम की ओर जा रहा था। मृतक महिलाओं की पहचान स्पिलो निवासी नरगु जंगमो (60) पत्नी सुखदेव और झारखंड की बसंती देवी (50) के रूप में हुई है। घायलों में स्पिलो किन्नौर के पवन कुमार और पूर्ण छेरिंग शामिल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय चिकित्सालय रिकांगपिओ से शिमला रेफर कर दिया गया है। तहसीलदार पूह नानक चंद नेगी ने बताया कि प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपए और घायलों को 5-5 हजार रुपए की तत्काल सहायता राशि प्रदान की गई है।




# प्रतिबंधित दवाओं की रोकथाम को गठित करेंगे एसटीएफ : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रतिबंधित दवाओं का दुरुपयोग एक वैश्विक चुनौती बन गया है।

प्रदेश सरकार ने प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग और संगठित अपराध के उन्मूलन के लिए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठित करेगी। इसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक पद का अधिकारी करेगा। सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कड़े प्रावधान लागू किए हैं, जिससे प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी में शामिल अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का प्रावधान भी शामिल है। एसटीएफ को विशेष प्रशिक्षण और समर्पित कमांडो बल के साथ तैयार किया जाएगा, जिसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ प्रशिक्षण भी शामिल होगा।

एसटीएफ के लिए कुछ कर्मी पुलिस विभाग से लिए जाएंगे और बाकी अन्य बलों से शामिल किए जाएंगे। एसटीएफ का मुख्य उद्देश्य प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी के नेटवर्क को बाधित करना और नष्ट करना, प्रतिबंधित दवाओं के सरगनाओं और संगठित गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करना और तेजी से फॉरेंसिक प्रोटोकॉल के माध्यम से खुफिया जानकारी एकत्र करना शामिल है। स्कूलों व कॉलेजों में राज्यव्यापी जागरुकता अभियानों के साथ 'हिम वीर' और 'हिम दोस्त' जैसी पहलों के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ाया जाएगा। सरकार एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) मामलों के लिए विशेष अदालतें स्थापित करने और फास्ट-ट्रैक जांच और अभियोजन पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है।

### महिला इंडिया टीम की सबसे बड़ी जीत

### आयरलैंड को 304 रन से हराया




राजकोट। भारतीय महिला टीम ने राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीसरा वनडे मैच 304 रन से जीता। पिछला जीत का रिकॉर्ड 249 रन का था, जब 2017 में आयरलैंड को ही हराया था। भारतीय टीम ने 50 ओवर में रिकॉर्ड 435 रन बनाए थे, जो कि भारतीय पुरुष (418) और महिला टीम में सबसे ज्यादा स्कोर है।

### झाड़माजरी की कंपनी में आयकर विभाग की रेड



**अनंत ज्ञान, सोलन/बद्दी**

सोलन जिले के औद्योगिक हब बद्दी के झाड़माजरी स्थित एक निजी कंपनी में आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी है। बुधवार सुबह ही विभाग की टीम कंपनी में पहुंची। आयकर विभाग की टीम ने कंपनी का रिकॉर्ड खंगाला। गेट से किसी को अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं है। कई सालों से यह कंपनी बद्दी में स्थापित है। इसमें किस बात को लेकर दबिश दी गई है, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने मांगी किसान नेता डल्लेवाल की मेडिकल रिपोर्ट

## पंजाब सरकार ने पहले सेहत में सुधार, फिर स्टेबल बताया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**51** दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल के सेहत के बारे में सुप्रीम कोर्ट ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) का ओपिनियन लेगा।

कोर्ट ने पंजाब सरकार से डल्लेवाल की अब तक की मेडिकल जांच की सारी रिपोर्ट मांग ली हैं। इससे पहले सुनवाई के बीच पंजाब सरकार ने पहले डल्लेवाल की हालत में सुधार की बात कही, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में पूछा तो कहा कि उनकी हालत स्थिर है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बैंच के सामने पंजाब सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि डल्लेवाल को लेकर प्रोग्रेस हो रही है। हमारी टीम उनसे सिर्फ 10 मीटर की दूरी पर है। जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि आप कह रहे हैं कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। डॉक्टर वहां पर हैं। इस पर कपिल सिब्बल ने जवाब दिया कि डल्लेवाल ने हमें ब्लड टेस्ट करने की इजाजत दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कुछ लोग डल्लेवाल पर प्रेशर डाल रहे हैं कि वह इसका बात का विरोध नहीं करेंगे कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। सिब्बल ने स्पष्ट किया कि सेहत में सुधार नहीं हो रहा, बल्कि पंजाब के चीफ सेक्रेटरी के एफिडेविट के मुताबिक उनकी स्थिति स्थिर है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से डल्लेवाल की सेहत से जुड़ी पहले और अब की तुलनात्मक रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी।



**राजनीति** हमीरपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्र में ऊहापोह बरकरार, सुजानपुर में स्थिति कुछ साफ

# मंडलाध्यक्ष हाईकमान के हवाले फोन आएगा आधा घंटा पहले

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**आखिर** लंबे इंतजार के बाद हमीरपुर जिले में भाजपा को तीन विधानसभा क्षेत्रों के पांच मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर वीरवार को बैठकें आयोजित करने का फरमान जारी हो ही गया।

यह जिला पार्टी के दोनों खेमों में जारी खींचतान के घमासान को लेकर काफी समय से सुर्खियों में है, इसलिए मंडल अध्यक्षों के चुनाव यहां नेताओं की प्रतिष्ठा का सवाल बने हुए हैं। उपचुनावों में जिन नेताओं ने भाजपा का दमन थामा और चुनाव लड़ा, वे भविष्य की राजनीति को लेकर और पुराने गुट लोग परंपरागत तरीके की स्थिति को बरकरार रखने के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं।

देखने वाली बात यह होगी कि दोनों गुटों में फिफ्टी-फिफ्टी की रणनीति पर सहमति बनेगी या फिर अपनी डफली अपना राग अलापने की जिद, लेकिन खबर यह है कि चुनाव बैठक से आधा घंटा पहले ही हाईकमान से चुनाव अधिकारी को फोन आएगा और उसी के आधार पर नाम घोषित होंगे।

यह रणनीति भी यहां खासी चर्चा का विषय बनी हुई है, लेकिन बड़ी बात यह है कि सहमति को लेकर अभी भी दोनों ही गुटों में खींचतान का दौर अंतिम समय तक जारी था। बहरहाल, हमीरपुर की स्थिति खींचतान के घोड़े पर सवार है। विधायक आशीष शर्मा अपने समर्थकों को दोनों मंडल अध्यक्षों के रूप में काबिज करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं, जबकि परंपरागत समीरपुर से सीधे जुड़े हुए पदाधिकारी खुद की तैनाती के लिए जोर-आजमाइश में जुटे दिखे। कुल मिलाकर पार्टी के दोनों ही खेमे अभी नहीं तो कभी नहीं की रणनीति पर सवार हैं। (अनंत ज्ञान)



### अंतिम समय में ही खुलेंगे पत्ते

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र के एक मंडल अध्यक्ष के मामले को लेकर अंतिम समय पर ही पता चलेगा। यह चुनाव बैठक पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के नेतृत्व में होगी। यहां पर पहले चुनाव बैठक हुई थी और उसमें काफी हो-हल्ला हुआ था, इसलिए इस बार शांति से चुनाव बैठक हो जाएगी या फिर तनाव दिखेगा? इस पर भी संशय है। सुजानपुर में पार्टी के प्रदेश सचिव सुमित शर्मा सुजानपुर में बैठक लेंगे। यहां स्थिति थोड़ी क्लीयर लग रही है, लेकिन हालात ऐसे हैं कि अंतिम समय तक असमंजस एक मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर बनी रहेगी। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मंडलों की बैठकें होने की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और रिकॉर्ड प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस थाना नादौन द्वारा एक विशेष पंजीकरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान की घोषणा एसएचओ निर्मल सिंह ने की, जिसमें प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण और नियमित सत्यापन को अनिवार्य बनाया गया है। मजदूरों को हर महीने अपना पंजीकरण नवीनीकृत कराना होगा। मकान मालिकों और नियोक्ताओं को अपने किरायेदारों और कर्मचारियों की जानकारी सत्यापित करनी होगी। इसके लिए प्रवासी मजदूरों को अपना आधार कार्ड और मकान मालिक या नियोक्ता से सत्यापन प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। एसएचओ ने पंचायत प्रधानों, पार्षदों, ठेकेदारों, दुकानदारों और मकान मालिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। सत्यापन के लिए संबंधित पुलिस स्टेशनों को स्थायी पते की पुष्टि हेतु परचा 12 जारी किया जाएगा। भारतीय दंड संहिता या पुलिस अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस विभाग ने आश्वासन दिया है कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। यह अभियान नादौन और उसकी पुलिस चौकी धनेटा में संचालित होगा और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

### लाहड़ में डिजिटल बैंकिंग के लाभ बताए

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन कि ग्राम पंचायत सपड़ोह के लाहड़ में कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक शाखा बड़ा द्वारा डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर पंचायत के प्रधान तिलक राज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें केसीसी शाखा बड़ा के शाखा प्रबंधक विनय बहल के अतिरिक्त बैंक के कर्मचारी चंद्र शेखर, रंजीत सिंह, सुरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। इस जागरूकता शिविर में पंचायत के लगभग 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान शाखा प्रबंधक विनय बहल ने लोगों को जागरूक करते हुए प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा बैंक के माध्यम से लोगों के लिए चलाई गई विभिन्न प्रकार की योजनाएं जैसे डिजिटल बैंकिंग, जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी एवं लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

### संघ ने उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर जिला की इकाई ने जिला सी एंड वी प्रधान सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा उपनिदेशक उच्चतर हमीरपुर के पद पर डॉ. मौही राम चौहान को कार्यभार संभालने पर संगठन की ओर से हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, इंदु गौतम, सुमन लता, सीमा अबरोल, सीमा गुप्ता, रजनी चौहान, नीता कुमारी, अश्विनी भारद्वाज, खंड प्रधान होशियार सिंह, खंड प्रधान विजय कुमार, लेखराम, नरेश कुमार, रजनीश पाठक आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ताल बनेगा दर्शनीय धार्मिक स्थल : पुष्पेंद्र



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ग्राम पंचायत अमनेड़ के ताल गांव में पहुंचे। बैठक में पहुंचने पर गांव वासियों ने डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बैठक में गांव वासियों ने सबसे पहली मांग रखी कि हमारे पंचायत में स्थित धार्मिक आस्थाओं से जुड़े हुए ताल का जीर्णोद्धार किया जाए। इसके अलावा लोगों ने संपर्क मार्गों और दूसरी समस्याओं का जिक्र किया, जिनका समाधान मौके पर ही डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने अधिकारियों के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि हम हमीरपुरवासी सौभाग्यशाली हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू हमारे हमीरपुर जिले से हैं और उनके आशीर्वाद से ताल का जीर्णोद्धार पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जाएगा और इसको एक रमणीक, दर्शनीय स्थल बनाया जाएगा ताकि यह एक रमणीक स्थल बन जाए। इस मौके पर पंचायत साहनवीं के प्रधान चरण दास, पंचायत अमनेड़ के प्रधान पवन कुमार, उपप्रधान विनोद मिश्रा, वार्ड सदस्य लतीफ व गणमान्यों ने हिस्सा लिया।

### सेना दिवस पर गगन चंद को श्रद्धांजलि अर्पित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के लालहडी गांव वासियों ने 15 जनवरी को सेना दिवस के उपलक्ष्य में दोसड़का चौक पर असम राइफलमैन वीर गगन चंद 10 जाक रेजिमेंट को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। वीर गगन चंद को 1 अक्टूबर 1967 को चीन सेना के खिलाफ लड़ते हुए वीर चक्र प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर कर्नल बीर सिंह ने उनके शौर्य और बलिदान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सभी को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में गांव के कर्नल वेद पटियाल, कैप्टन चंदू राम, संदीप डडवाल, युधवीर पटियाल, बंटू, विनीत, जसवंत सिंह, अनिल कुमार, संजीव, राजीव, ध्रुव चंद, विक्रम चंद कटोच, ब्रह्म दास, करतार सिंह, लखमीर सिंह, ललिता देवी सहित अनेक ग्रामीण ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बोहनी व लंबलू में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल लंबलू में 17 जनवरी को लाइनों की मरम्मत और गसोता सब-स्टेशन से विद्युत आपर्ति बहाल करने के कार्य के चलते विद्युत अनुभाग लंबलू व बोहनी के अंतर्गत आने वाले गांव गसोता, चमनेड़, बालू, भ्युंट, बालु, भरठान, बडोल, पटटा, झमरेड़ा, बरोहा, बोहनी, छयोड़ी, बरोटी, भूराण, कंगरू, मुलाना, गुढ़ी, कोंहीं, लगवान, हवानी, थाना बफ्फड़ी, हरनेड, पनहार, लंबलू, घुमारीं, डुगली, डबरेड़ा, झटबाड़, खनेहु, ठनकरी, चमनेड़, ब्लूट, सरलीं, जीवी, रोहलवीं आदि और इसके आसपास के गावों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बंद रहेगी। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### एनएफसीआई में साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनएफसीआई होटल मैनेजमेंट संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, राजेश कुमार ने एनएफसीआई होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया की सावधानी, यातायात नियमों, महिला सुरक्षा, पोक्सो अधिनियम, और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। छात्रों को 112 एप और ड्रग फ्री हिमाचल एप डाउनलोड करने और आपातकालीन स्थितियों में 112 नंबर पर सूचित करने की सलाह दी गई।

### कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर को मातृ शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर की माता सरस्वती देवी (82) का निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहीं थीं और बुधवार सुबह उन्होंने अपने हमीरपुर के अणू कलां में स्थित घर पर अंतिम सांस ली। उनका दोपहर बाद हथली खड्ड में स्थित श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर बड़ी तादाद में लोगों ने कार्यकारी अधिकारी की माता को अंतिम विदाई दी।

---

### सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट ने मनाया सेना दिवस; पूर्व विधायक राजेंद्र राणा रहे मुख्य सूत्रधार, पूर्व सीएम जयराम सहित कई हस्तियों ने की शिरकत

# सुजानपुर में दिखी वीरता, सम्मान व समाजसेवा की झलक

**विक्रम ढटवालिया, सुजानपुर**

सुजानपुर में सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा आयोजित सेना दिवस समारोह देशभक्ति और समाजसेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा। आयोजन न केवल वीर सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान में था, बल्कि देश की सुरक्षा में उनके बलिदान और योगदान को याद करने का एक भावपूर्ण अवसर भी था। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि अध्यक्षता रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल बीएस जसवाल ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे।

सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि यह दिन भारतीय सेना और उसके वीर सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक विशेष अवसर है। यह दिन न केवल उनके अदम्य साहस और त्याग का प्रतीक है, बल्कि युवाओं को प्रेरित करने के लिए भी एक आदर्श है। उन्होंने ट्रस्ट की गतिविधियों और भावी कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला।

रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल बीएस जसवाल ने कहा कि सैनिक केवल एक वर्दीधारी नहीं, बल्कि एक विचार है, जो समाज में साहस, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। कार्यक्रम में हिमाचल पुलिस के आर्केस्ट्रा दल हार्मनी ऑफ पाइन ने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। सेना पदक विजेता कैप्टन ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में भव्य मार्चपास्ट हुआ, जिसमें पूर्व सैनिकों ने अनुशासन और गर्व का प्रदर्शन किया। कर्नल भूपेंद्र शाही ने पूर्व सैनिकों की ओर से अपने विचार रखते हुए कहा कि सेना दिवस सैनिकों के योगदान और बलिदान को याद करने का एक अवसर है।

**कौन-कौन रहे उपस्थित :** इस आयोजन में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक विपिन परमार, धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज, बल्ह के विधायक इंदर सिंह, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, पूर्व विधायक रवि धीमान, पूर्व विधायक केएल ठाकुर, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक उर्मिल ठाकुर, पूर्व विधायक मनोहर धीमान, कारगिल के हीरो ब्रिगेडियर खुशहाल ठाकुर और सेना के कई रिटायर्ड अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, महिलाएं और पुरुष इस आयोजन में शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)





सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा आयोजित सेना दिवस समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, साथ हैं सांसद अनुराग ठाकुर और अन्य (दाएं) कार्यक्रम में मौजूद भीड़ का दृश्य।

#### हिमाचल के हर घर में वीरता का इतिहास : जयराम

**पूर्व** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की धरती पर वीरता का इतिहास हर घर की दीवारों पर लिखा है। हमारे सैनिक सिर्फ सीमा की सुरक्षा नहीं करते, बल्कि समाज के हर कोने में अनुशासन, कर्तव्य और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। सेना दिवस हमें यह याद दिलाता है कि देश की आजादी और अखंडता के पीछे इन्हीं वीरों का त्याग और बलिदान है। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 300 यूनिट बिजली देने की बात कांग्रेस ने चुनाव के दौरान कही थी और उसी के आधार पर प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस को जनमत दिया। यह सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरीके से नाकाम रही है। प्रदेश के विकास को पूरी तरीके से ठप कर दिया है। आज चुनाव हो जाएं तो कांग्रेस दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी।

#### हिमाचल सैनिकों का घर : अनुराग ठाकुर

**सांसद** अनुराग ठाकुर ने उत्साहपूर्ण भाषण में कहा कि सेना दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि सैनिकों की अदम्य साहस और बलिदान को सम्मानित करने का अवसर है। हिमाचल प्रदेश का हर घर सैनिकों का घर है और यह राज्य देश की रक्षा के लिए हमेशा अग्रणी रहा है।

#### सैनिकों पर हमें गर्व: राजेंद्र राणा

**ट्रस्ट** के संस्थापक और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि यह दिवस उन सभी वीरों को समर्पित है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सैनिकों की भूमिका केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में भी उनकी प्रेरक उपस्थिति का बड़ा महत्व है।

---

### महिला थाना में नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में एक व्यक्ति की शिकायत पर उनकी नाबालिग बेटी के लापता होने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायत के अनुसार, लड़की गत 14 जनवरी को बिना बताए घर से चली गई। पुलिस ने बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लड़की की तलाश और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस की जांच जारी है।

### एनआईटी हमीरपुर के स्टूडेंट को मिनेसोटा विवि में डॉक्टरेट कार्यक्रम में मिला प्रवेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में भौतिकी और फोटोनिक्स विज्ञान विभाग के एमएससी (भौतिकी) के स्टूडेंट के. दिनेश को 2025 के स्प्रिंग सेमेस्टर के लिए मिनेसोटा विश्वविद्यालय में सिविल, पर्यावरण और भू-इंजीनियरिंग (सीईजीई) में प्रतिष्ठित डॉक्टरेट कार्यक्रम में प्रवेश दिया गया है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के रहने वाले दिनेश को सालाना 30,503 डॉलर की उदार फेलोशिप मिली है। उनका अग्रणी अनुसंधान पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अध्ययन का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र, हानिकारक शैवाल खिलने की दृश्यमान और निकट-इन्फ्रारेड (वीएनआईआर) परावर्तन विशेषताओं पर केंद्रित होगा। उनके काम में वर्णक्रमीय डेटा का विश्लेषण करने और क्षेत्र और प्रयोगशाला प्रयोगों का संचालन करने के लिए नवीन अनुसंधान पद्धतियों को विकसित करना और क्रियान्वित करना शामिल होगा। वह इस महत्वपूर्ण अनुसंधान क्षेत्र की उन्नति में योगदान देते हुए विषय टीमों के साथ मिलकर भी काम करेंगे। दिनेश अपने प्राथमिक संकाय संपर्क के रूप में मिनेसोटा विश्वविद्यालय के एक प्रमुख संकाय सदस्य प्रोफेसर अर्देशिर एबतेहाज के साथ मिलकर काम करेंगे। संस्थान के निदेशक एचएम सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना नानोटी और विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, विभाग के संकाय और कर्मचारी दिनेश को उनकी शैक्षणिक यात्रा में सफलता जारी रखने की कामना की और कहा कि आने वाले वर्षों में उनके अभूतपूर्व शोध को देखने के लिए यह संस्थान उत्सुक रहेगा।

### बड़सर में सांसद खेल महाकुंभ वॉलीबाल प्रतियोगिता का कल होगा फाइनल



**एसके ठाकुर, बड़सर।** सांसद महाकुंभ पार्ट-3 के तहत बड़सर में वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने किया। इस अवसर पर विधायक लखनपाल ने सांसद अनुराग ठाकुर की अनोखी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी खेल महाकुंभ के माध्यम से उभर कर आए हैं। बड़सर विधानसभा में तीनों प्रतियोगिताओं में लगभग 70 टीमों ने भाग लिया है। इस अवसर पर बड़सर के मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला परिषद संजीव शर्मा, भाजयुमो प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सोनी, सह मीडिया प्रभारी यशपाल, अमित कुमार, पूर्व प्रधान विवेक शर्मा, महा मंत्री पंकज ठाकुर सुरेश कुमार उपस्थित रहे। खेल महाकुंभ पार्ट 3 में मीडिया प्रभारी विकास पटियाल की सेवाएं भी सहरानीय रही हैं।

### अब खासग्रां के मैदान में होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसडीएम कार्यालय हमीरपुर के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के स्थान में बदलाव किया गया है।एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि अब ये ड्राइविंग टेस्ट एनआईटी के गेट नंबर 2 के पास खासग्रां के मैदान में लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले ये टेस्ट बरोहा में किसान भवन के साथ लगते मैदान में लिए जाते थे, लेकिन बरोहा में मैदान का कार्य आरंभ होने के कारण ड्राइविंग टेस्ट के स्थान में बदलाव किया गया है।

### दिव्या स्कूल के मेधावी किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के दिव्या आदर्श विद्या पब्लिक स्कूल भोटा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि ने छात्रों को मेहनत और लगन से अपने भविष्य को संवारने की प्रेरणा दी। मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले छात्रों को 11 हजार की धनराशि भेंट की गई।

---

## सधोड़ा पत्तन में बन रहे पुल पर नौ पंचायतों ने जताई सहमति

### प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से किया पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन विधानसभा एवं ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र की परिसीमा के बीच बह रही ब्यास नदी के ऊपर स्वीकृत लगभग 24 करोड़ की लागत से 250 मीटर स्पेन वाले पुल का लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल के निर्माण करने वाले ठेकेदार को वर्कऑडर भी कर दिया गया है एवं ठेकेदार ने पुल के लिए चयनित स्थान पर अपना काम भी शुरू कर दिया गया, लेकिन जिस तरह से कुछ समय से इस पुल के निर्माण को रोक दिया गया है।

कुछ लोगों द्वारा ये भाम्रक अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं कि इस पुल का कहीं दूसरी जगह निर्माण किया जाएगा, तो इस संदर्भ में इस पुल के निर्माण के लिए क्षेत्र लगभग नौ पंचायतों बड़ा, चोडू, जीहन, फस्टे, सपड़ोह, पुतडियाल, बरधीयाड, सिल्ह आदि पंचायतों का 100 के करीब लोगों का प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस के बड़ा जोन के प्रभारी डॉ. मोहन लाल कौंडल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला और अपनी सहमति जताते हुए उनसे आग्रह किया कि सधोड़ा पत्तन पुल का निर्माण जहां पर वर्तमान समय में दरियाल नामक स्थान पर चल रहा है।

इसी स्थान पर पुल होना चाहिए, क्योंकि उस स्थान पर पुल का निर्माण होने से सभी को लाभ होगा और इस स्थान पर पुल के निर्माण के लिए एक परिवार ने सड़क के निर्माण के लिए अपनी लगभग 5 कनाल भूमि भी विभाग के नाम कर दी है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि इस पुल के निर्माण कार्य में लोक निर्माण विभाग को तेजी लाने के आदेश भी जारी किए जाएं। (अनंत ज्ञान)



नौ पंचायतों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से पुल के निर्माण कार्य को लेकर मिला।

#### सीएम ने दिए तत्काल कार्य करने के आदेश

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोक निर्माण विभाग को पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए और लोगों को भी आश्वासन दिया कि पुल का निर्माण निर्धारित स्थान पर ही होगा, जहां वर्तमान समय में प्रगति पर है।

---

## ब्लॉक धारकों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई तो डिपो संचालक नहीं उठाएंगे उनका राशन : अशोक

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

खाद्य आपूर्ति विभाग ने उपभोक्ताओं द्वारा ई-केवाईसी न करवाने के चलते प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं के राशन कार्ड ब्लॉक कर दिए हैं। राशनकार्ड ब्लॉक होने की वजह से डिपोधारक उपभोक्ताओं को राशन नहीं दे पा रहे हैं।

प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे शीघ्र अपने राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा उन्हें अगले माह भी सस्ते राशन से वंचित रहना पड़ेगा। जो उपभोक्ता इस माह के आखिरी सप्ताह से पहले ई-केवाईसी करवा कर विभाग से अपना राशन कार्ड अनब्लॉक नहीं करवाएंगे, डिपो धारक उनके अगले माह के राशन की मांग विभाग से नहीं करेंगे, क्योंकि डिपो धारक पीओएस मशीन में एक्टिव कार्डों से अधिक राशन की मांग विभाग से नहीं कर सकते हैं। कवि ने कहा कि ई-केवाईसी प्रमाणीकरण का कार्य पिछले लगभग तीन वर्षों से चल रहा है, लेकिन उपभोक्ताओं ने इसे गंभीरता से नहीं लिया अंततः विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं के राशन कार्डों को ब्लॉक करने का फैसला लिया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पहले केवल डिपुओं के माध्यम से ही ई-केवाईसी प्रमाणीकरण का कार्य किया जा रहा था, लेकिन अब उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभाग ने एक ऐप भी जारी की, जिसके माध्यम से उपभोक्ता घर बैठे भी अपने मोबाइल से अपनी ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अलावा लोक मित्र केंद्रों व खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यालय में भी ई-केवाईसी प्रमाणीकरण की सुविधा अब विभाग उपभोक्ताओं के लिए शुरू कर दी है। अशोक कवि ने कहा कि पहले पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की ई-केवाईसी नहीं हो पा रही थी, क्योंकि उनके अंगुलियों के निशान मेल नहीं खा रहे थे, लेकिन अब विभाग द्वारा जारी एप के माध्यम से बच्चों की फेस रीडिंग से उनकी भी ई-केवाईसी हो रही है। इसके लिए कम उम्र के बच्चों के फोटो आधार में अपडेट करवाना जरूरी है, उसके बाद ही उनकी ई-केवाईसी संभव हो पाएगी। (अनंत ज्ञान)

**पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का फोटो आधार में अपडेट करवाना जरूरी**

---

**पहल** मुख्यमंत्री ने की पहल की सराहना, अब तक जिले में 54 क्विंटल आटे की हो चुकी है खरीद

## हिम मक्की आटे से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**




प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए तैयार किए गए हिम मक्की के आटे ने जिले में तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। हमीरपुर जिले के 310 सस्ते स्ते राशन डिपुओं में अब तक 149 क्विंटल हिम मक्की का आटा वितरित किया गया है, जिसमें से 54 क्विंटल बिक चुका है।

लोगों में इस आटे की बढ़ती मांग को देखते हुए डिपो धारकों को अतिरिक्त आटा उपलब्ध कराने का भी प्रबंध किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनता की सेहत और प्राकृतिक खेती के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन ने आश्वासन दिया है कि जिले के सभी राशन डिपो को उनकी मांग के अनुसार आटा उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना प्रदेश में आर्गेनिक खेती और उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

हिम मक्की का आटा न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह प्राकृतिक खेती के महत्व को भी उजागर करता है।

**डिपो धारकों की आट की मांग में वृद्धि :** डिपो धारकों ने बताया कि ग्राहकों के बीच हिम मक्की के आटे की मांग लगातार बढ़ रही है। कई डिपो संचालकों ने अतिरिक्त आटे की आपूर्ति की मांग की है। सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के अधिकारी संजीव वर्मा ने बताया कि हर डिपो को उनकी जरूरत के अनुसार आटा उपलब्ध कराया जाएगा। वर्मा ने जानकारी दी कि हिम मक्की का आटा मात्र 50 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध है, जिससे यह किफायती और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प बन गया है। (अनंत ज्ञान)

#### मुख्यमंत्री ने कहा-उपभोक्ता उठाएं लाभ

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यह कदम प्रदेश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और लोगों को सेहतमंद जीवनशैली अपनाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल किसानों को आर्गेनिक खेती की ओर प्रेरित कर रही है, बल्कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री भी प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी राशन कार्ड धारकों से अपील की कि वे हिम मक्की के आटे का लाभ उठाएं और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

#### प्राकृतिक खेती का स्वास्थ्यवर्धक विकल्प

हिम मक्की का आटा पूरी तरह से आर्गेनिक है और इसे प्राकृतिक खेती के माध्यम से तैयार किया गया है। यह आटा 1 किलो और 5 किलो के पैकेट में उपलब्ध है और सस्ते राशन डिपो के माध्यम से जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वितरित किया जा रहा है। सेहतमंद और आर्गेनिक खाद्य पदार्थों के बढ़ते चलन के बीच यह आटा लोगों के लिए किफायती और लाभदायक विकल्प बन गया है।

> हिम मक्की का आटा 50 रुपए प्रति किलो के दर से उपलब्ध है। जिले में अब तक 149 क्विंटल आटे की खेप मुहैया करवाई गई है, जिसमें से 54 क्विंटल डिपो के माध्यम से बिक चुका है और यह ग्राहकों के बीच अपनी सेहतमंद खूबियों के चलते काफी डिमांड में है। जिले के सभी राशन कार्ड धारकों से अपील है कि वे इस आर्गेनिक आटे को एक बार जरूर आजमाएं।
>
> **-संजीव वर्मा,एरिया मैनेजर सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन हमीरपुर**

### जुलाई तक तैयार हो जाएगा खेल मैदान : प्रो. धीमान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की भवन एवं निर्माण समिति की नौवीं बैठक कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में तकनीकी विवि में अभी तक किए गए निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई तथा प्रस्ताव कार्यों को लेकर प्रारूप तैयार किया गया।

कुलपति ने कहा कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग तकनीकी विवि परिसर में छात्रों के खेलकूद के लिए मैदान का निर्माण कार्य कर रही है, जो जुलाई, 2025 तक पूरा हो जाएगा। इससे पूर्व भवन एवं निर्माण समिति के सदस्य सचिव व परियोजना अधिकारी अमित ठाकुर ने सभी अपेक्षित सदस्यों को तकनीकी विवि में निर्माण कार्य से संबंधित गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। इसके बाद उन्होंने सभी के समक्ष नए प्रस्ताव रखे।

# सीएम का 16 से 25 जनवरी तक कांगड़ा शीतकालीन प्रवास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 16 से 25 जनवरी तक शीतकालीन प्रवास के तहत कांगड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न उद्घाटन और शिलान्यास करने के साथ कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम सर्किट हाउस धर्मशाला में होगा। सरकारी प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री निम्नलिखित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## आज कांगड़ा पहुंचेंगे

मुख्यमंत्री सुक्खू 16 जनवरी को 3 बजे हेलिकॉप्टर से साई ग्राउंड में पहुंचेंगे और उसके बाद 3 बजे मिनी सचिवालय धर्मशाला में बैठक करेंगे।

## कल धर्मशाला को सौगातें

17 जनवरी को मुख्यमंत्री सुक्खू प्रातः 11:10 बजे धर्मशाला में 3 करोड़, 16 लाख, 18 हजार से निर्मित जिला परिषद भवन व मीटिंग हॉल एवं पार्किंग का उद्घाटन करने के बाद 11:35 पर पुलिस लाइन में महिला पुलिस स्टेशन भवन का शुभारंभ। इसी के साथ मुख्यमंत्री 12 बजे स्टेडियम रोड़ में 3 करोड़ 40 लाख रुपए से बनाई जाने वाली फूड स्ट्रीट मार्केट की आधारशिला।

12:50 पर मैक्लोडगंज में 3 करोड़ 42 लाख, 71 हजार रीजनल मॉनिटरिंग सेंटर में हॉस्टल भवन का शुभारंभ। 1:45 बजे अपर दाड़ी कंड में 4 करोड़ 74 लाख के सोलर प्लांट का उद्घाटन। मुख्यमंत्री 3:50 बजे से शाम 6 बजे तक मिनी सचिवालय में बैठेंगे।

## 18 को नगरोटा सूरियां और जवाली में



मुख्यमंत्री सुक्खू 18 जनवरी प्रातः 11:15 बजे हरिपुर के लिए रवाना होंगे तथा नगरोटा सूरियां के बासा में वाइल्डलाइफ इन्फॉर्मेशन सेंटर का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12:25 पर जरोट हाई लेवल ब्रिज का भूमि पूजन करेंगे, जिस पर 86.34 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री जवाली में 1:50 पर 5 करोड़ से बनने वाले थांगर राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला, दोपहर 3 बजे जवाली अर्बन वॉटर सप्लाई योजना का उद्घाटन और 5 बजे नगरोटा सूरियां सीवरेज स्कीम की आधारशिला और अर्बन वॉटर सप्लाई स्कीम का शिलान्यास करेंगे।

**19 को नूरपुर में फॉरेंसिक यूनिट का उद्घाटन।** मुख्यमंत्री 19 जनवरी को प्रातः 11:45 बजे नूरपुर पुलिस जिला फॉरेंसिक यूनिट का उद्घाटन करेंगे तथा इसी विधानसभा के दौरे पर रहेंगे।

**20 को मनाली में शिलान्यास व उद्घाटन।** मुख्यमंत्री 20 जनवरी को सुबह 8:10 बजे मनाली में पब्लिक मीटिंग हडिंबा मंदिर में पूजा और कई योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन। दोपहर 3:45 पर मुख्यमंत्री धर्मशाला लौटेंगे।

**21 को मटौर में परियोजना की आधारशिला।** मुख्यमंत्री सुक्खू 21 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे मटौर में 11 करोड़ की परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

**22 व 23 जनवरी रिजर्व-डे।** 22 व 23 जनवरी का दिन मुख्यमंत्री के लिए रिजर्व रखा गया है। इस दिन मुख्यमंत्री कांगड़ा जिला में किसी भी क्षेत्र का दौरा कर सकते हैं।

**24 को मिल्क प्लांट का शिलान्यास।** मुख्यमंत्री सुक्खू 24 जनवरी को 11:20 बजे ढगवार में 225 करोड़ की लागत के मिल्क प्लांट का शिलान्यास करेंगे और 11:50 बजे दाड़ी में पब्लिक मीटिंग करेंगे।

**25 को बैजनाथ में पूर्ण राज्यत्व दिवस।** सीएम 25 जनवरी पालमपुर कृषि यूनिवर्सिटी में 10:30 बजे और 11 बजे बैजनाथ में हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत। कार्यक्रमों के समापन के बाद इसी दिन मुख्यमंत्री शाम 4 बजे के करीब शिमला के लिए रवाना होंगे।

## 1994 में शुरू हुई थी प्रवास की परंपरा

निचले हिमाचल की जनता की भावनाओं को समझते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने वर्ष 1994 में शीतकालीन प्रवास की परंपरा शुरू की थी। उसके बाद इस परंपरा को हर सरकारों ने आगे बढ़ाया।

# तत्तापानी में मकर संक्रांति मेले में पंजाब के युवक की सतजुल में डूबने से मौत

महेंद्र कुमार, सुन्नी

गत मंगलवार देर रात तत्तापानी में मेला ग्राउंड से लगभग 100 मीटर की दूरी पर सतलुज के किनारे एक युवक के पैर फिसलने से सतलुज नदी में गिर जाने के कारण मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सर्वजीत सिंह (26 वर्ष) पुत्र बाबा राम गांव स्लोह, शहीद भगत सिंह मार्ग, नवांशहर, पंजाब के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक सुन्नी में नाई का काम करता था और वह मंगलवार को तत्तापानी में मेले में आया था तथा सांस्कृतिक संध्या का आनंद ले रहा था और कार्यक्रम के बीच में ही वह मेला ग्राउंड से लगभग 100 मीटर की दूरी पर गया जहां पर वह झाड़ियों के पास उसका पैर फिसलने से सतलुज नदी में गिर गया। पूरी जानकारी नहीं मिल पाई। सुबह स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचित किया गया, पुलिस द्वारा युवक को खोजने के लिए सुंदरता से माहूं नाग डाइविंग एसोसिएशन के गोता खोर तिलक राज ने महज एक घंटे में ही युवक के शव को नदी से निकाला और करसोग पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम सुन्नी अस्पताल में करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

युवक के गिरने की आवाज साथ के ही मकानों में रह रहे लोगों द्वारा सुनी गई, लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण उन्हें युवक के गिरने की



## तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला संपन्न

तत्तापानी में आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेले का समापन कार्यक्रम सम्मान समारोह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी करसोग गौरव महाजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष दिनेश शर्मा और उपाध्यक्ष वीरेंद्र कपिल द्वारा मुख्यातिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों और अन्य कलाकारों द्वारा हिंदी, पंजाबी, किनारी और पहाड़ी नाटियों की शानदार प्रस्तुतियां पेश की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय आंगन बाड़ी के बच्चों पहाड़ी नृत्य पेश कर पंडाल में उपस्थित दर्शकों की खूब वाह वाह लूटी।

## न्यूज ब्रीफ

### आखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेंगे पठानिया



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बिहार की राजधानी पटना में 20 व 21 जनवरी को आयोजित होने वाले 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेंगे। कुलदीप सिंह पठानियां 19 जनवरी को नई दिल्ली से वायु मार्ग द्वारा पटना के लिए रवाना होंगे जबकि 16 जनवरी को चंबा से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। 17 व 18 जनवरी को उनका देश के शीर्ष नेताओं से नई दिल्ली में मिलने का भी कार्यक्रम है। इस सम्मेलन में सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के पीठासीन तथा उप-पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं तथा जिन राज्यों में विधान परिषद का प्रावधान है के सभापति तथा उप-सभापति भी भाग लेंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार तथा विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

### नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने भी छोड़ी बिजली सब्सिडी



अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के बिजली बिलों में सब्सिडी छोड़ने संबंधी अभियान के अंतर्गत आज सिरमौर जिला के नाहन में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने की। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि 'बिजली सब्सिडी छोड़ो' अभियान एक स्वैच्छिक अभियान है, जिससे अन्तर्गत बिजली उपभोक्ता स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी छोड़ सरकार के इस आर्थिक सशक्त ता के अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने स्वयं बिजली सब्सिडी छोड़ते हुए सभी से इस अभियान में जुड़ने का आग्रह किया।

### हिमाचल भाजपा के 19 मंडलों के अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश चुनाव अधिकारी, सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव भारद्वाज ने बताया कि भाजपा हिमाचल प्रदेश के आज 19 मंडलों के अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 171 मंडलों में से अब तक 160 मंडलों में अध्यक्षों की तैनाती हो चुकी है। शेष मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति भी आने वाले दिनों में हो जाएगी। आज सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए मंडल अध्यक्षों में मेल से शाम लाल, पंचरुखी से ऊषा राणा, आलमपुर से हनुमंत प्रसाद शर्मा, बैजनाथ अप्पर से सुरेंद्र कपूर, बैजनाथ लोअर से सुरेंद्र राणा, धारकंडी से अशोक वशिष्ठ, कुल्लू सदर से श्रवण ठाकुर, हरोली खास से अनीता जसवाल, हरोली बीत से अशोक छेत्रा, रोहड़ू से विजय मेहता, छौहरा से आशा रिठवाण, सल्वां से राहुल कालिया, भडवार से अनूप राणा, जसूर से सुशील चौधरी, जवाली से डॉ. रजिंद्र सिंह, कोटला से रणजीत सिंह, नगरोटा सूरियां से धीरज अत्री, दून से मान सिंह और राजगढ़ से सुरेश वर्मा मंडल अध्यक्ष बने।

### 17 को केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह आएंगे शिमला : डॉ. सिकंदर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पूरे देश भर में संविधान गौरव अभियान को एक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के रूप में लिया है और हिमाचल में भी यह कार्यक्रम हमारा 26 दिसंबर से 25 जनवरी तक चल रहा है। पूरे देश के साथ साथ प्रदेश स्तर का, एक जिला स्तर और मंडल स्तर का कार्यक्रम होंगे जिसके अंतर्गत 17 जनवरी को हमारे केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह प्रदेश स्तर के कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### फीमेल हेल्थ वर्कर ने सुपरवाइजर की 15 दिन की प्रमोशन ट्रेनिंग की पूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर ट्रेनिंग सेंटर परिमहल से फीमेल हेल्थ वर्कर ने सुपरवाइजर की 15 दिन की प्रमोशन ट्रेनिंग पुरी की। इस सभा के समापन समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय के निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्र दोच ने की। उनका स्वागत फीमेल स्वास्थ्य कार्यकर्ता व परिमहल के वरिष्ठ डॉक्टर उमेश भारती, डॉ. हिमानी कल्थैईक, अर्चना शर्मा, कृष्णा हेल्थ एजुकेटर, स्टेटिस्टियन प्रदीप धीमान, अधीक्षक वर्ग प्रदीप आदि ने निदेशक स्वास्थ्य का स्वागत किया।

### एचआरटीसी चालक आत्महत्या: चालक परिचालक संघ ने जांच पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल पथ परिवहन निगम के मंडी धर्मपुर डिपो चालक संजय कुमार की आत्महत्या मामले में डीएम मंडी की जांच पर चालक परिचालक संघ ने सवाल उठाए है। मान सिंह ठाकुर अध्यक्ष चालक परिचालक संघ ने कहा कि डीएम मंडी और आरएम धर्मपुर हमेशा से ही चालक परिचालक के खिलाफ रहे हैं। ऐसे में डीएम मंडी से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं की जा सकती। चालक परिचालक संघ ने किसी सेवानिवृत्त जज या किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवाने की मांग की है और ऐसा न होने पर आरएम धर्मपुर और डीएम मंडी के खिलाफ मोर्चा खोलने की चेतावनी दी है।

### सेना भर्ती का फिजिकल टेस्ट 17 से मोबाइल पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि 17 से 24 जनवरी तक यहां अणु के मैदान में होने वाले तीन जिलों के पात्र उम्मीदवारों के फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच के दौरान पूरे भर्ती क्षेत्र में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि इस भर्ती रैली के दौरान जिला हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना के लगभग 3,200 युवाओं का फिजिकल टेस्ट होगा, जो संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि रैली स्थल पर मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसलिए, सभी उम्मीदवार अपने व्यक्ति गत सामान के लिए वैकल्पिक समाधान अपनाएं।

## कुमारसैन के घुमाना गांव में नेपाली की हत्या का मामला

# नेपाली मजदूर ने ही की थी साथी की हत्या

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कुमारसैन के घुमाना गांव में नेपाली की हत्या का मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में यह खुलासा हुआ है कि नेपाली मजदूर ने ही साथी नेपाली की हत्या की थी। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने धारा 103 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

मृतक और हत्यारा दोनों बागवान के सेब बगीचे में मजदूरी करते थे। दोनों एक ही कमरे में रह रहे थे। मृतक की पहचान नेपाली मूल के 30 वर्षीय अर्जुन के रूप में हुई है। वहीं आरोपित का नाम करण (37) है। पुलिस को दी शिकायत में देव राज चौहान (49) निवासी गांव घुमाना ने बताया कि एक महीने पहले उनके चाचा के लड़के बसंत लाल के माध्यम से उनकी मुलाकात दो नेपाली युवकों करण और



आरोपी गिरफ्तार

अर्जुन से हुई थी। बातचीत के बाद दोनों युवकों को उन्होंने अपने बगीचे में काम करने के लिए बुला लिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 14 जनवरी की शाम वह अपने काम से मालंदी गांव गया था। लौटते समय अर्जुन ने उनसे बाजार में खर्च के लिए 500 रुपए मांगे जो उन्होंने दे दिए। शाम 6:45 बजे उन्होंने करण से फोन पर बात की तो करण ने बताया कि दोनों कैंप में मौजूद हैं। अगले दिन सुबह करीब 7:30 बजे गांव के ललित ने देव राज को फोन कर बताया कि कैंप के पास खेत में एक नेपाली सो रहा है। जब वह वहां पहुंचे तो देखा कि अर्जुन का खून से सना शव कैंप के कमरे में पड़ा था। उसका चेहरा और सिर खून से लथपथ था। घटनास्थल पर करण नेपाली मौजूद नहीं था। आवाज लगाने पर करण खेत में लेटा हुआ मिला। उसने पास में कंबल और एक काला बैग रखा हुआ था। शिकायतकर्ता देव राज के अनुसार करण नशे की हालत में था और उसकी पहनी हुई टी-शर्ट पर खून के धब्बे थे।

उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करण को हिरासत में ले लिया। देव राज ने आरोप लगाया है कि करण ने किसी कठोर वस्तु से अर्जुन के सिर और चेहरे पर वार कर उसकी हत्या की है। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपित करण नेपाली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ठियोग में मकान की छत पर गिरी कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जिला शिमला के ठियोग की कोर्ट कॉलोनी में एक कार अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन मकान की छत पर जा गिरी। इस हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान 42 वर्षीय विनोद कुमार, पुत्र संत राम के रूप में हुई है, जो कोटखाई के कोकूनाला गांव का निवासी था। पुलिस के मुताबिक जनोग गांव निवासी संजू को रात को फोन पर घटना की जानकारी मिली। यह सूचना संजीव शर्मा के फोन से दी गई थी। जब संजू घटना स्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि लाल रंग की कार उलटी हुई स्थिति में निर्माणाधीन मकान की छत पर पड़ी थी। चालक मलबे के बीच गिरा हुआ था और गंभीर रूप से घायल था। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। ठियोग पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक चालक की मृत्यु हो चुकी थी।

# डीसी-एसपी ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का किया जायजा



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने रिज मैदान का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के दौरान स्टेज अरेंजमेंट, दर्शक दीर्घा, रिज मैदान की साज सज्जा को लेकर निर्देश दिए।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। इस बार गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में लगभग 27 दल हिस्सा लेंगे। इसमें जेएंड के राइफल्स, आईटीबीपी, एसएसबी, पुलिस के महिला और पुरुष टुकड़ियां, सेना पाइप बैंड, यातायात पुलिस, पुलिस बैंड, होमगार्ड, अग्निशमन सेवा, डाक सेवा, होमगार्ड बैंड, पूर्व सैनिकों का दल, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एंड गाइड, आपदा प्रबंधन समूह और पुलिस का श्वान दल शामिल होगा।

## उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली में एचआरटीसी के नवनिर्मित विश्राम कक्ष का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नई दिल्ली में डीटीसी के राजघाट डिपो-1 में चालकों एवं परिचालकों के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम के नवनिर्मित विश्राम कक्ष का निरीक्षण किया। यह विश्राम कक्ष लगभग 70 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसमें 124 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है तथा बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं जिनमें कुछ कमरों में एसी की सुविधा भी दी गई है।



# 17 आईएएस को पदोन्नति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राज्य में 17 आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति का तौफा मिला है। सरकार ने बुधवार को 17 आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति के आदेश को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने साल 2009 बैच की आईएएस मानसी सहाय ठाकुर, रोहन चंद ठाकुर, राज किशन पुरथी और विनोद कुमार को सचिव रैंक दे दिया है।

इन्हें लेवल-14 का पे स्केल दिया जाएगा। इनमें से मानसी सहाय ठाकुर को परफॉर्मा आधार पर प्रमोशन दी गई है, क्योंकि वह अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रही है। इसी तरह साल 2012 की

**रोहन चंद, पुरथी और विनोद को सचिव रैंक**

आईएएस डॉ. रिचा वर्मा, राकेश कुमार प्रजापति, हरिकेष मीणा और राजेश गोयल को लेवल-13 का पे स्केल दिया गया है।

इन्हें बैकडेय यानी एक जनवरी 2025 से प्रमोशन दी गई है। इसी तरह आईएएस एवं डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश, अनुराग चंद्र, अमित कुमार शर्मा, जतिन लाल, गंधर्व राठौर, राहुल कुमार, सोनाक्षी सिंह तोमर, विजय कुमार और मनोज कुमार को लेवल-12 का पे स्केल दिया गया है।

## रझाणा में बनेगा राज्य स्तरीय कोली समाज सामुदायिक भवन : शांडिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि जिला शिमला के विकास खंड मशोबरा की रझाणा पंचायत में राज्यस्तरीय कोली समाज सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाज के सभी वर्गों तथा समुदायों को लाभान्वित करने के लिए बनाए जा रहे इस भवन के निर्माण से संबंधी आवश्यक प्र. या को आगामी दो माह के भीतर पूरा किया जाए।

उन्होंने यह बात हिमाचल प्रदेश कोली समाज रजिस्टर्ड के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव आशीष सिंघमार, महामंत्री गोपाल झिल्टा, मुख्य सलाहकार बलदेव शांडिल आदि उपस्थित रहे।

## अनिल गोयल ने संभाला कालका जी विधानसभा सीट से अलका लांबा के प्रचार का जिम्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया को-ऑर्डिनेटर अनिल गोयल ने दिल्ली चुनाव में कालका जी विधानसभा सीट से अलका लांबा के प्रचार का जिम्मा संभाल लिया है। अनिल गोयल, पश्चिम बंगाल महिला कांग्रेस अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओं ने आम जन मानस से संपर्क किया और कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आवाहन किया।



अनिल गोयल ने कहा कि आप ने दिल्ली की जनता सिर्फ ठगने का काम किया है युवाओं को नौकरी देने के नाम पर, दिल्ली को स्वच्छ बनाने और आम जनता को एक स्वच्छ शासन देने के नाम पर वोट लिए थे, पर वक्त गुजरते शराब की एक बोतल के साथ एक फ्री देने की घोषणा कर युवाओं और आम जनता को नशे में धकेलने का काम किया है। गोयल ने कहा कि दिल्ली की जनता कांग्रेस अब बदलाव चाहती है। अलका लांबा की सादगी सरलता और कांग्रेस के प्रति समर्पित तपस्या उन्हें कालका जी की जनता अपना आशीर्वाद देगी।

## अब चेहरा स्कैन कर लगेगी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में हाजिरी लगाते समय झपकती पलकें बताएंगी कि आप काम पर हैं।

प्रदेश में अब मनरेगा मजदूरों का चेहरा स्कैन कर हाजिरी लगेगी। ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस)।

सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना होगा। इस दौरान एक साथ 10 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई जा सकेगी। इसके अलावा यह हाजिरी कार्यस्थल से 30 मीटर के दायरे में ही लग पाएगी।

# रोहड़ू से विजय मेहत्ता व छौहारा की आशा बनी भाजपा मंडल अध्यक्ष

दशमी रावत, रोहड़ू

भारतीय जनता पार्टी मंडल रोहड़ू व छौहारा (चिड़गांव) को अपने-अपने मंडल अध्यक्ष मिल गए है। भाजपा मंडल रोहड़ू का अध्यक्ष विजय मेहत्ता व छौहारा (चिड़गांव) मंडल अध्यक्ष आशा रिठवाण को नियुक्त किया गया है।

विजय मेहता मंडलगढ़ क्षेत्र के बाड़ी-भूठ गाव से है और आशा रिठवाण छौहारा क्षेत्र के डिस्वाणी गांव से संबंधित है।

कुछ दिन पहले सर्किट हाउस रोहड़ू में भाजपा के प्रदेश नेतृत्व से आए हुए पर्यवेक्षक ने रोहड़ू व छौहारा (चिड़गांव) के दोनों मंडलों के डेलीगेट्स से उनका मत जानकर आखिरकार बुधवार को दोनों मंडलों के लिए अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। इससे पूर्व रोहड़ू व छौहारा (चिड़गांव) का एक ही मंडल होता था, जिसे रोहड़ू मंडल के नाम से जाना जाता था।





भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में परिवर्तन होने के बाद एक विधानसभा क्षेत्र में दो मंडल बन गए है। (अनंत ज्ञान)

## समीक्षा बैठक

## उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में कहा-

# आपदा से संबंधित सभी रिपोर्ट्स एक सप्ताह में होंगी अपडेट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला की वर्ष 2016 से आज तक की विस्तृत रिपोर्ट की समीक्षा की।

उपायुक्त ने निर्देश जिला आपदा प्राधिकरण को वर्ष 2016 से आज तक की सभी आपदाओं की रिपोर्ट को अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके लिए घटना के आधार पर अलग अलग कर्मचारी नियुक्त किए गए है।

इसके साथ ही उक्त सभी कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर इसे अपडेट करेंगे। बैठक में प्राकृतिक आपदा में जिन लोगों का नुकसान हुआ है। उसके लिए विभिन्न विभागों की ओर से क्या-क्या कार्य किए गए। इस को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि जितनी भी दुर्घटनाएं हुई है। इसमें लोगों को सरकार द्वारा जो राहत मिलनी थी, वे असल मिली है या नहीं। इसके बारे में भी दोबारा समीक्षा की जाएगी।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को निर्देश दिए कि एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें, जिसमें पहले के नुकसान व अब उसकी क्या स्थिति है, ताकि हम उसकी अगली बैठक में समीक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि जिले में कोई भी आपदा होती है, तो उसकी रिपोर्ट संबंधित विभागों से तुरंत लेकर इसे अपडेट करें, ताकि पता चल सके कि कौन सी आपदा में कितना कार्य हुआ है और अभी कितनी राहत देने की आवश्यकता है इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा, जिला राजस्व अधिकारी संजीव शर्मा, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण समन्वयक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डॉ. नेहा शर्मा व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रमुख नुकसान

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिले में वर्ष 2016 से वर्ष 2024 तक हुए प्राकृतिक आपदा के तहत हुए प्रमुख नुकसान की जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2017 में 7 व्यक्तियों की मृत्यु व 18 भेड़ों की जान गई। वर्ष 2018 में 47 मकान, 5 गौशालाओं को नुकसान हुआ, व 161 भेड़े व 10 बकरियों की जान गई। वर्ष 2019 में 6 लोगों की मृत्यु, 6 मकानों को क्षति, 20 भेड़े व बकरियों की जान गई। वर्ष 2020 में 77 भेड़-बकरियों की जान गई। वर्ष 2021 में 507 भेड़-बकरियों की जान व 2 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। वर्ष 2022 में हुई में 488 भेड़े व बकरियां मर गए, वर्ष 2023 को 38 लोगों की मृत्यु हुई। वर्ष 2024 में 36 व्यक्तियों की बादल फटने से मृत्यु हो गई।

## ताबो में माइनस 13.2 डिग्री सेल्सियस हुआ तापमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल में मौसम आज से फिर बदल जाएगा। मौसम विभाग शिमला द्वारा 6 दिनों तक बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है।

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में आज रात से मौसम फिर करवट बदल सकता है। राज्य के छह स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। ताबो में न्यूनतम तापमान माइनस 13.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। वहीं निचले पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 16 और 21 जनवरी को मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों बारिश-बर्फबारी की संभावना है, जबकि निचले पर्वतीय-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के लिए पात्र 1172 महिलाओं की सूची भेजी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के लिए फतेहपुर की 7 पंचायतों की 1172 पात्र महिलाओं की सूची जिला मुख्यालय भेज दी गई है। इस बारे बुधवार को जानकारी देते हुए तहसील कल्याण अधिकारी फतेहपुर अनूप सिंह ने बताया कि पंचायत बरुणा, बगडोली, भटियां, बाड़ी, फतेहपुर, हटपंग और कुडल पंचायतों की पात्र महिलाओं की सूची भेजी गई है। यहां कुल 1278 महिलाओं ने उक्त योजना के लिए आवेदन किया था। 106 महिलाएं अपात्र पाई गई थीं। 1172 महिलाओं की सूची जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय भेज दी गई है।

### पुलिस चौकी रे के प्रभारी टीम सहित सम्मानित



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** बुधवार को पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ती पुलिस चौकी रे के प्रभारी विकास दीप शर्मा, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार व कांस्टेबल संजीव कुमार को स्थानीय पंचायत प्रधानों व अन्य लोगों द्वारा सम्मानित किया है। ज्ञात रहे कि एक साल पूर्व मच्छोट पंचायत के युवक मुनीष राणा ने ब्लैकमेलिंग के डर से आत्महत्या कर ली थी। इस पर जांच को सुचारु चलाते हुए जांच अधिकारी एवं पुलिस चौकी रे प्रभारी विकास दीप शर्मा ने टीम सहित उक्त युवक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले दो युवकों को राजस्थान के मेवात से गिरफ्तार कर लिया था। इस पर मृतक के परिजनों, स्थानीय पंचायत प्रधानों व अन्य लोगों द्वारा उक्त समस्त टीम को सम्मान देकर पुलिस की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की है। इस अवसर पर पंचायत प्रधान रे उषा देवी, पंचायत प्रधान मच्छोट हरपाल सिंह, पंचायत प्रधान कुडल सुरेश कुमार, पूर्व जिला परिषद् बिट्टू पठानिया, पूर्व उपप्रधान मोहम्मद रफीक, सरूप सूफी समाजसेवी इंद्र देव गोगा व मृतक मुनीष राणा के परिजन भी मौजूद रहे।

### जवाली की टीम ने जीता वॉलीबाल टूर्नामेंट



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शहिद पवन मेमोरियल एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन भनाला युवा क्लब द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट में जिला की कांगड़ा, धर्मशाला, पालमपुर, और जवाली सहित 10 टीमों ने भाग लिया। शहिद पवन मेमोरियल टूर्नामेंट शुभम राणा, सुरेश कपूर, मनीष भारद्वाज, दीपक भारद्वाज, सुरेश कपूर राणा, सुमित राणा, सुमित राणा, बॉबी धीमान और मोहित राणा की अगुवाई में करवाया गया। मैच का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राकेश चौहान, विशेषतिथि के रूप में मंडल शाहपुर के अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा ने शिरकत की। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच भनाला और जवाली के बीच में खेला गया। ओपनिंग मैच में जवाली ने जीत हासिल की। टूर्नामेंट का फाइनल मैच जवाली और भनाला बी टीम के बीच खेला गया, जिसमें जवाली विजेता रही। मुख्यातिथि ने दोनों टीमों को सम्मानित भी किया।

# नवजात शिशु के लिए स्तनपान अमृत के समान : हेमराज बैरवा

## जिलाधीश कार्यालय भवन धर्मशाला से किया मिशन तृप्ति का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला**

नवजात शिशु के लिए स्तनपान अमृत के समान होता है। यह बात उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बुधवार को जिलाधीश कार्यालय भवन से मिशन तृप्ति का शुभारंभ करने के बाद कही। जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाले इस अभियान में गर्भधारण से दो वर्ष की आयु तक शिशु के पोषण का पूरा ध्यान रखा जाएगा। अभियान की शुरुआत करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि जिला प्रशासन कांगड़ा द्वारा महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत 'मिशन तृप्ति' एक नई पहल की गई है। उन्होंने शिशु के जन्म से लेकर पहले 1000 दिनों पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि शिशु के जन्म से 2 वर्ष की आयु तक शिशु




की मानसिक, बौद्धिक, सृजनात्मक एवं शारीरिक विकास तीव्रता से होता है जिसके मद्देनजर मिशन तृप्ति की शुरुआत जिला कांगड़ा में की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जन्म के बाद दो वर्ष की आयु तक बच्चों को आहार में क्या और कैसे दिया जाए, इसकी जानकारी अधिकतम लोगों को नहीं होती है। जानकारी के अभाव से भी शिशुओं को सही आहार नहीं मिल पाता और वे आगे चलकर कुपोषण का शिकार होते हैं। उन्होंने बताया कि इस मिशन के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स, सामाजिक संस्थाओं और पंचायतों के सहयोग से शिशुओं को दिए जाने वाले पूर्ण आहार की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी और परिवार वालों को जागरूक किया जाएगा।

### चार शिशुओं से की 'मेरी कटोरी' मुहिम की शुरुआत

**हेमराज** बैरवा ने चार शिशुओं से मेरी कटोरी मुहिम की शुरुआत भी की। उन्होंने बताया कि 'मेरी कटोरी' मिशन तृप्ति का ही एक घटक है। बहुत बार ऐसा होता है कि परिवार के सदस्य बच्चे को अपने साथ कुछ-कुछ खिलाते रहते हैं। इससे यह पता नहीं चल पाता कि शिशु ने कितना खाया और क्या-क्या खाया। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त खाना और पोषण मिले इसके लिए उनकी अलग कटोरी होना जरूरी है। इससे घर वाले यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उसने कितना भोजन प्राप्त किया। इसी पहल के अंतर्गत उपायुक्त ने चार बच्चों को 'मेरी कटोरी' के तहत खाने की कटोरी और गिलास दिया। इसके साथ ही छह माह की आयु पूर्ण करने वाले एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी उपायुक्त कार्यालय में किया।

# हिमकृषि योजना के तहत खर्च होंगे 251 लाख : डॉ. कुलदीप

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

कृषि उपनिदेशक जिला कांगड़ा डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि हिमकृषि योजना के अंतर्गत जिला कांगड़ा में इस वर्ष 251 लाख खर्च करने का प्रावधान है। हिमकृषि योजना के अंतर्गत जिला कांगड़ा के प्रत्येक विकास में लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल के 2 क्लस्टर चयनित किए गए हैं। इस योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार हिमकृषि योजना के अंतर्गत जिला कांगड़ा में 30 क्लस्टर चयनित किए गए है जिनमे किसानों की आवश्यकता के अनुसार बीज, कृषि उपकरण इत्यादि उपलब्ध करवाए जायेंगे ताकि उस क्लस्टर में फसल विविधीकरण मुख्यत: सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाये जिससे कि किसानों की आये में बढ़ोतरी हो सके। योजना के अंतर्गत जो भी कार्य किये जायेंगे उनकी रुपरेखा क्लस्टर स्तर की कमेटी द्वारा बनाई गई है, जिसमें कृषि प्रसार अधिकारियों के साथ-साथ उस क्लस्टर के किसान भी सदस्य हैं इसलिए, क्लस्टर कमेटी के सदस्य उस क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हुए कृषि कार्यों की रुपरेखा तैयार करें। क्लस्टर स्तर की कमेटियां युवा किसानों को खेती से रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें।

**कहा, किसानों को उपलब्ध करवाए जाएंगे बीज और कृषि उपकरण**

### पूर्व सैनिकों ने मनाया 77वां सेना दिवस

**अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत गांव करियाड़ा में पूर्व सैनिकों ने 77वां सेना दिवस बड़े उत्साह से मनाया। इसमें क्षेत्रभर के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रिटायर्ड कर्नल ठाकुर हेमराज ने बतौर चीफ गेस्ट शिरकत की और शहीदों की याद में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को याद किया गया।

# पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में कई स्ट्रीट लाइटें खराब

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में नगर निगम धर्मशाला की ओर से शहर में और हाईवे पर लाखों रुपए की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइटों का खस्ताहाल नहीं किया जा रहा है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं।

कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें दिनभर जलती रहती हैं और रात होते ही बुझ जाती हैं। स्थानीय लोगों की ओर से शिकायत दर्ज करने के बाद भी लाइटें दुरुस्त नहीं की जा रही हैं। रात को अंधेरा होने के कारण स्थानीय लोगों के साथ देश-विदेश से आ रहे पर्यटकों को भी भारी परेशानियों का सामना करने देखा जा रहा है। मैक्लोडगंज के मुख्य चौक, दलाई लामा टैंपल रोड में कई स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई हैं तथा शाम ढलते ही यह मार्ग अंधेरे में डूब जाते हैं। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि इन स्ट्रीट लाइटों को जल्द से ठीक किया जाए, ताकि उन्हें जो परेशानियां आ रही हैं वे दूर हो सकें। इस संबंध में नगर निगम धर्मशाला के मेयर नीनू शर्मा ने कहा कि मैक्लोडगंज में कहीं स्ट्रीट लाइट खराब है, उसे जल्द ठीक कर दिया जाएगा।



### उदय का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझीन के छात्र उदय डोगरा का 26 जनवरी को शिमला स्थित रिज पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हो गया है। सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रमेश जम्वाल ने बताया कि मझीन स्कूल के सात स्वयंसेवकों ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां जिला ऊना में आयोजित राजकीय मेगा शिविर में हिस्सा लिया था। सात छात्रों में से एक छात्र उदय डोगरा का चयन गणतंत्र दिवस परेड शिमला के लिए चयन हुआ है। स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए छात्र को शुभकामनाएं दी हैं। सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रमेश जम्वाल ने बताया कि इस मेगा शिविर में प्रदेश से 882 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनमें से कुल 100 स्वयंसेवकों का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है। कांगड़ा से 8 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है, इनमें एक छात्र मझीन स्कूल का है।

# गगल एयरपोर्ट पर मौसम विज्ञान विभाग ने मनाई 150वीं वर्षगांठ

**अनंत ज्ञान, गगल**

गगल एयरपोर्ट परिसर में बुधवार को मौसम विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों ने मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में एयरपोर्ट के अभियांत्रिकी सिविल प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मौसम विज्ञान विभाग के प्रभारी विपिन शर्मा ने शैलेश सिंह को एयरपोर्ट पर स्थापित आधुनिक उपकरणों के बारे में अवगत करवाया विपिन शर्मा ने कहा मौसम विज्ञान विभाग का एयरपोर्ट पर अहम रोल होता है। मौसम विज्ञान की स्थापना 1875 में हुई थी जिसके आज 150 वर्ष पूरे हो गए।



हवाई अड्डा प्राधिकरण के सभी अनुभागों के प्रमुख शनि आंचल,सी एस ओ और प्रभारी सीएनएस रवि यादव, प्रबंधक एटीएम राहुल त्यागी, प्रभारी इलेक्ट्रिक साहिल और इस हवाई अड्डे पर काम करने वाले अन्य विभागों के एयरलाइंस ऑपरेटरों ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विपिन शर्मा ने कहा कि इस समय हिमाचल में तीन डॉपलर मौसम रडार हैं, जिनमें से एक कुफरी शिमला, एक मारीरी देवी मंडी और तीसरा चंबा जिला के जोत में स्थापित है। प्रभारी ने बताया कि रडार की इमेज हर पंद्रह मिनट के बाद नई आती है। एयरपोर्ट पर स्थापित इसी सयंत्र से वर्षा और तापमान का भी अनुमान लगाया जाता है।

# 14.03 ग्राम चिट्टे सहित तस्कर गिरफ्तार

## कांगड़ा पुलिस की नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 83300 रुपए कैश भी किया बरामद

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हेरोइन रखने के मामले में एक 45 वर्षीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि तिलक राज उर्फ तिलू कई दिनों से पुलिस स्टेशन कांगड़ा की हिट लिस्ट में था। पुलिस सही मौके का इंतजार कर रही थी। उन्होंने बताया कि एसएचओ कांगड़ा संजीव की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई योगेश और



एएसआई भोगेंद्र ने अपनी टीम के साथ बीरता में तिलक के घर पर छापा मारा, जहां से 14.03 ग्राम हेरोइन और 83,300 रुपए नकद बरामद किए गए। अंकित शर्मा ने बताया कि तिलक राज के खिलाफ दंगे, हमले और मारपीट के मामलों से 16 मामले चल रहे हैं।

आरोपी को वर्ष 2023 में 24 ग्राम हेरोइन के साथ कांगड़ा पुलिस ने उठाया था और जमानत मिलने से पहले वह लगभग 40 दिनों तक सलाखों के पीछे था। पुलिस तिलक राज की सप्लाई चेन की जांच कर रही है और अन्य जुड़े लोगों को जल्द ही पकड़ने की उम्मीद है। आरोपी को वीरवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

### शहीद तिलक राज क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



शाहपुर। पुलवामा हमले में शहीद शाहपुर के धारकंडी निवासी तिलक राज की याद में हर साल शहीद तिलक राज युवा क्लब धेवा की ओर से कब्बडी, क्रिकेट और वॉलीबॉल के टूर्नामेंट करवाए जाते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को युवा क्लब की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया जा रहा है। इसका शुभारंभ उपप्रधान ओंकार सिंह ने किया। इसके लिए प्रति टीम 1100 रुपए रखी है। इसको लेकर युवा क्लब धेवा के सदस्य उपप्रधान ओंकार सिंह, सुरेश कुमार, सरताज, लक्की, संजय, रवि, रविंदर, विनोद जोगा राम और हैप्पी ने बताया कि नियम के अनुसार एक टीम का खिलाड़ी दूसरी टीम में नहीं। खेल सकता है। खेलते हुए अगर चोट लगती है तो उसकी जिम्मेदारी क्लब की नहीं होगी और एम्पायर का निर्णय अंतिम माना जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# उचित मूल्य की दुकानों के लिए 4 फरवरी तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, पुरषोतम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांगड़ा के दो विकास खण्डों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानें आबंटित की जानी हैं, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 फरवरी है। उन्होंने बताया कि विकास खंड देहरा की ग्राम पंचायत सुरानी के गांव छौंट वार्ड 5 और विकास खंड बैजनाथ की ग्राम पंचायत गदियाड़ा गांव गांधी ग्राम वार्ड 4 में उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जानी हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन आमन्त्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र पर वांछित दस्तावेजों सहित वेबसाइट पर 4 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद भेजे गए आवेदन-पत्र मान्य नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त किए जाएंगे तथा कोई भी आवेदन ऑफलाइन/हस्तचालित या कार्यालय में प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

आवेदन करते समय मांगे गए दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित (पढ़ने योग्य) प्रतियां ही अपलोड करें। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए विभाग के दूरभाष नंबर 01892-222877 पर सभी कार्य दिवस के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

**ये हैं जरूरी दस्तावेज**

**आवेदन** के साथ सहकारी सभा, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह इत्यादि का पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं वित्तीय प्रबन्ध प्रमाण, शिक्षित बेरोजगार प्रमाण पत्र, दसवीं का प्रमाण पत्र, उच्च शिक्षा का प्रमाण पत्र (यदि कोई हो), बीपीएल/ एससी/ ओबीसी/ एसटी का प्रमाण पत्र (यदि कोई हो)।

# चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सैन्य आक्रमण-नरसंहार पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

चीनी महिला अधिकार संगठन और वॉशिंगटन डीसी के तिब्बत कार्यालय ने संयुक्त रूप से आधुनिक तिब्बती इतिहास की चीनी विद्वान और लेखिका ली जियांगलिन के लिए वॉशिंगटन में एक स्मारक सेवा आयोजित की। जानकारी के अनुसार उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठित चीनी विद्वान के योगदान को याद किया, जिसमें विशेष रूप से तिब्बती इतिहास में उनके शोध ने कई पाठकों को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सैन्य आक्रमण के बारे में सच्चाई को समझने में मदद की। इसमें नरसंहार और विनाश भी शामिल है, जिसे सीसीपी सरकार ने छिपाने का प्रयास किया था। तिब्बत कार्यालय के चीनी संपर्क अधिकारी त्सुल्तिम ग्यात्सो ने आधुनिक तिब्बती इतिहास पर ली जियांगलिन की कई रचनाओं का परिचय दिया, जिनमें ल्हासा 1959 हेन आयरन बर्ड्स फ्लाई इन द स्काई और श्री लाइन्स इन वन लाइफटाइम शामिल हैं। इन रचनाओं ने कई चीनी और अंतरराष्ट्रीय पाठकों को कम्युनिस्ट आक्रमण के दौरान नरसंहार और विनाश के इतिहास को समझने में मदद की।

# पारस स्कूल के आनव ने राष्ट्र स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**राकेश डोगरा, डरोह**

राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय अंकुराष्ट्र कराटे प्रतियोगिता का आयोजन धर्मशाला में हुआ था। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पारस पब्लिक स्कूल भवारना के तीन छात्र-छात्राओं आनव कक्षा दूसरी,आस्था शर्मा और शाईली कक्षा आठवीं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में आनव ने स्वर्ण पदक, आस्था शर्मा ने रजत



पदक और शाईली ने कांस्य पदक हासिल करके हिमाचल का नाम पूरे देश में रोशन किया। विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व भविष्य में इस दिशा में और उन्नति करने की प्रेरणा दी। (अनंत ज्ञान)

### कृषि सेवा सभा लोअर बठरा का चुनाव कल

**अनंत ज्ञान डाडासीबा।** दी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित लोअर बठरा की प्रबंधक कमेटी का चुनाव 17 फरवरी को होगा। सभा के सचिव संदीप शर्मा ने बताया कि नामांकन पत्र 4 फरवरी को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भरे जाएंगे। वहीं, 7 फरवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्रों की वापसी होगी। उसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे। 17 फरवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे। उसके बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा शनिवार 18 जनवरी को आयोजित की जाएगी। कार्यकारी प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 18 जनवरी को सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक जिला कांगड़ा में स्थापित 29 केंद्रों में परीक्षा ली जाएगी। आवेदन करने वाले विद्यार्थी और उनके अभिभावकों से इसके लिए समय से सभी तैयारियां पूरी करने की अपील की है।

# ट्रेजरी को 80 करोड़ ऊंट के मुंह में जीरा

## परमार बोले, प्रदेश में अराजकता की स्थिति, 2 महीने से बंद है ट्रेजरी

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने ट्रेजरी को 80 करोड़ जारी करना ऊंट के मुंह में जीरा बताया है। उन्होंने कहा कि इस पैसों से तो जिला कांगड़ा के ठेकेदारों का भी भुगतान होना असंभव है, जबकि सुक्खू सरकार की नाकामियों की वजह से अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि पिछले दो महीने से प्रदेश की ट्रेजरी अघोषित रूप से बंद है, लोग सरकार से अपने पैसे भी वापस नहीं पा रहे हैं। ट्रेजरी से हर प्रकार के भुगतान रुके हैं,



जिसकी वजह से प्रदेश का नुकसान हो रहा है।

प्रदेश में आज तक ऐसी स्थिति कभी नहीं आई कि इस प्रकार से अघोषित रूप से ट्रेजरी बंद करनी पड़ी हो और आम जनमानस से लेकर तमाम सेवाओं के वेंडर्स के भुगतान रुके पड़े हों। जरूरी दवाओं की सप्लाई भी दवा सप्लायरों ने रोक दी हो। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार वह सारे काम कर रही है जो एक नाकाम सरकार की निशानी होती है। प्रदेश के लोगों को परेशान करने के बाद भी यह सरकार व्यवस्था परिवर्तन का हवाला देकर वाहवाही लूटनक कर कोशिशें कर रही है। उन्होंने कहा सुक्खू सरकार व्यवस्था पतन की सरकार है जिसकी नाकामी की कीमत पूरे प्रदेश के लोग चुका रहे हैं। परमार ने कहा कि इस समय पूरा प्रदेश में विकास के काम ठप पड़े हैं। स्कूल जैसे संस्थानों को बंद किया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सरकार बर्बाद करने पर आमादा है। सुख की सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था का जिस प्रकार बेड़ागर्क हुआ है वह पूरे प्रदेश से छुपा नहीं है। दवाइयों के पैसे मांगते-मांगते दवा सप्लायरों ने दवाओं की सप्लाई भी अस्पताल में बंद कर दी है। हिमकेयर के भुगतान रोके जाने की वजह से प्रदेश वासियों को मिलने वाले निशुल्क इलाज का रास्ता सरकार बंद कर चुकी है।

**कार्यक्रम**

## हिमाचल के विद्यार्थियों ने केंद्र में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ नेताओं से किया संवाद

# छात्रों ने विकसित भारत के लिए रखे अपने विचार

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

केंद्रीय युवा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, 2025' के तहत नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश से गया विद्यार्थियों का दल लौट आया है। इस कार्यक्रम के लिए हिमाचल प्रदेश की नोडल एजेंसी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 39 विद्यार्थी शामिल हुए।

इस दल में हिमाचल के विभिन्न निजी और सरकारी शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थी शामिल रहे। इस कार्यक्रम में पूरे भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 30 लाख विद्यार्थियों ने भाग



लिया। कार्यक्रम में तीन हजार प्रतिभागी ही चयनित होकर पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अपने राज्य की ओर से भाग लिया। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार सुनने का अवसर मिला। विद्यार्थियों के अनुसार इतने प्रतिभागियों के समक्ष हिमाचल की ओर से प्रतिनिधित्व करने का उन्हें सुनहरा अवसर मिला। यह एक ऐसा मंच था जहां पर सभी प्रतिभागी एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे थे। चुने गए 39 विद्यार्थियों में से चार विद्यार्थियों को आगे हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। इनमें से सरकारी कॉलेज संजौली शिमला से सूरज, डिग्री कॉलेज धर्मशाला से वैष्णवी डोगरा और फार्मेसी कालेज रोहड़ू से नीतिन शामिल रहे। वहीं, अंतिम चरण के लिए फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू से अनंव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का अवसर मिला। अनंव के अनुसार यह अवसर उनके लिए अनमोल रहा। प्रधानमंत्री को अभी तक देखा और सुना था, लेकिन जब पास जाकर बात करने का अवसर मिला वो क्षण रोमांचित करने वाला रहा।

कार्यक्रम के दौरान हिमाचल के दल को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर, राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी, सांसद वीरेंद्र कश्यप से मिलने का मौका मिला। हिमाचल प्रदेश से चुने गए 39 विद्यार्थियों ने भारत मंडपम में हुई पीपीटी के माध्यम से अपने विचार विशेषज्ञों के समक्ष रखे। इस दौरान विद्यार्थियों ने विकसित भारत के लिए तकनीक, विकास भी-विरासत भी, विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना, कृषि में उत्पादकता बढ़ाना, भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी बनाना, भारत को एक स्पोर्टिंग और फिट राष्ट्र बनाना, भारत को वैश्विक विनिर्माण पावरहाउस बनाना, भारत को ऊर्जा कुशल बनाना, भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण, महिलाओं को सशक्त बनाना और सामाजिक संकेतकों में सुधार करना विषयों पर व्यक्तिगत प्रस्तुतिकरण दिया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सब-स्टेशन सिद्धपुर के तहत आज पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि 33/11 केवी सब स्टेशन सिद्धपुर में स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते 16 जनवरी (वीरवार) को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक होडल, सुक्कड़, सुक्कड़ चौक के आस पास के क्षेत्र, सेक्रेड हार्ट स्कूल और फतेहपुर चौक के आस पास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

### व्यक्ति से 113 ग्राम चरस और नकदी बरामद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत बैजनाथ पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। थाना प्रभारी मुनीष कुमार के अनुसार महाकाल गांव के एक व्यक्ति से 113 ग्राम चरस तथा 14000 की नकद राशि भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से पुलिस को शिकायत मिल रही थी की उक्त गांव वासी चरस के कारोबार में संलिप्त है। ऐसे में पुलिस में गुप्त सूचना के बाद महाकाल निवासी राजीव राणा से चरस बरामद की है। उल्लेखनीय है कि उक्त व्यक्ति लंबे समय से पुलिस के रडार पर था। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कोर्ट में चालान पेश किया जा रहा है।

### 6,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत रठां पट्टी में सतपाल निवासी बोधल डाकघर पाहड़ा तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा से 6,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1) आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है।

### सीएम के समक्ष रखेंगे नूरपुर की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** मुख्यमंत्री के 19 जनवरी को संभावित दौरे को लेकर नूरपुर विधायक रणवीर सिंह ने निक्का ने पत्रकारों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस सरकार ने नूरपुर विधानसभा को नजरअंदाज किया है, वह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नूरपुर दौरे के दौरान वो नूरपुर की प्रमुख मांगें, जिनमे नूरपुर का अस्पताल हो, कॉलेज भवन का निर्माण कार्य हो या फिर नूरपुर चौगान में बना इंडोर स्टेडियम हो, इन सब मांगों को वह मुख्यमंत्री के सम्मुख रखेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़के भी बदहाल स्थिति है और उनके सुधारीकरण की मांग भी मुख्यमंत्री के आगे रखी जाएगी। हाल ही नूरपुर से दो डॉक्टर्स के डेपुटेशन पर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह एक चिंता का विषय है क्योंकि नूरपुर अस्पताल ना केवल नूरपुर विधानसभा बल्कि साथ लगती इंदौरा,फतेहपुर, जवाली और भटियात विधानसभा को भी सेवा प्रदान करता है ऐसे में होना यह चाहिए था कि अस्पताल में पहले से खाली चल रहे पदों को भरा जाए लेकिन जहां से दो डॉक्टरों को डेपुटेशन में भेजकर इस सरकार ने नूरपुर के साथ अपने सौतेले व्यवहार को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस स्थिति से भी अवगत कराया जाएगा और नूरपुर में डॉक्टरों की तैनाती को सुनिश्चित करने की मांग रखेंगे।



### कबड्डी में परागपुर की टीम बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर में गत दिवस मंगलवार को छोटी कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा दंगल कमेटी अपर परागपुर की ओर से हुए इस आयोजन में आसपास के क्षेत्र के बच्चों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छोटी कुश्ती के विजेता लव शर्मा को 1,100 रुपये और उपविजेता हन्नी को 501 रुपए की धनराशि इनाम स्वरूप दी गई। वहीं, कबड्डी की विजेता टीम परागपुर को 1,100 रुपए और उपविजेता टीम बडूईं को 1,000 रुपए की धनराशि दी गई। दंगल कमेटी के सदस्य दीपक पटियाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना को बढ़ावा देना और उन्हें प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करना था।

# समाज के हर वर्ग को जोड़ते हैं उत्सव और पर्व : बाली

## शोभायात्रा के साथ हुआ नगरकोट मकर संक्रांति पर्व की दूसरी सांस्कृतिक संध्या का आगाज

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



नगरकोट मकर संक्रांति पर्व की दूसरी सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत बुधवार को शोभायात्रा से हुई। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा यहां संपन्न हुई। मंदिर से शोभायात्रा का प्रारंभ हुआ और माता की ज्योति की स्थापना नगर परिषद मैदान में की गई। इसके बाद आरएस बाली ने बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा के जिला स्तरीय मकर संक्रांति घृतमंडल मंडल पर्व के दौरान आयोजित दूसरी सांस्कृतिक संध्या में भी बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

बाली ने कहा कि हमारे पर्व और उत्सव समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़कर एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि हर अवसर को हम लोग उत्सव और त्योहार के रूप में मनाता है और यही कारण है कि पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति सबसे जीवंत और भारतीय समाज सबसे समरस है। उन्होंने कहा कि मां बज्रेश्वरी के प्रांगण में हो रहा यह उत्सव एक सकारात्मक उर्जा देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का हमेशा पुर्ण प्रयास रहता है कि हमारी संस्कृति को संजोए रखने वाले ऐसे उत्सवों में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि इसी कारण प्रदेश में हर वर्ष ऐसे मेले एक भव्य उत्सव का रूप लेते हैं।


उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने के लिए संकल्पि है। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने की दिशा में सरकार द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन राजधानी बनने से हमारी स्थानीय संस्कृति और कलाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने एसडीएम कांगड़ा, मंदिर प्रशासन और ट्रस्ट सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, मंदिर अधिकारी नीलम राणा, जिला भाषा अधिकारी अमित गुलेरी, तहसीलदार पूजा, मंदिर जेई विजय कुमार, ट्रस्ट सदस्य अशोक हिमाचली, उमाकांत, सदन और माता के हजारों भक्त मौजूद रहे।

### इन कलाकारों ने दीं प्रस्तुतियां

**कांगड़ा** के नगर परिषद मैदान में 15 जनवरी को आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के सुप्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबको मंत्र मुग्ध किया। इसके अवाला अन्य स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुती से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के सुरक्षाकर्मी भी अपने दायित्व निभा रहे थे।

# मक्खन की पिंडी देखने को बज्रेश्वरी मंदिर में उमड़ी मां के भक्तों की भीड़

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



देशभर से हजारों श्रद्धालु मंगलवार को बज्रेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने और मकर संक्राति पर्व की पूर्व संध्या पर देवी की 21 क्विंटल मक्खन की पिंडी बनाने की प्रक्रिया देखने पहुंचे। बुधवार सुबह से ही दूसरे प्रदेशों से व स्थानीय लोगों ने मंदिर का रुख किया तथा मां का अशीर्वाद लिया। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार जब देवी राक्षसों से युद्ध के दौरान घायल हो गई थी, तो मकर संक्रांति के दिन देवताओं ने उनके घावी पर मक्खन लगाया था। उन्होंने बताया कि मक्खन एक सप्ताह तक पिंडी पर रहेगा और 20 जनवरी की सुबह इसे हटा दिया जाएगा। मंदिर के अधिकारियों को दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, आगरा, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात के भक्तों से भी मिला है। स्थानीय लोगों ने भी घी दिया है। घी निकालने के बाद इसे भक्तों में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।

# पूर्व सैनिक और वीर नारियां भारतीय सेना का अभिन्न अंग : राजन शेरावत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**



भारतीय सेना द्वारा देशभर में वेटरंस डे मनाया गया, वहीं राइजिंग स्टार कोर द्वारा 21 सब एरिया की वेटरंस शाखा के सहयोग से 9वें वेटरंस डे पर लेफ्टिनेंट कर्नल कमान सिंह ऑडिटोरियम में सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर संजीव सहारन वीएसएम अध्यक्षता में पूर्व सैनिक मिलन व वीर नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राइजिंग स्टार कोर के जीओसी मेजर जनरल राजन शेरावत एवीएसएम, वीएसएम बतौर मुख्य मेहमान शामिल हुए।

इनके अलावा सीनियर वेटरन रिटायर्ड मेजर जनरल एसके खजूरिया, रिटायर्ड एयर वाइस मार्शल पीएस मल्ही, रिटायर्ड ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह, रिटायर्ड ब्रिगेडियर प्रह्लाद सिंह, रिटायर्ड कर्नल तीर्थ सिंह वीर चक्र, बलिदानी लेफ्टिनेंट गुरदीप सलारिया शौर्य चक्र के पिता व शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष कर्नल सागर सिंह सलारिया, महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह विक्की, बलिदानी मेजर विवेक भंदराल सेना मेडल के पिता कर्नल पीएस भंदराल के अलावा ब्रिगेडियर व कर्नल रैंक के अन्य सैन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों ने विशेष तौर पर शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। मुख्यातिथि रिटायर्ड मेजर जनरल शरावत द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक और वीर नारियां भारतीय सेना का अभिन्न अंग हैं। कार्यक्रम में 18 नॉन पेंशनर्स को किए 21-21 हजार रुपए के चेक व 14 दिव्यांग पूर्व सैनिकों को दिए मोडिफाइड स्कूटर भेंट किए।

# बैजनाथ भाजपा को मिले मंडल अध्यक्ष

## सुरिंद्र कपूर को अपर और सुरेंद्र राणा को लोअर क्षेत्र की कमान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



आखिरकार लंबे इंतजार के बाद बैजनाथ भाजपा को अपने नए मंडल अध्यक्ष मिल गए हैं। ऊपरी क्षेत्र से बरसों से भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता सुरिंद्र कपूर निवासी भट्टू को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। सुरिंद्र कपूर दो बार भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री, दो बार जिला महामंत्री प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा एक बार भट्टू पंचायत के उपप्रधान भी रह चुके हैं । जहां तक निचले क्षेत्र का सवाल है वहां पर ढंडोल पंचायत फिर संबंध रखने वाले मौजूदा समय में चौबिन वार्ड के जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र राणा उर्फ बबलू को सौंपी गई है। गौरलतब है कि भाजपा में मंडल अध्यक्ष बनाने की कवायद दिसंबर महीने के प्रथम सप्ताह में हो गई थी, परंतु 2024 बीत जाने के बाद भी आपसी कशमकश के चलते अध्यक्ष पर कोई भी सहमति नहीं बन पा रही थी। इस बीच गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर भी पार्टी के इस मसले को हल करने के लिए बैजनाथ पहुंचे थे। उन्होंने काफी हद तक सहमति बना ली थी, परंतु पूरी सहमति नहीं बना पाए थे। मौके की नजाकत को देखते हुए आज प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार बैजनाथ पहुंचे तथा भारी सूझबूझ के चलते उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत करके सुरिंद्र कपूर को ऊपरी क्षेत्र से तथा सुरेंद्र राणा उर्फ बबलू को सर्वसम्मति से निचले क्षेत्र अध्यक्ष पद की कमान सौंप दी गई।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विपिन सिंह परमार ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है तथा यहां पर हर एक कार्यकर्ता अध्यक्ष बनने की कबायद रखता है । इसलिए कौन अध्यक्ष बना है मसाला यह नहीं है अब पार्टी को 2027 चुनावों में सत्तासीन करना ही मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की की मंडल के चुनाव हो चुके हैं अब सभी को पार्टी की गतिविधियों को और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जुट जाना है। नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर ने कहा पार्टी उनके लिए सर्वोपरि है तथा भी पार्टी की बेहतरी के लिए हमेशा काम करते रहेंगे। पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी होती है उसे पर भी खडा उतरने का प्रयास करेंगे तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## नूरपुर भाजपा के तीनों मंडलों के चुनाव संपन्न

# जसूर से सुशील, भड़वार से अनूप सदवां से राहुल बने मंडल अध्यक्ष



**भूषण शर्मा, नूरपुर**

कई दिनों से नूरपुर के नवगठित ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव की घोषणा बुधवार को की गई। कांगड़ा के विधायक और नूरपुर के चुनाव प्रभारी पवन काजल ने पार्टी कार्यालय में इन नामों की घोषणा की। नूरपुर ब्लॉक से तीन मंडलों का गठन किया गया था, जिसमें जसूर ब्लॉक से सुशील चौधरी, सदवां से राहुल कालिया और भड़वार से अनूप राणा को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पवन काजल ने जानकारी देते हुए कहा कि अब पूरे प्रदेश में 171 मंडलों में से 160 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है और बाकी के बचे 16 मंडलों के अध्यक्षो के नामों की भी एक दो दिन में घोषणा कर दी जाएगी।

पवन काजल ने बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत आठ लाख से बढ़कर अब 18 लाख नए सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ली है। उन्होंने कहा कि तीन महीने से चल रहा संगठन पर्व अब अगले चरण में जाएगा जहां प्रदेश अध्यक्ष के साथ साथ मंडल और जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# जवाली से डॉ. राजिंदर, कोटला से रणजीत और नगरोटा से धीरज अत्री चुने मंडलाध्यक्ष

**अनिल छांगू, जवाली**



जवाली विधानसभा क्षेत्र भाजपा मंडलाध्यक्षों की नियुक्तियां हो गईं। विस क्षेत्र जवाली के अधीन जवाली, कोटला व नगरोटा सूरियां में मंडलाध्यक्ष नियुक्त किए गए। जवाली से डॉ. राजिंदर सिंह, कोटला से रणजीत सिंह व नगरोटा सूरियां से धीरज अत्री को मंडलाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा नेता संजय गुलेरिया की देखरेख में संगठन पर्व सहयोगी संजीव देष्टा प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष द्वारा मंडलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई। मंडलाध्यक्ष की नियुक्तियों में हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है। जवाली से सामान्य वर्ग, कोटला से एससी/एसटी वर्ग तथा नगरोटा सूरियां से ओबीसी वर्ग को तवज्जो दी गई है। नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों को भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने हार पहनाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त मंडलाध्यक्ष डॉ. राजिंदर सिंह, रणजीत सिंह व धीरज अत्री ने कहा कि हमें जो दायित्व दिया गया है, उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत को सुनिश्चित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए भाजपा हाईकमान का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)

### अशोक वशिष्ठ बने धारकंडी मंडल के अध्यक्ष

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा नेता अशोक कुमार वशिष्ठ को भाजपा धारकंडी मंडल का अध्यक्ष चुना गया। बुधवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा की देखरेख में हुई बैठक में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा धारकंडी मंडल अध्यक्ष की घोषणा की गई। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा तीन मंडल बनाए गए हैं, जिनमें शाहपुर मंडल से अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा तथा लदबाड़ा मंडल से अध्यक्ष सीमा चौधरी को चुना गया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, शाहपुर मंडल अध्यक्ष रवि दत शमा, लदबाड़ा मंडल अध्यक्ष सीमा चौधरी, कमल शर्मा, अश्वनी शास्त्री, सीमा रानी, वोह से शम शेर, सुरजीत सिंह, अमरीश परमार, जसविंदर, केशव शर्मा सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



# बैजनाथ में राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस के लिए तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 25 जनवरी को बैजनाथ में राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के शिरकत करेंगे। बैजनाथ के इतिहास में यह पहला मौका है कि कोई प्रदेश का मुख्यमंत्री इस तरह के राज्य स्तरीय सम्मेलन में विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत कर रहा हो। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है तथा प्रशासन की ओर से तैयारी भी आरंभ कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री 25 जनवरी को धर्मशाला से हवाई मार्ग से पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। उसके बाद सड़क मार्ग से 11 बजे पहुंचेंगे और इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ में राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न एनसीसी पुलिस और अर्ध सैनिक टुकड़ियों की सलामी लेंगे। स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री इस दिन 9 करोड़ की लागत से निर्मित बीड स्थित पैराग्लाइडिंग स्कूल, पर्यटन विभाग द्वारा 6 करोड़ की लागत से बीड में निर्मित दो बहुमंजिलापार्किंग के उद्घाटन के अलावा नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला के लिए जल शक्ति विभाग की अम्रुत योजना के तहत हाल ही में स्वीकृत 44 करोड़ की पेयजल योजना, विद्युत विभाग के 33-11केवी विद्युत सबस्टेशन बीड तथा उतराला कुम्हारडा सड़क का शिलान्यास भी करेंगे। प्रदेश की जनता विशेषकर कर्मचारियों को 25 जनवरी को कोई बड़ी घोषणा की आस लगाए रखते हैं ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इन वर्गों के लिए मुख्यमंत्री कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं। एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने बताया कि जिलाधीश और प्रदेश सरकार के निर्देशन पर मुख्यमंत्री को दौरे को लेकर विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

**अनावरण** जिप सदस्य राहुल ने महाराणा प्रताप भवन के लिए 2 लाख देने की घोषणा की

# बलीर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



- जिप सदस्य ने महाराणा प्रताप युवा क्लब को भेंट किए 51 हजार रुपए
- विजय बाकोलिया ने 31000 रुपए किए भेंट

इंदौरा उपमंडल के अंतर्गत आती पंचायत बलीर में युवाओं द्वारा महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर इलाके के राजपूत समाज के युवा, बुजुर्गों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली बलीर पंचायत से शुरू होकर इंदौरा के विभिन्न स्थानों से होते हुए मलौट, राजाखासा, चनोर कंदरोड़ी, डमताल, मोहटली, चोचर के रास्ते बलीर में समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्यातिथि जिला परिषद सदस्य राहुल पठानिया ने युवाओं को प्रोत्साहन देते हुए 2 लाख की राशि महाराणा प्रताप भवन के लिए महाराणा प्रताप युवा क्लब के सदस्यों को भेंट की इसके साथ ही 51000 की राशि क्लब के सदस्यों को भेंट की। वहीं, रॉयल शू कंपनी के मलिक विजय बाकोलिया ने 31000 की धनराशि महाराणा प्रताप क्लब के सदस्यों को भेंट की।

वहीं, राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष करण सिंह जसरोटिया द्वारा 51000 की राशि क्लब के सदस्यों को भेंट की गई। पंचायत प्रधान बलबीर सिंह, प्रधान शेखपुरा पंचायत सुधीर पठानिया, पूर्व प्रधान उत्तम सिंह, आदि सैकड़ों लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर राहुल पठानिया ने कहा के इस मूर्ति निर्माण के लिए 6 लाख रुपए की लागत आई है तथा यह हमारी विरासत के लिए एक युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है, जिन्होंने हमारे देश के लिए हमें जिंदा रखने के लिए अपने बलिदान देकर इस समाज की रक्षा की उन्होंने इस मौके पर युवाओं से आवाहन किया कि वह पार्टी से किसी भी पार्टी से ऊपर उठकर सनातन धर्म के लिए प्रचार करें, ताकि हिंदू धर्म को जो के विश्व का सबसे बड़ा धर्म है, उसको जीवित रखा जा सके। (अनंत ज्ञान)

# धीरा के अर्शित सूद ने चमकाया प्रदेश और सुलह क्षेत्र का नाम

**राकेश डोगरा, डरोह**

- विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम में हिमाचल का किया प्रतिनिधित्व



उपमंडल धीरा के 18 वर्षीय अर्शित सूद ने प्रदेश सहित अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने नई दिल्ली के मंडपम में बीते दिनों आयोजित भारत युवा संवाद कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। इस कार्यक्रम में पूरे भारत वर्ष के लगभग 3 हजार युवा विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसका मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार ने जो भारत को 2047 में विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है उस पर देश के युवाओं के क्या क्या विचार हैं, उन्हें बारीकी से जानने का था और फिर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने प्रस्तुत करना था। यह कुल तीन दिनों का कार्यक्रम था जो कि 10 से 12 जनवरी तक आयोजित हुआ था। इस कार्यक्रम के पहले युवाओं द्वारा अपने विचार दिए गए, दूसरे दिन 10 अलग अलग विषयों पर संबंधित इलाके के आए हुए डोमेन एक्सपर्ट्स के सामने अपने विचारों को रखना था तथा अंतिम दिन उन डोमेन एक्सपर्ट्स द्वारा दिए गए विचारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने प्रस्तुत करना था। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अर्शित ने पूरे भारत वर्ष के 30 लाख युवाओं में अपनी जगह को सुनिश्चित किया था। सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उपमंडल धीरा के गगन सूद और इंदु सूद के घर जन्में अर्शित सूद वर्तमान में केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला से बीए हाउनोर्स के दूसरे सेमेस्टर के छात्र हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 16-17 को करवाएं बिजली के मीटरों की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सहायक अधिशाषी अभियंता विद्युत उपमण्डल नंबर-एक विनोद ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी विद्युत उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी 16 व 17 जनवरी को की जाएगी। उन्होने बताया कि 16 व 17 जनवरी को नीटू कुमार घाघस, विजय कुमार पंजगाई व मोहित अवस्थी बैरी विद्युत-अनुभाग कार्यालय में ई-केवाईसी करेगें। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि निर्धारित तिथि को विद्युत-अनुभाग कार्यालय-एक के सार्वजनिक कार्यालय में उपभोक्ता अपने साथ बिल व आधार कार्ड लेकर आएं। उन्होने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता की मृत्यु हो चुकी है तो परिवार से किसी भी एक सदस्य का आधार कार्ड साथ लेकर आए। यदि कोई उपभोक्ता ईकेवाईसी नहीं करवाता है तो भविष्य में मिलने वाले उनके सभी वित्तीय लाभ (सब्सिडी) बंद हो जाएगी, जिसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9817507773, 9459978276, 8580537151 पर संपर्क कर सकते है।

### पैर फिसलकर व्यक्ति की गिरने से मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस चौकी खारसी के तहत आने वाले गौड़ी में एक अधेड़ की गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 66 वर्षीय ठाकुर दास निवासी गौड़ी जिला बिलासपुर अपने घर से खेतों में प्याज लगाने जा रहा था कि घर से कुछ ही दूरी पर रास्ते में पैर फिसलने से 500 फुट नीचे गिर गया। अधेड़ के गिरने की सूचना मिलते ही परिजन उन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल मारकंड लेकर आए। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस चौकी खारसी की टीम नागरिक अस्पताल पहुंची तथा मृतक के तीनों बेटों के बयान कलमबद्ध किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि थाना बरमाणा में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की छानबीन की जा रही है।

### स्वास्थ्य केंद्र दबट को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर श्री नैना देवी डॉक्टर एसएस बावा ने बताया कि ब्लॉक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी), डबट ने वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन प्राप्त कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि यह प्रमाणन दबट केंद्र की गुणवत्तापूर्ण और मरीज केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं की मान्यता देने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाणन, स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्टता का सर्वोच्च मानक है, जो केंद्र द्वारा सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, मरीजों की सुरक्षा और समग्र स्वास्थ्य देखभाल में सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रमाणन के लिए दबट केंद्र को एक कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। राज्य-नियुक्त विशेषज्ञों द्वारा केंद्र का बाहरी निरीक्षण किया गया और सभी निर्धारित मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे की मजबूती और मरीजों की संतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि इस सफलता में स्वास्थ्य कार्यकर्ता रीता राणा और सीएचओ पूनम का विशेष योगदान रहा है। उनकी समर्पण भावना और कड़ी मेहनत ने केंद्र को इस ऊंचाई तक पहुंचाया। इसके साथ ही बीएमओ कार्यालय और जिला गुणवत्ता सलाहकार का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। सीएमओ बिलासपुर, डॉ. परवीन चौधरी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रमाण स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता और कुशलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने दबट केंद्र की पूरी टीम को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रमाण न केवल दबट केंद्र के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और यह स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

### मंडी साक्षरता समिति प्रदेश भर में प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जमीनी स्तर पर लोगों के बीच कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्था मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति ने एक बार फिर अपना परचम फहराया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम 2019-2024 के तहत पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर पर वित्तीय साक्षरता



केंद्र सीएफएल सेंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है, जिसमें मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल कर प्रदेश में अव्वल रही है। हिमाचल प्रदेश में भी विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से यह योजना चलाई जा रही है। मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति को मंडी, हमीरपुर व कुल्लू जिला का कार्य सौंपा गया है। जबकि शेष हिमाचल का कार्य तीन अन्य संस्थाओं को दिया गया है। जिसमें मंडी साक्षरता समिति की ओर से वित्तीय साक्षरता केंद्र परियोजना के माध्यम से अब तक 2,63,358 लोगों तक पहुंच बनाई गई है। जिसमें से 8126 लोगों के बचत खाते खोले गए,1410 बंद बैंक खाते चालू किए, 54714 लोगों को सामाजिक सुरक्षा, 1599 लोगों को लोन, 1638 लोगों को पेंशन, 5667 लोगों के एटीएम, 1463 लोगों को अन्य सरकारी स्कीमों में, 41465 लोगों को डिजिटल लेनदेन के साथ जोड़ने का कार्य किया है।

# फेसबुक पर बंदूक-कारतूस के साथ युवक की वीडियो वायरल, गिरफ्तार

## बिलासपुर जिले में गुंडातत्वों की बढ़ रही संख्या, जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- चांदपुर निवासी युवक को पुलिस ने सारी जांच पड़ताल करने के बाद किया गिरफ्तार
- अभी कुछ दिन पहले भी इसी तरह के एक मामले में दो युवकों को किया था गिरफ्तार



फेसबुक पर एक युवक द्वारा बंदूक में कारतूस डालते हुए का वीडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उक्त युवक ने अपनी फेसबुक पर बंदूक के साथ वीडियो डाली हुई थी और उस बंदूक में वह कारतूस भी डाल रहा था, जिसके आधार पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर आर्मस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

जानकारी के अनुसार थाना सदर पुलिस गश्त कर रही थी। जब पुलिस बामटा चौक पर पहुंची तो किसी ने गुप्त सूचना दी कि एक युवक ने लोगों में दहशत फैलाने के उद्देश्य से अपनी फेसबुक पर बंदूक में रौंद डालने का फोटो वायरल किया है। पुलिस ने जब संबंधित फेसबुक की छानबीन की तो उसे सही पाया गया। जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए किवती ठाकुर निवासी तरेड़ डाकघर चांदपुर तहसील सदर जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि अभी हाल में ही घुमारवीं थाना के तहत भी दो युवकों को इस तरह के जुड़े वीडियो मामले में गिरफ्तार गया था। जिसमें युवक एक जंगल में रौंद चलाते हुए वीडियो बना रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत प्रभाव से युवकों को गिरफ्तार किया और मामले की जांच की गई।

वहीं, अब कुछ दिन के भीतर इस तरह से जुड़ा एक और मामला सामने आने से पुलिस प्रशासन भी अब अलर्ट हो गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जिस तरह से जिला में इस तरह की वीडियो वायरल हो रही है, ऐसे में पुलिस अब इस तरह से सोशल मीडिया में वीडियो डालने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करेगी। क्योंकि इस तरह से वीडियो डालने से लोगों में दहशत और माहौल खराब हो रहा है। जिसके चलते इस तरह से कार्रवाई करना जरूरी हैं।

**क्या कहते हैं डीएसपी**

**उधर,** पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति इस तरह से हथियारों के साथ वीडियो और फोटो फेसबुक पर शेयर करता है तो उसके खिलाफ पुलिस मामला दर्ज करेगी और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## किसानों ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर की नारेबाजी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- किसानों की जमीनों की कुर्की बंद नहीं की तो बैंक का करेंगे घेराव

अखिल भारतीय किसान सभा हिमाचल इकाई ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के अंदर किसानों के ऋणों का वन टाइम सैटलमेंट के आधार पर हल नहीं किया और किसानों की जमीनों की कुर्की बंद न की तो सभा बैंक का घेराव करने पर मजबूर होगी।

परिधि गृह बिलासपुर में आयोजित बैठक में सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक केके कौशल ने कहा कि किसानों ने अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक से ऋण लिया था, लेकिन कुछ किसान समय पर इसकी अदायगी नहीं कर पाए। जिस पर संबंधित बैंक प्रबंधन ने जिला में 12 किसानों की जमीनों को कुर्क कर दिया है, जबकि 200 किसानों की जमीनों को कुर्क करने की तैयारी कर रखी है।

उन्होंने बताया कि कुलदीप कुमार निवासी सायर ने इस बैंक से 4 लाख 90 हजार का ऋण लिया था तथा बैंक ने इस ऋण को ब्याज सहित 10 लाख 77 हजार 544 रुपए लौटाने का फरमान जारी किया है। बैंक द्वारा मूलधन से ज्यादा ब्याज वसूला जा रहा है। अन्य बैंक तो वन टाइम सैटलमेंट के आधार पर ऋणों का निपटारा कर रहे हैं, लेकिन संबंधित बैंक ऐसा नहीं कर रहा है।

वहीं, प्रवेश चंदेल ने कहा कि सभा किसानों के हितों से किसी प्रकार का कुठाराघात सहन नहीं करेगी। इस मामले को लेकर जहां सड़कों पर उतरकर विरोध किया जाएगा और अदालत में भी चुनौती दी जाएगी। इस अवसर पर किसानों ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की तथा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया।

## झंडूता में फिर हांफी एचआरटीसी की बस

**गोपाल कपिल, झंडूता।** प्रदेश की सुक्खू सरकार प्रदेश में हुए विकास कार्यों को इन दिनों गिनवाते नहीं थक रही है। लेकिन, जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। मामला देर शाम के करीब 7 बजे का है। जब रिकांगपिओ डिपो की बस देर शाम के समय झंडूता उपमंडल के मुख्य बाजार में अचानक खड़ी हो गई। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बता दें कि जैसे ही बस झंडूता बाजार में पहुंची तो अचानक बंद हो गई। जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों को 2 घंटे ऐसे ही बस के ठीक होने का इंतजार करना पड़ा, लेकिन बस ठीक नहीं हुई। यात्री निजी टैक्सी से अपने गंतव्य तक पहुंचे। सवारियों का कहना था कि इससे पहले भी एचआरटीसी बसों के खराब होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन उसके बावजूद भी एचआरटीसी विभाग खस्ताहाल बसों को लंबे रूटों पर भेज रहा है। सवारियों ने प्रदेश सरकार से जल्द एचआरटीसी की बसों को बदलने और अच्छी बसों को लंबे रूटों पर भेजने की मांग भी उठाई है। (अनंत ज्ञान)

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

### ब्वॉयज स्कूल में आयोजित होगा गणतंत्र दिवस समारोह



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ स्थानीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उपायुक्त ने कहा कि 26 जनवरी को मुख्यातिथि सर्वप्रथम शहीद स्मारक चंगर में माल्यार्पण कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उसके उपरांत समारोह स्थल में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। परेड में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स तथा होमगार्ड बैंड की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों की सूची विभाग 22 जनवरी तक उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए किए जाने वाले सभी प्रबंधों को समयबद्ध पूरा कर लें। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, नगर परिषद, बागवानी, भाषा एवं संस्कृति विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा सैनिक कल्याण विभाग को कार्यक्रम के विषय में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहायक आयुक्त नरेंद्र कुमार अहलूवालिया ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया। इस अवसर पर एडीसी डॉ. निधि पटेल, उप-पुलिस अधीक्षक मदन धीमान सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## छंजयार गांव को नई पंचायत से जोड़ने पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, दधौल**

- लोगों ने नई पंचायत में जाने की जताई असहमति

विकास खंड घुमारवीं की कसारू पंचायत के छंजयार गांव की संख्यान ग्राम सुधार सभा समिति ने उनके गांव को नई पंचायत के साथ जोड़ने पर आपत्ति जाहिर की है। इस बाबत समिति ने बैठक आयोजित कर पुरानी पंचायत कसारू में ही रहने पर सहमति जताई है।

संख्यान ग्राम सुधार सभा समिति की बैठक प्रधान प्रकाश चंद सांख्यान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि उन्हें सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उनके गांव को कसारू पंचायत से अलग करके नई पंचायत के साथ जोड़ा जा रहा है, लेकिन गांव के लोग अपनी पुरानी पंचायत कसारू के साथ ही रहना चाहते हैं। समिति ने बैठक की प्रस्ताव की कॉपी कसारू पंचायत को सौंप दी है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में नई पंचायतों का गठन किया जा रहा है। जिसमें विकास खंड घुमारवीं की दधोल व पडयालग सहित अन्य पंचायतों के धार में बसे गांवों को जोड़कर एक अलग पंचायत बनाने की मांग उठी थी।

समिति ने बैठक आयोजित कर इस पर अपनी आपत्ति जाहिर करके पुरानी पंचायत में ही रखने की बात कही है। इसके साथ हीं ग्राम पंचायत दधोल के गांव भेल के लोगों ने भी नई पंचायत में जाने की अपनी असहमति जताई है और कहा कि हमें दधोल पंचायत नजदीक पड़ती है।

## व्यास उत्सव मेले में लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

आगामी 22 से 28 जनवरी तक बिलासपुर के रोड़ा सेक्टर में अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेले का आयोजन किया जा रहा है। अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेले के प्रवक्ता व रक्तसेवक कर्ण चंदेल ने बताया कि मेले के दौरान 26 जनवरी को महर्षि वेद व्यास जी को समर्पित व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में व्यास उत्सव मंच पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कर्ण चंदेल ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन जिला बिलासपुर व एम्स रक्त की बढ़ती मांग को लेकर किया जा रहा है। जिसमें सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान कर किसी की जान बचाने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में जो दंपति रक्तदान करना चाहते हैं वे भी इस पुण्य के कार्य में अपना बहुमूल्य योगदान रक्तदान कर दें। कर्ण चंदेल ने सभी से निवेदन किया है कि जो भी रक्तदान करना चाहता है वे 82194-31018 नंबर पर अपना नाम, ब्लड ग्रुप व नंबर 20 जनवरी तक भेज सकता है। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों का एक 28 जनवरी को लक्की ड्रॉ भी निकाला जाएगा। जिसके माध्यम से समिति द्वारा इनाम दिया जाएगा।

## चिट्टे के नशे के समूल नाश के लिए खेलें जरूरी: डॉ. पीसी ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- बाहौट कसोल में तीन दिवसीय युवा महोत्सव-2025 संपन्न



कोल डैम क्षेत्र के बाहोट कसोल में आयोजित तीन दिन तक चलने वाले युवा महोत्सव-2025 का समापन हुआ। यह महोत्सव विवेकानंद जयंती और लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर और कसोल विकास मंच के संयोजक डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान कुलदीप ठाकुर, कमल किशोर, पूर्व प्रधान रामी देवी, विजय राम, तुलसी राम गौतम आदि उपस्थित रहे।

समापन समारोह में डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने खिलाड़ियों के उत्साह की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने विवेकानंद युवा मंडल के संयोजक अशोक शर्मा और सारथी ग्रुप द्वारा विवेकानंद जयंती पर मुक्ति अभियान के तहत सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ ह्यूमन चेन की शुरुआत की सराहना करते हुए इसको एक सकारात्मक पहल बताया और कहा कि इस पहल में कसोल विकास मंच का भी समर्थन रहेगा।

महोत्सव के तीन दिनों में खिलाड़ियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचित किया। अंडर-50 वेट के कबड्डी मुकाबले सहित सीनियर कबड्डी और वॉलीबाल के मैच खेले गए। कबड्डी के फाइनल में जोधा कांगू और ऊना की टीम के बीच कड़ी टक्कर हुई। इस मुकाबले में जोधा कांगू की टीम 27 अंक के साथ विजयी रही, जबकि ऊना की टीम ने 24 अंक हासिल किए। वहीं, वॉलीबाल के फाइनल में नेहर और बरमाना भटेड़ के बीच मुकाबला हुआ जिसमें बरमाना भटेड़ की टीम ने लगातार दो सेटों में जीत दर्ज की।

पहला राउंड 25-17 और दूसरा राउंड 25-20 में बरमाना टीम ने नेहर को हराया। विजेता टीमों को शानदार पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल के विजेता को 9100 रुपए की राशि और उपविजेता को 7100 रुपए की राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई। कबड्डी के विजेता को 15,000 रुपए और उपविजेता को 11,000 रुपए की राशि और ट्रॉफी दी गई। वहीं, जूनियर कबड्डी की विजेता टीम को 6,100 रुपए और उपविजेता को 5,100 रुपए की राशि और ट्रॉफी दी गई। सांस्कृतिक गतिविधियों में कामिनी, किरण, ओंकार, इशिता, उर्वशी, शिवानी और साक्षी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## बाईपास सड़क का निर्माण कार्य शुरू

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



घुमारवीं सीर खड्ड पुल से मेला ग्राउंड तक बनने वाली बाईपास सड़क का निर्माण कार्य एक बार फिर से शुरू हुआ है। जिसके लिए 80 लाख रुपए का बजट विभाग के पास पहुंच चुका है। अब उम्मीद की जा रही है कि आने वाले अप्रैल महीने में होने ग्रीष्मोत्सव तक यह सड़क लोगों के आवागमन के लिए तैयार हो जाएगी। सड़क के एक तरफ रिटेनिंग वॉल का काम शुरू किया गया है। इसके बाद सड़क में एक पुलिया का निर्माण पूरा होते ही सड़क आगमन के लिए तैयार हो जाएगी।

बता दें कि घुमारवीं शहर के लोगों को शहर में लगने वाले जाम से छुटकारा दिलवाने के लिए बनाए जाने वाले इस बहु प्रतीक्षित बाईपास सड़क का निर्माण कार्य मार्च 2022 में शुरू हुआ था तथा अभी तक इस सड़क पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च की जा चुकी है, लेकिन पिछले करीब तीन सालों में इस सड़क पर पैदल चलना भी मुमकिन नहीं हो गया था। लोगों द्वारा इस सड़क के बीचोंबीच कूड़े के ढेर लगा दिए गए थे। चारों ओर सीवरेज का पानी बह रहा था। विभाग की मानें तो पूरी कोशिश की जा रही की अप्रैल महीने तक इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो सके। इस सड़क का निर्माण होने के बाद गांधी चौक से तहसील परिसर की तरफ जाने वाली गाड़ियों को भी इसी रोड से तहसील परिसर तक जाने की सुविधा मिलेगी। साथ ही तहसील परिसर के साथ बनाई गई पार्किंग का लाभ भी लोगों को मिलना शुरू हो जाएगा। इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शहर में लगने वाले रोज लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा। वहीं, दूसरी तरफ पार्किंग जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। लोग शहर के बीच से न होकर बाहर से ही तहसील तथा एसडीएम कार्यालय तक पहुंच पाएंगे, जहां पर लोगों को नई बनाई गई पार्किंग की सुविधा भी आराम से मिल सकेगी। (अनंत ज्ञान)

> **घुमारवीं** पुल से मेला ग्राउंड तक बनने वाली इस बाईपास सड़क का निर्माण कार्य फिर से शुरू हुआ है विभाग के पास से करीब 80 लाख का बजट पहुंच चुका है। उम्मीद है कि अप्रैल महीने में होने वाले ग्रीष्मोत्सव तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।
> **-अनुज पराशर (सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग घुमारवीं)**

## भाजपा कार्यालय में मनाया भारतीय सेना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा के सदर व बिलासपुर मंडलों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक त्रिलोक जम्वाल ने की, जबकि सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जगदीश सिंह वर्मा (वीएसएम) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने सेना दिवस के उपलक्ष्य में कैलेंडर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान जहां मुख्यातिथि के साथ ही कर्नल रोशनलाल अत्री, कर्नल एसएस चंदेल, कर्नल आरडी वर्मा, कर्नल राजेंद्र सिंह संबयाल व ग्रुप कैप्टन आरएस राजपूत को सम्मानित किया गया, वहीं देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले रणबांकुरों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए गए। इसके अलावा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को भी याद किया गया। भाजपा द्वारा पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में सदर विधानसभा क्षेत्र के 500 से अधिक भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

जम्वाल ने कहा कि देश की सीमाओं पर दिन-रात मुस्तैदी से डटे रहने वाले शूरवीरों की वजह से ही देशवासी सुरक्षित हैं। त्रिलोक एक ऐसी पार्टी (भाजपा) का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसका उद्देश्य देश के सैनिकों की तरह राष्ट्रसेवा है। भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। पार्टी देश हित को ध्यान में रखकर ही किसी भी तरह का फैसला लेती या नीति बनाती है।

भाजपा का राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ आगे बढ़ने का अंतर भी साफ तौर पर झलकता है। अटल बिहारी वाजपेयी ने शहीदों के लिए सैन्य सम्मान की शुरुआत की। अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में सेना में बड़े पैमाने पर बदलाव आया है।

उन्होंने पूर्व सैनिकों का आह्वान किया कि वे कम से कम 10-10 परिवारों को राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ काम करने वाली भाजपा से जोड़ें। कार्यक्रम में कैप्टन रूपलाल, कैप्टन सीताराम, कैप्टन सुरेंद्र सिंह, कैप्टन निक्काराम, कैप्टन रामलाल, कैप्टन जिंदूराम, ग्रेनेडियर उजागर सिंह चंदेल, एनसीओ मदन चंदेल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, बिलासपुर मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी तथा नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम समेत बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों व अन्य लोगों ने भाग लिया।

**सुविधा** मनोचिकित्सक न होने की वजह से जिले के मरीजों को हो रही थी परेशानियां

## बिलासपुर अस्पताल में मनोचिकित्सक सेवाएं फिर शुरू

**शुभम राही, बिलासपुर**



**डॉ. आयुष शर्मा ने संभाला मनोचिकित्सक का पदभार**

दो सालों के बाद जिला अस्पताल बिलासपुर में एक फिर से मनोचिकित्सक की सेवाएं शुरू हो गई है। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में अब डॉ. आयुष शर्मा ने बतौर मनोचिकित्सक के तौर पर अपना पदभार संभाल लिया है और बुधवार को उन्होंने जिला अस्तपाल में मरीजों को भी उपचार दिया है। डॉ. आयुष बिलासपुर शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के स्थायी निवासी हैं। वहीं, इससे पहले वह आईजीएमसी शिमला में अपनी सेवाएं दे रहे थे। चंडीगढ़ पीजीआई से अपने मनोचिकित्सक की पढ़ाई पूरी करने के बाद डॉ. आयुष शर्मा, मंडी, करसोग, झंडूता व अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

बिलासपुर अस्पताल में एक बार फिर से मनोचिकित्सक ओपीडी शुरू होने से जिला के मरीजों को इसका अधिक लाभ मिलेगा, क्योंकि लगभग दो सालों से जिला अस्पताल में मनोचिकित्सक की सुविधा न मिलने से मरीजों को हमीरपुर, मंडी या फिर अन्य अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा था। अब अस्पताल में एक बार फिर से यह सुविधा शुरू हो गई और मरीजों को इसका लाभ मिलना भी शुरू हो गया है। बुधवार को डॉ. आयुष शर्मा ने दर्जनों मरीजों की जांच भी की हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. आयुष शर्मा ने मरीजों से आग्रह किया है कि नशे की किसी भी दवा का सेवन न करें। अगर कोई भी मानसिक रूप से परेशानी या फिर बीमारी उत्पन्न हो रही है तो तुरंत जिला अस्पताल में आकर अपनी जांच करवाएं। बिना चिकित्सक की सलाह से दवाइयों का सेवन करना गलत है और इससे कई तरह की बीमारियां भी लग सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिला के यूथ के साथ सही समन्वय बनाना उनकी प्रथम प्राथमिकता रहेगी और यूथ को नशे से दूर रखने के लिए वह जागरूकता शिविरों में भी अपनी सेवाएं देंगे।

गौरतलब है कि जिला अस्पताल में बिलासपुर में दो साल से मनोचिकित्सक नहीं था। इससे पहले यहां पर डॉ. महेंद्र अपनी सेवाएं दे रहे थे। उधर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने बताया कि बिलासपुर अस्पताल में मनोचिकित्सक डॉ. आयुष शर्मा ने ज्वाईन कर लिया है। अब अस्पताल में मनोचिकित्सक की ओपीडी सामान्य ओपीडी की तरह जारी रहेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सोनू ठाकुर को चुना 'आप' का जिला अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** इरावती होटल चंबा में बुधवार को आम आदमी पार्टी इकाई जिला चंबा की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें आम आदमी पार्टी जिला की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सोनू ठाकुर को जिला अध्यक्ष, तनवीर मिर्जा, राहुल रणपतिया, बालकृष्ण एवं किसो कुमार को जिला उपाध्यक्ष, शशिकांत को जिला सचिव, विजय भवानी, यासीन शेख, अजय ठाकुर और गुरविंद्र सिंह को जिला संयुक्त सचिव एवं अजय अटवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में विधानसभा स्तर विधानसभा अध्यक्ष एवं विभिन्न कमेटीयां बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। साथ ही दिल्ली में होने वाले चुनावों के संबंध में सभी पदाधिकारी के भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी निर्णय लिया गया।

### खनन से कुनैला घाट महादेव मंदिर को खतरा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कुनैला घाट, जहां हर वर्ष राधा अष्टमी के दिन पवित्र नहौण (शाही स्नान) का आयोजन किया जाता है और हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां स्नान करते हैं। प्राचीन काल से मान्यता है कि मणीमहेश के लिए महादेव यहीं से मणि रूप लेकर गए हैं। साहो में प्रसिद्ध चंद्रशेखर महादेव मंदिर के लिए भी महादेव शिला रूप में यहीं से गए हैं, लेकिन आज यह स्थान कुछ लोगों की पैसों की भूख और ज्यादातर आस पड़ोस के लोग जिनकी इस मंदिर के प्रति आस्था तो है, परंतु ध्यान नहीं है। इसकी वजह से खनन का शिकार हो रहा है। मंदिर की पिछली तरफ होते अंधाधुंध खनन की वजह से मंदिर के अस्तित्व को खतरा हो गया है। कुछ समय पहले यहां शिखर से पत्थर का बड़ा टुकड़ा गिरा था उसको भी उठा ले गए हैं। कानून के अनुसार किसी भी धार्मिक स्थल के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का खनन अवैध है और करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान भी है। अतः हमारा पंचायत नुमाइंदो, खनन विभाग से आग्रह है कि इस अवैध खनन को जल्द से जल्द बंद करवाएं और यहां एक लिखित बोर्ड का प्रावधान किया जाए, ताकि भविष्य के लिए हम इस मंदिर के अस्तित्व को बनाए रखें।



### हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी को 3 दिन का रिमांड

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत में जीएम राजेंद्र मल्होत्रा हत्याकांड में बीते शाम होटल में कार्यरत कर्मचारी सुभाष की गिरफ्तारी की गई। सीआईडी ने सुभाष को अदालत में भी पेश किया गया। अदालत ने आरोपी सुभाष को 17 जनवरी तक तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया है। बता दें कि बहुचर्चित नेचर वैली हत्याकांड में सीआईडी फूंक+फूंककर कदम आगे बढ़ा रही है। जांच प्रक्रिया के आगे बढ़ते ही सीआईडी के शक के घेरे में कौन-कौन आते हैं, यह आने वाला समय ही बताएगा। बहरहाल सीआईडी सुभाष से यह जानने की कोशिश करेगी कि आखिर राजेंद्र मल्होत्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर क्या सच्चाई है।



# राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना से साकार हो रहे युवाओं के सपने

## चंबा जिले के आठ बेरोजगार युवाओं को 50 प्रतिशत अनुदान पर मिले इलेक्ट्रिक वाहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अपने 2 वर्ष के कार्यकाल के दौरान एक ओर जहां विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं वहीं प्रदेश में बेरोजगारी की चुनौती से निपटने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनके सार्थक परिणाम सामने आने शुरू हो गए हैं। प्रदेश सरकार की लोकप्रिय योजनाओं में से एक है राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना। यह योजना जिला चंबा में बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है।

योजना के लाभार्थियों में शामिल जिला चंबा के गांव मसरूंड निवासी प्रवीण कुमार, गांव कुमहारका निवासी चंदेश कुमार, गांव लाहरी (जतरून) निवासी जगतार सिंह, गांव काकड़ोलू निवासी राकेश कुमार, गांव ठेरु निवासी दीप कुमार व राकेश कुमार, गांव दरबला निवासी अजीत कुमार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना का लाभ उठाया और 50 प्रतिशत सरकारी सब्सिडी पर ई-टैक्सी खरीदी। इन सभी लाभार्थियों द्वारा खरीदी गई आई टैक्सियां प्रदेश सरकार के विभिन्न कार्यालयों में अटैच कर दी गई हैं, जहां से उन्हें हर महीने प्रति टैक्सी 50 हजार रुपए की निश्चित आय हो रही है। यह परिवर्तन उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और स्थिरता लेकर आया है।



इन सभी योजना लाभार्थियों का कहना है कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना से उनका जीवन खुशहाल हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें निजी टैक्सी चलाने के दौरान पेट्रोल की महंगाई और कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब उन्होंने राजीव गांधी रोजगार स्टार्टअप योजना के तहत इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदी है, जिन्हें सरकारी विभागों के साथ ई-टैक्सी के तौर पर अटैच किया गया। अब वे हर महीने 50 हजार रुपए की निश्चित आय प्राप्त कर रहे हैं।

योजना के सभी लाभार्थियों का कहना है कि ई- टैक्सी उनके लिए कम खर्च में अधिक आय का मजबूत साधन बना है, जिससे उनके जीवन में सुख और समृद्धि आई है। योजना लाभार्थियों के मुताबिक ई-वाहन चलाना न केवल सरल है, बल्कि यह प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण अनुकूल भी है। राज्य सरकार की यह योजना बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है, साथ ही हिमाचल प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लाभार्थियों ने बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने तथा राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में कई अहम निर्णय लिए हैं। इस कड़ी में चरणबद्ध तरीके से सरकारी विभागों में पुराने वाहनों को ई-वाहनों से बदला जा रहा है तथा उनमें में ई-टैक्सी के संचालन को प्रोत्साहित किया गया है। ऐसे में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के माध्यम से सरकारी सब्सिडी पर ई-टैक्सी लेकर बेरोजगार युवाओं के लिए न केवल स्वरोजगार के अवसर सुनिश्चित हो रहे हैं बल्कि वे अपने वाहन के मालिक भी बन रहे हैं।

### सरकारी विभागों में सेवाएं प्रदान कर प्रतिमाह कमा रहे 50 हजार

**जिला** रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की गई है जिसमें युवाओं के लिए सब्सिडी पर ई टैक्सी खरीदने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना में लाभार्थियों को 50 प्रतिशत सब्सिडी और 40 प्रतिशत पर 7.9 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से बैंक लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा शेष केवल 10 प्रतिशत धन लाभार्थी को देना होता है। सरकार ने यह भी व्यवस्था की है कि इन टैक्सियों को सरकारी विभागों के साथ 4 से 5 वर्ष के लिएअटैच किया जा रहा है तथा प्रत्येक योजना लाभार्थी को प्रतिमाह 50 हजार रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। अरविंद चौहान ने बताया कि इस योजना के तहत जिला चंबा में अब तक कुल 19 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से आठ अभ्यर्थियों द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे जा चुके हैं तथा सात अभ्यर्थियों ने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार संबंधित कार्यालयों में अपनी उपस्थिति दे दी है उन्होंने बताया कि शेष अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की विस्तृत जांच कर कर्मियों को पूरा करते हुए उनके आवेदन पर भी आगामी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय चंबा में संपर्क कर सकते हैं।

# सतत विकास के लिए एफसीए-एफआरए में बदलाव करने की जरूरत : पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष ने दुरगाई घट्टा-बुर्जा संपर्क सड़क का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, चंबा ( चुवाड़ी )**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सतत एवं समावेशी विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) तथा वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) में बदलाव वर्तमान समय की सबसे प्रमुख आवश्यकता है।

हिमाचल से चुने जनप्रतिनिधियों द्वारा मामले को सदन में उठाया जाना चाहिए, ताकि विकासात्मक योजनाओं का जल्द कार्यान्वयन तथा आपदा प्रभावित लोगों को प्राथमिकता के साथ भूमि आवंटित की जा सके। कुलदीप सिंह पठानिया बुधवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत उपमंडल मुख्यालय चुवाड़ी के समीप दुरगाई-घट्टा गांव में लगभग एक करोड़ से निर्मित होने वाले बुर्जा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करने के पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम के तहत पर्यावरण स्वीकृति के लिए विकासात्मक परियोजनाएं केंद्र स्तर पर काफी समय तक लंबित रहती हैं। भटियात में किए जा रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों को विभिन्न योजनाओं से प्राप्त सुविधाएं मानव संपदा के विकास के साथ उनके आर्थिक तथा सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गत दो वर्षों के दौरान 32 संपर्क सड़कों के शुरू किए गए निर्माण कार्यों में से लगभग 21 संपर्क मार्गों का अधिकांश निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पठानिया ने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि इस क्षेत्र की रायपुर, साडल, जंदरोग इत्यादि ग्राम पंचायतों के तहत 11 संपर्क सड़कों के निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं तथा चार संपर्क सड़कों के निर्माण को वन अधिकार अधिनियम के तहत पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है।



### बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में 30 को लगेगा रोजगार मेला

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में 30 जनवरी को सुबह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में इलेक्ट्रीशियन, पीपीओ, फिटर, पेंटर जनरल, वेल्डर, ट्रैक्टर मैकेनिक, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, सीओई (ऑटोमोबाइल), एमएमवी, वायरमैन, टूल एंड डाई मेकर, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, शीट मेटल वर्कर, टर्नर व मैकेनिस्ट व्यवसायों में वर्ष 2018 से 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता दसवीं में 40 प्रतिशत अंक व आईटीआई में 50 प्रतिशत अंक निर्धारित की गई है। आयु सीमा 18 से 24 वर्ष निर्धारित है। बट्ट ने बताया कि साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण के प्रमाण पत्र सहित आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र की तीन-तीन प्रतियां, आधार कार्ड व पैन कार्ड की तीन-तीन प्रतियां व 2 पासपोर्ट साईज फोटो साथ लाना अनिवार्य होंगी। चयनित युवाओं को कंपनी द्वारा कुल 24550 रुपए (सीटीसी) प्रदान किया जाएगा, जिसमें से चयनित अभ्यर्थी कुल 17051 रुपए कैश इन हैंड प्राप्त कर सकेंगे। बट्ट ने इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से साक्षात्कार के लिए 30 जनवरी को सुबह 10 बजे बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में पहुंचने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)



# जोगिंद्रनगर की आश्वी और मेहवीश को मिला नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर की नन्ही प्रतिभाएं आश्वी (4 वर्ष) और मेहवीश (10 वर्ष) ने अपनी प्रतिभा से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित अवॉर्ड शो में इन्हें बॉलीवुड अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल और साउथ के लोकप्रिय अभिनेता नितिन मेहता के हाथों नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

इस सम्मान के लिए बेटियां फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देशभर की प्रतिभाओं ने भाग लिया।



आश्वी और मेहवीश अवॉर्ड के साथ।

आशवी और मेहवीश ने अपनी डांस और मॉडलिंग की अद्वितीय प्रस्तुति से जूरी और दर्शकों का दिल जीत लिया। आश्वी और मेहवीश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया और कहा कि उनके माता-पिता ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया और हर कदम पर उनका साथ दिया।

### आरके वर्मा का भी किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नेशनल एनजीओ राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें डायरेक्टर आरके वर्मा ने जिन्होंने हिमाचली डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट मूवी बनाकर अपनी संस्कृति के ऊपर कार्य किया है, को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।



### नगर खेल कुंभ का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** खेलो भारत मंडी नगर, हिमाचल प्रदेश द्वारा खेलो भारत अभियान के तहत नगर खेल कुंभ का शुभारंभ किया गया। खेल कुंभ में तीन प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं हॉकी, फुटबॉल, और वुशु का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को निखारना, और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। नगर खेल कुंभ के शुभारंभ पर हॉकी प्रतियोगिता के मुख्यातिथि वीरेंद्र भट (महापौर नगर निगम) रहे तथा विशिष्ट अतिथि धनदेव ठाकुर (प्रदेश संगठन मंत्री) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय ठाकुर (पूर्व कार्यकर्ता अभाविप) ने की। ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉ योगेश शर्मा (डिप्टी रजिस्ट्रार सरदार पटेल विश्वविद्यालय) विशिष्ट अतिथि विशाल ठाकुर (स्कूली कार्य प्रदेश संयोजक), विशेष उपस्थिति नील कमल (प्रदेश उपाध्यक्ष, एमेच्योर ग्रेपलिंग एसोसिएशन) रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अधिवक्ता पाल वर्मा (जिला परिषद अध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि चिराग ठाकुर (खेलो भारत प्रदेश संयोजक), विशेष उपस्थिति सरवन कुमार (निर्देशक अंपायर स्किल संस्थान) की रही। चिराग ठाकुर ने कहा कि हॉकी प्रतियोगिता में 18, फुटबॉल में 13 तथा ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में लगभग 30 प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### हिम कृषि योजना के तहत मंडी में 1.80 करोड़ होंगे व्यय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिम कृषि योजना के तहत मंडी जिला के 20 कलस्टरों पर इस वर्ष एक करोड़ 80 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में हिम कृषि योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा गठित 20 कलस्टरों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।



योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने-अपने विकास खंड में उस क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार सामुदायिक आधार पर कृषि गतिविधियां आयोजित करें तथा किसानों को पारंपरिक खेती से हटकर नकदी फसलें उगाने के लिए प्रेरित करें, जिससे क्षेत्र के किसानों की आय बढ़े व उनकी आर्थिकी में भी सुधार हो। बैठक में कृषि उप निदेशक राम चंद्र चौधरी ने हिम कृषि योजना के तहत इस वर्ष जिला में गठित 20 क्लस्टरों के माध्यम से की जा रही कृषि गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के कृषि वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने तथा फसल विविधीकरण बारे बहुमूल्य सुझाव दिए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी जयंत रतन, सहायक निदेशक, पशुपालन डॉ. संजीव कटोच, कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के कृषि वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद आदि मौजूद थे।

### विद्युत उपभोक्ताओं की सब्सिडी बंद करने का फरमान न्यायसंगत नहीं

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर इकाई की बैठक का आयोजन सुंदरनगर के सुकेत सिनेमा परिसर में प्रधान केएस जम्वाल की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में विद्युत परिषद से सेवानिवृत्त इंजीनियर, अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में विद्युत बोर्ड द्वारा मकर संक्रांति के दिन 75 साल से ऊपर के पेंशनर्स को 2016 के नए पे स्केल के अंतर्गत कुल एरियर का 77.50 प्रतिशत का भुगतान करने पर बोर्ड के चेयरमैन व एमडी का धन्यवाद किया तथा शेष पेंशनर्स को भी उनके बकाया एरियर का शीघ्र भुगतान करने का आग्रह किया।

उन्होंने आगे कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा हाल ही में प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं को दी जा रही सब्सिडी को बंद करने का जो फरमान जारी किया है वह कतई न्याय संगत नहीं है, जिसे तुरंत पुनर्विचार करके वापस लेना चाहिए। बैठक में सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर एसएस दैहल, पवन शर्मा, काली दास, जगमेल ठाकुर, सोहन सिंह चौहान, खुशाल शर्मा, पीके शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित है।

### महादेव में बच्चों का टीकाकरण किया

**भीम बसेड़ू, महादेव।** राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय महादेव में शामिल हुए टीकाकरण संबंधी स्टाफ द्वारा छोटी उम्र के बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए टीकाकरण किया। नाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत महादेव में बच्चों को कई भयानक बीमारियों के बचाव को लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रम के दायरे में रहकर जहां टीकाकरण किया, वहीं पोलियो उन्मूलन के दृष्टिगत दो बूंद जिंदगी पर बल देते हुए यह दवा पिलाई। आशा वर्करों का योगदान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने समय की मांग पूरा करने वाली यह अति महत्वपूर्ण खुराक पिलाई।

### सेरी मंच पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हर वर्ष की भांति इस बार भी 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मंडी के सेरी मंच पर किया जाएगा।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम इंदिरा मार्केट परिसर में स्थित शहीदी स्मारक पर मुख्यातिथि द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके उपरांत गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्यातिथि सेरी मंच पर पहुंचेंगे। यहां ध्वजारोहण के पश्चात वे मार्च पास्ट का निरीक्षण कर परेड की सलामी लेंगे।

समारोह में मुख्यातिथि के संबोधन के बाद स्कूली विद्यार्थियों एवं विभिन्न दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। अपूर्व देवगन ने सभी संबंधित विभागों को समारोह की तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उपमंडलाधिकारी (ना.) ओमकांत ठाकुर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार आदि उपस्थित थे।

### सूडोकु 0045 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0044 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

16 जनवरी, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** तृतीया (04:09): **नक्षत्र** आश्लेषा (11:17), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** आयुष्मान (01:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:09-12:51), **राहुकाल** (01:49-03:08)।

### विशेष दिन

16 जनवरी 2025 : सौभाग्य सुंदरी व्रत आज।
17 जनवरी : तिलकुंद्र चतुर्थी कल।

**मेष:** किसी के बहकावे में आकर बना काम बिगाड़ लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय संघर्ष पूर्ण है। धन का दुरुपयोग न करें।

**वृषभ:** व्यवसाय में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। विरोधी आप को नीचा दिखाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। छुट्टियां मनाने जा सकते हैं।

**मिथुन:** नौकरीपेशा जातकों को कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है। आप अपना काम करते हुए आत्मविश्वास से भरे रहेंगे।

**कर्क:** समय के साथ हो रहे बदलाव के कारण तनाव बढ़ेगा। कई महत्वपूर्ण कार्य रुकने के कारण परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह :** जिन लोगों से आपने वादा किया था वह निभाने का वक्त आ गया है। पारिवारिक कार्यक्रमों में बड़ा खर्च होगा।

**कन्या :** राजनीति में आने का मन हो रहा है। जो भी करें विचार और गहन चिंतन के बाद निर्णय लें। पारिवारिक जनों से मनमुटाव होगा।

**तुला:** विद्यार्थियों के लिए बेहतर समय है। यदि किसी बड़ी प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं, तो सफलता की संभावना बहुत अधिक है।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के साथ सुखद यात्रा का योग भी बन रहा है। अपनी क्षमता को पहचाने और कार्य करें आप कर सकते हैं, फिर भी रुके हुए है।

**धनु :** यदि बहुत लंबे समय से संतान सुख से वंचित हैं, तो इससे बेहतर समय अभी और जल्दी नहीं आने वाला है, प्रयास करते रहें।

**मकर :** धन के मामले में समय सामान्य है। नए कार्यों का प्रारंभ कर सकते हैं। सोचे कार्य समय पर होंगे। कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण मिलेगा।

**कुंभ :** यात्रा में थोड़ी सावधानी बरतें। कीमती सामानों को सुरक्षित रखें। आकस्मिक आए कार्यों की अधिकता से व्यस्त रहेंगे। संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा।

**मीन :** न्यायालय संबंधित मामले अभी थोड़ा लम्बा चल सकते हैं। मनमर्जी न करें। हालात को समझें फिर फैसले करें। नए काम के मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**अनुष्ठान** माघ संक्रांति का पर्व पूरी सतलुज घाटी में श्रद्धा और विश्वास से मनाते हैं लोग

# पांगणा में आज भी है 'माघा साजा' मनाने की प्राचीन परंपरा

**लक्की, करसोग**

माघ संक्रांति का पर्व पूरी सतलुज घाटी में श्रद्धा और विश्वास से मनाने की परंपरा है। माघ संक्रांति के दिन सभी धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हो जाते हैं। माघ संक्रांति को सभी संक्रांतियों में मुख्य माना जाता है।

सुकेत संस्कृति साहित्य और जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेंद्र बाली का कहना है कि सतलुज घाटी के सुकेत-करसोग-पागणा क्षेत्र, आनी-निरमंड, कोटगढ़, कुमारसैन, शांगरी में माघ संक्रांति के दिन घर के समक्ष मांदले का मकोल की मिट्टी से आलेपित कर देवदार के पराग कण से रेखीय चित्र बनाए जाते हैं। मांदला के मध्य में गोबर के गणेश को प्रतिष्ठित कर शीर्ष पर द्रुबा घास और पुष्प को अलंकृत करते हैं।



परंपरा का निर्वहन करती बच्चियां।

जाच्छ-कांढा पंचायत के छतरीधार के पंडित कुशाल चंद शर्मा और देव समाज समिति करसोग के अध्यक्ष एनके राजपूत का कहना है कि इस दिन ब्रह्ममुहूर्त में घर के मुखिया स्नानादि से निवृत्त होकर आग के अंगारों पर पाजे की पतियां जलाकर हवन प्रक्रिया पूर्ण कर इसकी राख से घर के मुख्य द्वार पर पर नौ बिंदुओं तथा हर द्वार पर एक-एक बिंदू लगाकर इसकी पूजा करते हैं। मुख्य द्वार सहित हर दरवाजे पर पाजे की छोटी-छोटी टहनियां रखी जाती हैं। (अनंत ज्ञान)

### खिचड़ी खिलाने के बाद दी जाती है भेंट

**परिवार** के सभी सदस्यों के मस्तक पर भी यही तिलक लगाया जाता है। तिलक लगाने के साथ-साथ सभी सदस्य अपने से बड़ी उम्र के सदस्यों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करते है। माघी के दिन उड़द व चावल की कच्ची खिचड़ी को शुद्ध घी के साथ विशेषकर ब्राह्मणों, 'धी'-'धयाणियों' और परिवार के सदस्यों को परोसा जाता है। खिचड़ी खिलाने के बाद मूंगफली, रेबड़ी, तलुंए और दान राशि भेंट की जाती है। एक-एक कटोरी चावल और उड़द की दाल दान राशि सहित दिन भर बच्चों को बांटी जाती है।

### देवता जाते हैं युद्ध करने

**माघ** संक्रांति के दिन मंदिरों में देव 'झाड़े' (देव आह्वान) के बाद असुरों से युद्ध लड़ने के लिए मंदिरों से निकलते हैं। देवों के प्रस्तर विग्रहों पर घृतमा की परंपरा का निर्वहन किया जाता है। देवों के देवासुर संग्राम में जाने पर गर्भगृह में देव के पार्थिव विग्रह के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। देव गण सात, पंद्रह व एक महीने बाद अपने धाम लौट आते हैं। इस दिन मंदिरों में भी देव कारदार, ढाढी-बाजगियों, गूर व सभी देव समिति के सदस्यों को खिचड़ी परोसी जाती है। संस्कृति मर्मज्ञ डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि 'माघी साजे' को बर्फबारी होना बहुत शुभ माना जाता है।

मंजिल को पाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए याद रहे कि मंजिल की ओर बढ़ता रास्ता भी उतना ही नेक हो। -डॉ. राजेंद्र प्रसाद

## संपादकीय

## बढ़ता नशा चिंताजनक

हिमाचल प्रदेश में नशे का दिन-प्रतिदिन बढ़ता चलन अब बड़ी समस्या बन चुका है, जो राज्य के युवाओं और समाज के लिए भी बहुत बड़ा खतरा है। प्रदेश में भांग, अफीम और हेरोइन का नशा अब आम है। यह नशा अक्सर युवाओं में देखा जाता है, जो मौज मस्ती या फिर अपने जीवन की समस्याओं से निपटने के लिए नशे का सहारा लेते हैं। शराब और अन्य मादक पदार्थों के नशे भी यहां सरेआम होते हैं। इस नशे का सेवन ज्यादातर वयस्क करते हैं। इन सबके बीच अब चिट्टा भी हिमाचल में पहुंच चुका है। ड्रग्स का स्रोत अफगानिस्तान है जो दुनिया में हेरोइन का सबसे बड़ा उत्पादक है। वहां से ड्रग्स पहले पाकिस्तान पहुंचता है और भारत-पाक बॉर्डर से भारत में प्रवेश करता है। नशे के सबसे कुशल विक्रेता खुद नशेड़ी ही होते हैं। नशेड़ी वितरण नेटवर्क में सबसे आखिरी व्यक्ति होता है और सबसे ज्यादा प्रेरित भी, क्योंकि वह अपनी लत पूरी करने के लिए नशे की तस्करी करता है। नशेड़ी सिर्फ पैसे के लिए नहीं, बल्कि नशे की लत के लिए भी इस धंधे में शामिल होते हैं, इसलिए, जहां पुलिस की पैनी नजर होती है, वहां नशे की तस्करी के लिए वे काफी भरोसेमंद हो सकते हैं।

पकड़े जाने के जोखिम के साथ ही ड्रग्स की कीमत भी बढ़ जाती है। राज्य में नशीली दवाओं के व्यापार के पीछे मार्केटिंग स्ट्रेटजी काम करती है। नशे के आदी अब केवल सामान्य बेरोजगार युवा या गरीब कर्जदार किसान नहीं हैं। विशाल उपभोक्ता आधार में पुलिस, गृहिणियां, पेशेवर, व्यवसायी और साथ ही अमीर और ऊब चुके युवा भी शामिल हो रहे हैं। ड्रग डीलर गरीब ग्रामीणों से लेकर अमीर और शिक्षित शहरी निवासियों को टारगेट करते हैं और उन्हें सेवा प्रदान करते हैं। प्रदेश की सुक्खू सरकार नशे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए संजीदा है। सरकार ने इसके लिए खास तैयारी कर रखी है। हिमाचल में सरकार ने नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स यानी एसटीएफ बनाने का निर्णय लिया है। निश्चित रूप से यह निर्णय कई मायनों में कारगर सिद्ध हो सकता है। हिमाचल में नशीली दवाओं का बढ़ता दुरुपयोग राज्य सरकार के लिए चिंता का विषय है। इस मसले को लेकर सत्ता पक्ष ही नहीं, बल्कि विपक्ष के सदस्य भी चिंता जाहिर कर चुके हैं। टास्क फोर्स का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक या पुलिस महानिरीक्षक पद के अधिकारी करेंगे। एसटीएफ पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में धर्मशाला, परवाणू और मंडी में काम करेगा तथा मुख्यालय शिमला में होगा। यह टास्क फोर्स नियमित रूप से सरकार को काम की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेगी।

स्पेशल टास्क फोर्स को विशेष प्रशिक्षण और कमांडो फोर्स के साथ तैयार किया जाएगा। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ ट्रेनिंग दी जाएगी। इन सब प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद प्रदेश में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के सरगनाओं, संगठित गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करना और तेजी से फोरेंसिक प्रोटोकॉल के माध्यम से खुफिया जानकारी एकत्र करना आसान हो जाएगा। प्रतिबंधित और नशीली दवाओं का दुरुपयोग न केवल प्रदेश और देश के लिए बल्कि, पूरे विश्व के समक्ष चुनौती बन गया है। इसके खिलाफ सख्त उपायों को अपनाने की जरूरत है। राज्य सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कड़े प्रावधान लागू किए हैं। सरकार स्कूलों और कॉलेजों में राज्यव्यापी जागरूकता अभियानों के साथ 'हिमवीर' और 'हिम दोस्त' जैसी पहल से सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा जल्द न्याय दिलवाने के लिए नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस मामलों के लिए विशेष अदालतें स्थापित करने और फास्ट-ट्रैक जांच के साथ अभियोजन पर ध्यान देने की योजना भी बना रही है। हिमाचल प्रदेश में नशे की समस्या को कम करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और समुदायिक केंद्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना करना भी जरूरी है। यह केंद्र नशे के आदी लोगों को उपचार और समर्थन प्रदान कर सकते हैं। नशेड़ियों को सामाजिक समर्थन प्रदान करना आवश्यक है। यह समर्थन उन्हें अपने जीवन को सुधारने में मदद कर सकता है। युवाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने चाहिए ताकि उन्हें खेल गतिविधियों में व्यस्त रखना चाहिए। यह उन्हें अपने जीवन को सुधारने में मदद कर सकता है और नशे के आदी होने से रोक सकता है।

# नशे की मार से दिशाहीन हो रहा देश का भविष्य

समाज में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही नशाखोरी की प्रवृत्ति से युवा वर्ग दिशाविहीन होता जा रहा है। नशे का बढ़ता कारोबार वर्तमान समाज के सामने गंभीर चुनौती हो गई है। अभिभावक अपने बच्चों को इस नशे की गर्त में जाने से कैसे बचाएं? यह उनके लिए सबसे बड़ी समस्या हो गई है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वे अपने बच्चों को नशे के इस दानव से कैसे बचाएं? आये दिन नशेड़ियों के साथ घट रही अनहोनी घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए वे अपने बच्चों को शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए घर से दूर भेजने से भी कतराने लगे हैं।

कुसंगति के कारण युवा वर्ग नशे के मकड़जाल में बुरी तरह से जकड़ता जा रहा है। नशे के कारण कई घरों के चिराग बुझ गए, तथा अनेक बसेरे हमेशा के लिए ही उजड़ गए। पहले नशा तंबाकू, भांग व शराब तक सीमित था, लेकिन अब भुक्की, हेरोइन, अफीम व चिट्टा आदि न जाने कैसे-कैसे जानलेवा नशे हैं। बताया जाता है कि यदि इन नशों की एक बार किसी को लत लग गई तो कुछ समय बाद उसकी मौत निश्चित है। निरंतर नशे का कारोबार बढ़ने से अपराधों का ग्राफ भी बढ़ने लगा है। नशेड़ी किसी भी हद तक गिर जाता है। नशे का आदी हो चुका नशेड़ी नशे में या नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। उसे अपना-पराया, छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब कुछ भी दिखाई नहीं देता। इसके लिए वह बड़े से बड़ा अपराध भी कर देता है। बुजर्गों के अनुसार नशा करने वालों के घरों में दरिद्रता का वास होता है। धन का सदैव अभाव बना रहता है।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

घर में मूलभूत सुविधाओं की कमी रहती है तथा कलह-क्लेश बढ़ता है। हर किसी से झगड़ा होता रहता है। नशेड़ी का परिवार बुरी तरह से बिखर जाता है। नशेड़ी को मां-बाप की परवाह नहीं होती। पत्नी से गली-गलौज व मारपीट करता है। इससे बच्चों के मन-मस्तिक पर बुरा असर पड़ता है। समाज में उसकी कोई इज्जत नहीं होती। पास-पड़ोसी भी उसकी हरकतों से परेशान रहते हैं।



नशेड़ियों के परिवार हर समय परेशानी में रहता है। परिजनों का न खाने का समय होता है और न सोने का। इससे उनका मानसिक तनाव बढ़ता रहता था। ऐसी स्थिति में परिवार का कोई सदस्य आत्महत्या तक कर लेता है। शराबी के घर में सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। संयुक्त परिवारों के टूटने से बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। माता-पिता उनके पालन-पोषण व अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए रात-दिन व्यस्त होते हैं। उनके पास बच्चों पर नजर रखने के लिए प्रयाप्त समय नहीं होता। इसलिए उनमें अपनेपन की कमी खलती रहती है। नतीजतन ऐसे बच्चे कुसंगति में फंस जाते हैं तथा अपने उद्देश्य से बुरी तरह भटक जाते हैं। संयुक्त परिवारों में बड़ों के प्रति आदर व छोटों के प्रति प्यार होता था। इसलिए सभी के दिल में एक-दूसरे के प्रति मान-सम्मान होता था।

बड़ा इसलिए कोई ऐसा काम नहीं करता था, जिससे छोटों पर बुरा असर पड़े। छोटों को बड़ों का डर रहता था, लेकिन अब छोटे परिवार हो गए हैं। मां-बाप अपने काम में जरूरत से ज्यादा व्यस्त है, इसलिए बच्चे मनमानी कर रहे है। जो बच्चे अपने भविष्य के बारे में सोचते हैं। वे ही जीवन में कुछ कर पाते हैं, लेकिन जो चलती-चलाते हैं। वे जीवन में बहुत बड़ा धोखा खाते हैं। अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए वे छिट-पुट नशा करना शुरू करता है। फिर धीरे-धीरे उसकी यह आदत बन जाती है तथा उसके स्वर्णमयी भविष्य अंधकार में बदल जाता है। यही नहीं कई बार ऐसे नशेड़ियों को अपनी जिंदगी से भी हाथ धोना पड़ता है। नशे की यह प्रवृत्ति पहले बीड़ी-सिगरेट, भांग व शराब तक सीमित थी।

समाज में शराब पीने वाले व्यक्ति का कोई मान-सम्मान ही नहीं होता था। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से शराब पीता था तो उसके बेटे या बेटी का रिश्ता करने में भी बड़ी मुश्किल से होती थी। शराबी व्यक्ति से पूरा खानदान ही कलंकित माना जाता था, लेकिन अब शराब स्टेटस सिंबल बन गया है तथा यह अब सामान्य नशा हो गया है। विवाह-शादियों हो या अन्य कोई कार्यक्रम शराब का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। लोगों को यह कहते भी सुना जाता है कि जिस कार्यक्रम में शराब नहीं चलती उसे फीका ही समझा जाता है।

बीड़ी सिगरेट पीना तो अब आम बात हैं। प्रयोग में लाने के बाद मुंह से दुर्गंध आती है यह दुर्गंध काफी देर तक रहती है, लेकिन अब ऐसे भी नशे उपलब्ध है, उनसे न दुर्गंध आती है और न ही आसानी से यह पता ही लग पाता है सामने वाला व्यक्ति नशे में है। उसकी हरकतों से ही पता चलता है, यदि उसने नशे की डोज कुछ ज्यादा ले ली हो। अन्यथा यह पता लगाना ही मुश्किल हो जाता है। ऐसे नशे उसे अंदर ही अंदर से खोखला कर देते हैं। पिछले कई वर्षों से नशे का कारोबार बड़ी तेजी से फैल रहा है। अब तक नशे से कई जानें चली गई है तथा कई घरों में हमेशा के लिए अंधकार छा गया है। अब तो ऐसे-ऐसे नशे उपलब्ध है। जिनका नाम आम आदमी को पता तक नहीं है। इसलिए यदि नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकना है तो समाज की चिंता करने वाले नागरिकों को एक-जुट होना पड़ेगा। अन्यथा नशे के साथ ही अपराध भी बढ़ें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# महिला सशक्तिकरण की दौड़ जीतती भारतीय रेलवे

महिला का सशक्तिकरण शायद 20वीं सदी के बाद से सबसे ज्यादा परिभाषित करने वाला आंदोलन है। हम ऐसी महिलाओं की प्रेरक कहानियां सुनते हैं जिन्होंने पुरुष-प्रधान भूमिकाओं में अपनी छाप छोड़ी है, जैसे सार्वजनिक जीवन और सरकार में, उद्योग के कप्तान के रूप में और खेल में।

आज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी हैं और हर बीतते साल के साथ उनकी संख्या बढ़ती जा रही है और फिर भी, भारतीय रेलवे के कर्मचारियों में केवल 6-7 प्रतिशत महिलाएं हैं। आज संख्या चाहे जो भी हो, पुरुष-प्रधान क्षेत्रों की उथल-पुथल में कदम रखने वाली 'प्रथम महिलाओं' को पहचाने जाने की आवश्यकता है। वे अग्रणी, साहसी थीं और इस नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए उनमें अपार साहस था। 19वीं शताब्दी में घर से बाहर काम करना महिलाओं के लिए बुरा माना जाता था। पुरुष कर्मचारी प्रतिस्पर्धा से डरते थे, जबकि मध्यम वर्ग की महिलाएं गृहिणी और शिक्षिका के रूप में पहचान चाहती थीं। न ही पुरुषों और महिलाओं को एक ही परिसर में मिलाना उचित माना जाता था। सामाजिक रीति-रिवाज सख्त थे और लिंग भेद आदर्श था, लेकिन जैसे-जैसे रेलमार्गों का विस्तार हुआ, श्रमिकों की मांग बढ़ी। रेल कंपनियों द्वारा नियोजित पहली महिलाएं रेल कर्मचारियों की बेसहारा विधवाएं थीं। प्रबंधकों ने उन्हें वेतनभोगी रोजगार की पेशकश की-हालांकि पूरी तरह से दया से नहीं, क्योंकि वे अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में काफी कम कमाती थीं। जया चौहान 1984 बैच के भाग के रूप में रेलवे सुरक्षा बल में पहली महिला अधिकारी थीं।



लेखिका : प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

शुरुआत में एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करते हुए, मातृभूमि की सेवा करने और अप्राप्त गढ़ों की खोज करने के उनके जुनून ने उन्हें उस आरामदायक नौकरी को छोड़ने और कूदने के लिए मजबूर किया। रेलवे की पुलिसिंग में जया ने न केवल रेलवे में अच्छा प्रदर्शन किया, बल्कि देश में अर्धसैनिक बलों में पहली महिला महानिरीक्षक भी बनीं।



1981 बैच के रेल उम्मीदवारों में से, एम. कलावती को भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स सेवा की पहली महिला सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। वह वर्तमान में दक्षिणी रेलवे जोन में मुख्य सिग्नल इंजीनियर के रूप में काम करती हैं। रेलवे सेवाओं में शामिल होने से पहले, 1988 में, कल्याणी चड्ढा ने जमालपुर में 1983 बैच के विशेष श्रेणी अपरेंटिस में भारतीय रेलवे मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संस्थान में चार साल बिताए। कल्याणी के नेतृत्व में 13 महिलाएं हैं जो अब सेवा में हैं और 10 और जो जमालपुर में प्रशिक्षित कर रही हैं। मंजू गुप्ता, जो वर्तमान में बीकानेर डिवीजन के डिवीजनल रेल मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, 1998 बैच की मोना श्रीवास्तव भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में शामिल होने वाली पहली महिला सदस्य थीं, जो तब तक केवल पुरुषों के लिए थी।

इस सदी की शुरुआत में ही, यानी 2002 में, 1967 बैच की सदस्य विजयलक्ष्मी विश्वनाथन भारतीय रेलवे बोर्ड के वित्त आयुक्त के पद पर पहुंचीं। विजयलक्ष्मी 1990 के दशक के अंत में भारतीय रेलवे में पहली महिला मंडल रेल प्रबंधक भी थीं। लगभग दो दशक बाद, जब पद्मश्री रेहजा को भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1974 बैच के सदस्य के रूप में चुना गया, तब पुरुषों के अगले गढ़ को तोड़ने में महिला का हाथ था। अगले पांच वर्षों तक पद्मश्री IRTS में एकमात्र महिला थीं। भारत की अटूट और अमर भावना और इसकी स्वतंत्रता के 75 वर्षों का जश्न। मंजू गुप्ता, जो वर्तमान में बीकानेर डिवीजन की डिवीजनल रेल मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, उनके शामिल होने के बाद, 14 और महिलाओं ने मंजू के उदाहरण का अनुसरण किया और भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स में प्रवेश किया। 1998 बैच की मोना श्रीवास्तव भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में शामिल होने वाली पहली महिला सदस्य थीं, जो तब तक सभी पुरुषों के लिए थी। यह इस सदी की शुरुआत में ही था, यानी 2002 में, 1967 बैच की सदस्य विजयलक्ष्मी विश्वनाथन ने भारतीय रेलवे बोर्ड के वित्त आयुक्त के पद पर जगह बनाई। विजयलक्ष्मी 1990 के दशक के अंत में भारतीय रेलवे में पहली महिला डिवीजनल रेल मैनेजर भी थीं। देश में सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते भारतीय रेलवे इस क्षेत्र में महिला कर्मचारियों और नेतृत्व को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन फिर भी, आंकड़े बताते हैं कि जनसंख्या में उनके अनुपात के अनुसार यह संख्या महत्वपूर्ण नहीं है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

हिमाचल के हितों से जुड़े सैन्य मुद्दों की पैरवी पूरी शिद्दत से होनी चाहिए ताकि हुकूमत का ध्यान वीरभूमि के सैन्य बलिदान की तरफ आकर्षित हो सके। राज्य के अंतरराष्ट्रीय व ओलंपियन रहे पूर्व सैनिकों, विक्टोरिया क्रॉस, परमवीर चक्र, जैसे आलातरीन सैन्य पदक विजेताओं तथा आजाद हिंद फौज के सैनिकों की जीवनी यदि शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा बने तो छात्र वर्ग को यकीनन प्रेरणा मिलेगी। मुल्क की हशमत के लिए फिदा-ए-वतन हो चुके रणबांकुरों की शूरवीरता व त्याग को सम्मान देने के लिए हर जिले में युद्ध स्मारक तामीर होने चाहिए। बहरहाल, सरहदों से लेकर जम्हूरियत की पंचायतों तक अहम किरदार निभाने वाला सैन्य समाज मुल्क के जम्हूरी निजाम में बदलाव की पूरी सलाहियत रखता है। अतः रक्षा क्षेत्र की नीतियों को अमल में लाने से पहले सामरिक क्षेत्रों के अनुभवी पूर्व सैनिकों से सलाह मशविरा होना चाहिए। उषा, कांगड़ा

# कम, धीरे और मीठा बोलने की कला सीखे हर मानव

आज के युग में जब सब तरफ शोर ही शोर फैला हुआ है। हर कोई न सिर्फ अपनी बात मनवाने की होड़ में शामिल है, बल्कि स्वयं को सिद्ध करने में भी लगा हुआ है। जहां हम जल, वायु और पृथ्वी के प्रदूषण से त्रस्त हैं, वहीं ध्वनि प्रदूषण भी कोई कम आफत नहीं है। एक तरफ गाड़ियों के बढ़ने से ध्वनि शोर में बदल रहे हैं तो दूसरी तरफ लाउड स्पीकर, बैंड-बाजे आदि भी शोर में वृद्धि करने की कसर पूरी कर रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों की बोलने की क्षमता इतनी अधिक होती है कि वे लगातार दिन-रात बोल सकते हैं। सिर्फ बोल सकते ही नहीं, बल्कि अपनी बात को मनवाने के लिए चिल्ला भी सकते हैं और बात में वजन डालने की मंशा से कटु वचन एवं कठोर वचन भी बोल सकते हैं, परंतु यदि गंभीरता से विचार किया जाए, तो इस सब की कतई आवश्यकता नहीं है।



लेखक : यश गोरा
समीप डीडी लाइंस, योल कैंप

बातूनी लोगों से अधिकतर लोग बचने की कोशिश करते हैं और कई बार तो उन्हें टालने के लिए झूठ का सहारा भी ले लेते हैं। इसके विपरीत जब कोई व्यक्ति कम, परंतु प्रभावशाली बोलता है तो ऐसे व्यक्ति को सुनने के लिए लोग लालायित रहते हैं। इसके साथ ही अपनी बात को सही सिद्ध करने के लिए हमें जोर से चिल्ला कर बोलने की भी कतई आवश्यकता नहीं होती। यदि हमारी बात सत्य है तो वह अवश्य ही प्रमाणित हो जाएगी। हो सकता है कि इसमें समय लगे, पर सत्य उजागर जरूर होता है। हमें दूसरों के साथ सदा वैसा ही व्यवहार करना चाहिए, जैसा हम स्वयं के लिए चाहते हैं। फिर भी इस बात को भूल कर और क्रोध, अहंकार या ईर्ष्या के वश होकर कई बार हम सामने वाले व्यक्ति के प्रति अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। हमें ऐसा लगता है कि हमारे ऐसे कटु शब्द सामने वाले व्यक्ति का अपमान करने में सहायक होंगे, जबकि वास्तव में होता इसके विपरीत है। हमारे ऐसे कटु वचन केवल हमारी मानसिकता का प्रदर्शन करवाने में सहायक होते हैं। कई लोग तो अपनी भाषा में गालियों तक का भी समावेश कर लेते हैं और बात-बात पर गाली का प्रयोग करते हैं।

गालियां ऐसे व्यक्ति के संस्कार में शामिल हो चुकी होती हैं, परंतु इसका उन्हें कई बार खामियाजा भी भुगतना पड़ता है, क्योंकि जब सामने वाला व्यक्ति सहनशील न हो तो वह भी प्रत्युत्तर दे सकता है और ऐसे में बात बिगड़ते देर नहीं लगती और नौबत मारपीट तक आ सकती है।



तभी तो संत कबीर ने कहा भी है-आवत गारी एक है, उलटत होई अनेक। कह कबीर नहीं उलटिए, रही एक की एक। जाहिर सी बात है गाली हो, या इसी प्रकार के कटु या कठोर बचन, ये किसी को अच्छे नहीं लगते। इसलिए जितना हो सके, हमें इनसे बचना चाहिए। शब्दों में इतनी शक्ति होती है कि वे किसी पर भी अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। यही कारण है कि प्राचीन समय में ऋषि-मुनियों के मंत्रोच्चारण में असीम शक्ति होती थी। केवल सतयुग ही नहीं, बल्कि कलियुग में भी हमारे पास ऐसे प्रमाण हैं, जो शब्दों की ताकत को बयां करते हैं। ऐसा ही एक प्रमाण सम्राट अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक तानसेन है, जो अपने शब्दों को राग में गा कर वर्षा तक लाने में सक्षम थे। द्रौपदी द्वारा दुर्योधन को कहे गए कटु वचन किस प्रकार महाभारत की रचना करने में सहायक हुए, यह भी सर्वविदित ही है। आज भी यह बात उतनी ही तर्क संगत है, जितनी की अतीत में थी। शब्द किसी के लिए मरहम का कार्य भी कर सकते हैं, तो वे किसी को जख्म भी दे सकते हैं। अतः हमें इनका इस्तेमाल बहुत ही सावधानी के साथ करना चाहिए।

किसी ने बिलकुल सही कहा है कि किसी भी जुबान (भाषा) को सीखने के लिए तीन महीने काफी होते हैं, परंतु जुबान का सही इस्तेमाल सीखने के लिए, तो सारी उम्र भी कम पड़ जाती है। बुरा बोलने से तो 'न बोलना' ही अच्छा है। यही कारण है कि अनेक विद्वान लोग कभी-कभी कुछ समय के लिए मौन धारण कर लेते हैं और उस समय का उपयोग स्वयं के चिंतन के लिए करते हैं। स्वचिंतन या ईश्वर की याद में रहकर ही सही ढंग से मौन-साधना की जा सकती है। अन्यथा पर-चिंतन की अवस्था में तो यह मात्र मुख का विराम ही रह जाता है। मन तो व्याकुलता से त्रस्त हो जाता है।

ईश्वर की राह पर चलने वाले अधिकतर लोग अपनी वाणी पर भी ध्यान देते हैं। वे मन, वचन और कर्म से कभी किसी का बुरा नहीं करते। वैसे तो कहने वाले ऐसा भी कहते हैं कि मीठी वाणी, दगाबाज की निशानी, परंतु ऐसे उदाहरण बहुत कम होते हैं। व्यापार करने वाले शायद ऐसा करते हों, तो कह नहीं सकते। कम बोलने वाला व्यक्ति अपनी ऊर्जा का उपयोग सार्थक सोचने-समझने एवं रचनात्मक कार्यों में कर सकता है। धीरे बोलने वाला व्यक्ति स्वयं के साथ-साथ वातावरण में शांति का प्रसार करने में सहायक होता है और मीठा बोलने वाला व्यक्ति वातावरण को सौहार्द पूर्ण बनाने में सक्षम होता है। ऐसा व्यक्ति लोगों के हृदय में निवास करता है। इसलिए सदा ध्यान रखें कि कम बोलें, धीरे बोलें और मीठा बोलें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री

कामिनी कौशल हिंदी फिल्मों की एक ऐसी अभिनेत्री और टीवी कलाकार, जिसने अपनी शालीनता से सभी का दिल जीत लिया। इनका वास्तविक नाम 'उमा कश्यप' था। फिल्मी नाम 'कामिनी कौशल' चेतन आनंद ने दिया और इसी नाम से यह जानी गईं। यूं तो कामिनी कौशल ने कई यादगार फिल्में दी हैं, किंतु फिल्म 'नीचा नगर' (1946) और 'बिराज बहू' (1955) में निभाई गई भूमिका के लिए उन्हें खासतौर पर जाना जाता है। इन फिल्मों में निभाई गई भूमिका के लिए कामिनी कौशल को पुरस्कार भी प्राप्त हुए थे। अपने समय के ख्याति प्राप्त अभिनेता दिलीप कुमार और राज कपूर के साथ कई फिल्में कर चुकीं कामिनी कौशल ने टीवी की दुनिया में कई धारावाहिकों में भी कार्य किया है। कामिनी कौशल का जन्म ब्रिटिश भारत के लाहौर (पंजाब) में हुआ था। कामिनी के पिता प्रोफेसर शिवराम कश्यप अंतरराष्ट्रीय स्तर के जाने-माने वनस्पति शास्त्री थे और लाहौर के ही 'गवर्नमेंट कॉलेज' में पढ़ाते थे। लाहौर के मशहूर 'बॉटैनिकल गार्डन' के संस्थापक होने के साथ-साथ वे साइंस कांग्रेस के अध्यक्ष भी थे। दो भाई और तीन बहनों में सबसे छोटी कामिनी कौशल के बड़े भाई डॉक्टर केएन कश्यप बतौर सर्जन कई सालों तक पीजीआई चंडीगढ़ से जुड़े रहे। छोटे भाई कर्नल एएन कश्यप। कामिनी कौशल की बहन की असामयिक ही मृत्यु हो गई थी, जिस कारण अपनी भतीजियों के भविष्य की चिंता उन्हें थी। अपनी भतीजियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ही कामिनी कौशल ने अपने जीजा ब्रह्मस्वरूप सूद से विवाह कर लिया और मुंबई आ गईं।



कामिनी कौशल
जन्म : 16 जनवरी, 1927

# शिलाई क्षेत्र में क्रिकेट के अनेक खेल सितारे

जैसे कहा जाता है कि खेल ऐसा महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है जो हम सभी के जीवन में एक बड़ी भूमिका अदा कर सकता है, अगर हम कड़ी मेहनत और अपनी प्रतिभा को तराशने में सफल होते हैं।

आज हम आप सभी तक जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के ऐसे अनेक ग्रामीण स्तर के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों का जिक्र करना चाहेंगे जिन्होंने वर्षों से क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की है और वर्तमान में भी क्रिकेट के क्षेत्र में जलवा कायम है, जिनमें कुछेक विभिन्न क्षेत्रों के मुख्यतः नाम इस प्रकार से है अनिल राणा गांव धिराईना गिरिपार के उम्दा बल्लेबाजों में से एक जिन्होंने वर्षों से ग्रामीण स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिताओं में अनेक खिताब अपने नाम किए हैं और वर्तमान में भी इनका जलवा कायम है, बलदेव राणा गांव मिल्ला ग्रामीण स्तर के बेहतरीन बल्लेबाजों में शुमार है, बलदेव राणा ने क्रिकेट के क्षेत्र में अनेक रिकॉर्ड बनाए हैं, दर्शक इनके बल्लेबाजी के कायल माने जाते हैं, रणदीप चौहान गांव शिल्ला इनका नाम ग्रामीण स्तर के क्रिकेट खिलाड़ियों में बड़े ही अदब और सम्मान के साथ लिया जाता है जो हमेशा से ही उम्दा बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, कौन्नू



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर




चौहान जी कुंहट गांव टीम कैप्टन ओर विकेट कीपर भी साथ ही गजब के बल्लेबाज माने जाते हैं, पिछले तीन साल से लगातार इनकी कप्तानी में टीम बहुत बेहतर हुई है सबसे बड़ी बात इस टीम के पास मैदान भी नहीं है, मगर फिर भी इस साल सीजन के चार टूर्नामेंट जीत लिए हैं।

यह संभव हुआ है इनकी कमाल की कप्तानी के कारण। काका राम शर्मा गांव टटियाना, अनिल कुमार गांव टटियाना, कुलदीप शर्मा गांव टटियाना, माया राम शर्मा गांव टटियाना इत्यादि अनेक खिलाड़ी अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाज गेंदबाज और विकेटकीपर रहे हैं, जिन्होंने अनेक रिकार्ड और खिताब अपने नाम किए तो वहीं शायान स्टार कफोटा (पाव) गांव से दया राम शर्मा, सीता राम शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, इत्यादि भी बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं, तो वहीं अधिवक्ता दिग्विजय सिंह, कुलदीप चौहान घासन, कुलदीप मालिया इत्यादि ने भी अनेक रिकार्ड अपने नाम किए हैं, ओपी चौहान जो गांव बांबल से संबंध रखते हैं। उम्दा ओपनर बल्लेबाज के लिए जाने जाते हैं। शिलाई 19 नवंबर में 127 रन भी बनाए है। आज तक दो शतक आए है 19 नवंबर में जिसमें एक शतक इनके नाम है। यह खिलाड़ी भी सिरमौर के लगभग सभी टूर्नामेंट खेल चुका है पीआरसी मटियाना के लिए भी खेलते नजर आते हैं।

विजय राणा गांव (धीराईना) राणा ब्रदर्स धीराईना ओपनर और विकेट कीपर, अनुज पोजटा टीम कप्तान, विकेट कीपर। पिछले काफी सालों से टीम की कप्तानी कर रहे है। पिछले साल का सीजन इनके नाम रहा है कम से कम 6 से 7 प्रतियोगिताएं और रनअप के साथ जीती है, टीम के अंदर जितना अनुशासन इनकी कप्तानी में रहा है। खेल मैदान बनाने की सुविधा उपलब्ध करवाना, आर्थिक रूप से सहयोग और खेल परीक्षण प्रदान करवाने का प्रयास करते है तो निसंदेह गिरिपार से विभिन्न खेल क्षेत्रों में प्रतिभा उबरकर सामने आएंगी, इसलिए उम्मीद करते हैं कि भविष्य में जिला सिरमौर के गिरिपार में भरपूर मात्रा में खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## कविता

## जीवन से परिचय



डॉ. कौमार्य मनोज

कुछ इस तरह से जीना सिखा गए मेरे गुरुवर।
अगर गिरते भी हैं हम, चोट लगती नहीं है।
पढ़ ली थी बचपन में, जो सारी किताबें।
आज जीवन परीक्षण में, आती नहीं हैं।
पर बातें जो सिखलाईं, समय ने है मुझको।
जीवन से परिचय, करवाती वही हैं।
मैं चलता गया, राह मिलते गए।
राह के कांटे, फूल बन खिलते गए।
यह जादू नहीं है, आशीर्वाद मेरे अपनों का।
वरना उसी राह पर, लाखों फिसलते गए हैं।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए, बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने हरियाणा के जींद में दबोचा

## लाखों के गहने चोरी करने के मामले में था वांछित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने लगभग एक वर्ष पुराने लाखों की चोरी के मामले को कड़ी मशक्कत के बाद सुलझा लिया है। पुलिस ने थाने में बीते वर्ष फरवरी माह में दर्ज एक गहने चोरी के एफआईआर में काफी दिनों से पुलिस की पहुंच से दूर चल रहे एक आरोपी को कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी को थाना के एएसआई दौलत राम और हेड कांस्टेबल हंसराज की टीम ने हरियाणा के जींद से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी की पहचान रघुबीर सिंह सिंह उर्फ बल्लू पुत्र टेकराम निवासी गांव गढ़वाल तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा के तौर पर हुई है।

गौरतलब है कि बीते वर्ष फरवरी 2024 में पुलिस थाना सुंदरनगर में एक महिला ने लाखों रुपए के गहने चोरी होने पर एफआईआर दर्ज करवाया था। शिकायतकर्ता महिला सुंदरनगर बस स्टैंड से ललित चौक के लिए बस में चढ़ी थी और बस से उतरने पर उसे लाखों रुपए के गहने गायब होने की जानकारी लगी थी। आरोपियों ने चलती बस में महिला के गहनों पर हाथ साफ कर दिया था। मामले



गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

**मामले में पहले से ही 2 आरोपियों को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार**

में पहले पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी एक वर्ष से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।

सुंदरनगर पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को अब गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस टीम ने आरोपी के गांव में उसकी तलाश की गई जिसे अब गिरफ्तार कर पुलिस थाना सुंदरनगर ले आई है। इससे पूर्व मामले में आरोपी जयपाल को जून महीने में जींद और आरोपी अनूप को सितंबर माह में रोहतक से पकड़ा गया था। पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर में दर्ज चोरी के एफआईआर में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## डॉ. आनंद बने अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के आलाकमान ने मंडी जिला के समाजसेवी डॉ. आनंद कागरा पर विश्वास जताते हुए हिमाचल की कमान डॉ. आनंद के हाथों में सौंप दी है। इस नियुक्ति पर डॉ. आनंद कागरा ने कांग्रेस आलाकमान प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं



अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के संस्थापक डॉ. एपी बेगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरसिंह धिंगान, राष्ट्रीय महामंत्री सचिन विष्णु सरवटे तथा राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी अशोक कुमार झा का धन्यवाद किया है। डॉ. कागरा ने बताया कि वे अपने कार्य को पूरी लगन और ईमानदारी से निभाएंगे।

डॉ. आनंद पिछले कई सालों से समाजसेवा के कार्यों में लगे हुए हैं और निरंतर जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहते हैं। डॉ. आनंद की प्रारंभिक शिक्षा पुरानी मंडी सरकारी स्कूल से हुई और बारहवीं सरकारी स्कूल भंगरोटू से की। इसके बाद डॉ. आनंद कागरा ने अपनी भौतिक चिकित्सक की डिग्री नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस जयपुर यूनिवर्सिटी से प्राप्त की। डॉ. आनंद 2008 में 15 वर्ष की उम्र में पहली वाल्मीकि सभा मंडी के सचिव नियुक्त हुए, उसके बाद 2011 में आनंद के नेक कार्यों के लिए एसपी मंडी मोहित चावला द्वारा भी सम्मानित किया गया। डॉ. आनंद कागरा ने 2016 में लोगों की मदद करने के लिए खुद की संस्था न्यू लाइफ लाइन के नाम से खड़ी की, जिसका उद्देश्य गरीब और बेसहारा लोगों की आर्थिक मदद करना है। संस्था ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 15 रक्तदान शिविर करवाए, जिनमें 800 यूनिट के आसपास रक्त एकत्रित हुआ।

# डीसी अपूर्व देवगन ने की लंबित फोरेस्ट क्लीयरेंस के 81 मामलों की समीक्षा



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी अपूर्व देवगन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के अंतर्गत लंबित फोरेस्ट क्लीयरेंस के 81 मामलों की बुधवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में समीक्षा की गई। वन वृत्त मंडी में 2022 से लेकर अब तक परिवेश 2.0 में 19 मामले, 2012 से लेकर 2022 तक के परिवेश 1.0 में 53 मामले और कोर्ट परिसरों के निर्माण के 9 मामले फोरेस्ट क्लीयरेंस के लिए दर्ज हैं।

**जल्द मिलेगी सलापड़-तत्तापानी सड़क को पर्यावरण मंजूरी**

फोरेस्ट क्लीयरेंस होने पर ही इन योजनाओं का निर्माण प्रशस्त हो सकेगा। उपायुक्त ने बैठक में एफसीए के लंबित मामलों को यूजर एजेंसियों के साथ एक-एक मामले की समीक्षा की और मामला लंबित होने के कारणों की पूरी जानकारी ली। उन्होंने लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने की चेतावनी देते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी से कार्य ने करने वाले अधिकारियों की कार्यप्रणाली को उनके उच्चाधिकारियों से अवगत करवाया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि मंडी वन वृत्त में पिछले एक वर्ष के दौरान एफआरए के 132 मामलों में से 121 मामलों को स्वीकृत कर दिया है। एफआरए के अधिकतर मामले लोक निर्माण, जल शक्ति, शिक्षा और ग्रामीण विकास विभाग के संबंधित थे। एक हेक्टेयर से कम वन भूमि के मामलों को एफआरए के तहत लाकर इनका निपटारा वृत्त स्तर पर ही कर दिया जाता है। एक हेक्टेयर से अधिक वन भूमि के मामलों को केंद्र सरकार को एफसीए केस बनाकर पर्यावरण मंजूरी के लिए भेजा जाता है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सलापड़-तत्तापानी सड़क की पर्यावरण मंजूरी बहुत जल्द मिल जाएगी। वन स्वीकृति के लिए इसकी सारी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है। जल शक्ति विभाग के धुनाग मंडल में दो पेयजल योजनाओं जंजैहली तथा ग्राम पंचायत सिराज व बालीचौकी ब्लॉक को परिवेश पोर्टल पर फाइनल स्वीकृति मिल गई है। डीएफओ अंबरीश शर्मा ने बैठक का संचालन किया। बैठक में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट सिद्धार्थ सरपाल, एडीएम डॉ. मदन कुमार, डीएफओ मंडी बसु डोगर और नाचन एसएस कश्यप सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## नागेश्वर महादेव कुड मंदिर में घृत पर्व की धूम

# 51 किलो मक्खन से किया भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

लड़भड़ोल तहसील क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर नागेश्वर महादेव कुड में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सात दिवसीय घृत पर्व का भव्य शुभारंभ हुआ। इस बार भक्तों ने महाकालेश्वर उज्जैन की शैली में भोलेनाथ को 51 किलो मक्खन और मेवे से सजाया।

यह मात्रा पिछले वर्ष के 21 किलो मक्खन के मुकाबले अधिक है। मंगलवार को देर शाम शिवलिंग का मक्खन से भव्य श्रृंगार किया गया, जिसके पूर्व भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना की। महंत विमल



51 किलो मक्खन से किया गया भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार।

गिरी ने बताया कि यह घृत पर्व का दूसरा आयोजन है और इस बार भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। उन्होंने कहा कि भक्तों के सहयोग से भोलेनाथ की प्रतिमा का निर्माण 51 किलो मक्खन से किया गया है, जिसे 21 जनवरी को हटाकर भक्तों में प्रसाद के रूप में बांटा जाएगा।

महंत विमल गिरी ने क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि इस पर्व में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग रहता है। इस आयोजन के दौरान मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है, जो इस पवित्र पर्व की पावनता और महिमा को और बढ़ा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# तेंदुए ने बछिया को किया घायल

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में बेसहारा पशु, जंगली जानवर आदि जहां फसल उजाड़ रहे हैं। वहीं, मनुष्यों एवं पालतू जानवरों को भी निशाना बना रहे हैं। गहरी बड़ी खड्ड घांघल तथा गंगयाहल नाले के बीच आबाद ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थली महादेव में बेसहारा छोड़े गए पशुओं सहित जंगली जानवरों के जानलेवा हमलों की घटनाओं का सिलसिला लंबा हो चला है।

बीती रात गंगयाहल नाले से सटे गांव लोअर महादेव निवासी धर्म सिंह उर्फ फागणु पुत्र मोहन के घर के साथ गौशाला में अचानक



उसकी बछिया पर तेंदुए ने हमला कर दिया। धर्म सिंह ने बताया कि उन्हें बछिया (गाय) की चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी, तो वे बाहर निकले और उन्होंने तेंदुए को भागते देखा। जब वे गोशाला के अंदर गए तो देखा कि बछिया के कान, पूंछ तथा शरीर के अन्य भागों में गहरे घाव थे और खून बह रहा था। यानी बछिया की जान तो बच गई, मगर वह लहूलुहान हालत में कांपे जा रही थी।

ऐसी दहशत की हालत में मौके पर उन्होंने घायल बछिया के घावों पर मरहम लगाया। प्रभावितों ने यह भी बताया कि अभी वे बेसहारा छोड़े बैल के हमले से भी नहीं उबर पाए थे कि अचानक उनके मवेशी पर हिंसक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। ऐसी घटनाएं बार-बार होने से डर का माहौल बनना स्वाभाविक सी बात है। प्रभावितों ने वन विभाग व उपायुक्त मंडी से गुहार लगाते हुए कहा कि तेंदुए की दहशत से मुक्ति दिलाने के लिए पिंजरा इत्यादि लगाने के ठोस उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में फिर ऐसी घटना न घट सके। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



पड्डल (मंडी) की शीला भारद्वाज को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### बघैर-रकतल पंचायत पर भ्रष्टाचार के आरोप

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विकास खंड चौंतड़ा की ग्राम पंचायत बघैर-रकतल में जनकल्याण समिति बघैर द्वारा प्रधान पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की जांच के लिए सोमवार को बीडीओ द्रंग विनय कुमार पंचायत कार्यालय पहुंचे। जनकल्याण समिति और पंचायत के उपप्रधान राम चौहान ने पंचायत में विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया था, जिसे लेकर प्रदेश सरकार को ज्ञापन भी भेजा गया था। लडभड़ोल पुलिस की निगरानी में जांच शुरू हुई, जहां पंचायत परिसर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी एकत्रित हुए। बीडीओ ने बताया कि उन्हें 19 से 20 शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच की जा रही है। जांच प्रक्रिया में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। इस बीच, बघैर-रकतल पंचायत की प्रधान आंचल कुमारी ने इन आरोपों को झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह फर्जी जनकल्याण समिति द्वारा लगाए गए निराधार आरोप हैं और सरकारी समय का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रधान ने जांच में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। जांच अधिकारी विनय कुमार ने कहा कि सभी तथ्यों की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा।

### साउथ स्टार ने किया 'मंडी री लुडी' का विमोचन

**रितेश, सरकाघाट।** लता पठानिया द्वारा गाई गई 'मंडी री लुडी' का विमोचन जिला कांगड़ा के मेडिकल कॉलेज टांडा के ऑडिटोरियम में साउथ स्टार नितिन मेहता ने किया। लता जो कि जिला मंडी की तहसील सरकाघाट से संबंध रखने वाली है तथा पेशे से अध्यापिका हैं और संगीत में भी रुचि रखती है। उन्होंने 2013 से संगीत के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया और अब तक लगभग 100 के करीब



हिंदी, पहाड़ी तथा संस्कृत गाने एल सीरीज यूट्यूब के माध्यम से प्रस्तुत किए हैं। अभी हाल ही में टांडा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में बेटियां फाउंडेशन के सौजन्य से नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड शो का आयोजन किया गया, जहां साउथ स्टार नितिन मेहता द्वारा मंडी री लूडी का विमोचन किया। इस अवसर पर लता पठानिया ने बेटियां फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. ज्योत्सना जैन, एमडी प्रांजल जैन, राष्ट्रीय संयोजक संदीप चौधरी सहित समस्त टीम का धन्यवाद किया।

### बल्ह में झुग्गी में मिला व्यक्ति का शव

**.अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** थाना बल्ह के अंतर्गत डडौर के नजदीक झुग्गी में एक व्यक्ति विशाल कुमार पुत्र जगदीश राज, निवासी वार्ड नंबर 19 लोअर शिव नगर कठुआ जम्मू एंड कश्मीर मृत अवस्था में पाया गया। जिसका पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज नेरचौक में करवा कर स्थानीय पुलिस धारा 194 बीएनएस के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। **वहीं,** एक अन्य मामले में थाना बल्ह में कुसुम देवी पत्नी हरि सिंह गांव सकरोहा तहसील बल्ह ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी गोशाला के पास बकरियों को पानी पिला रही थी तो चाचा ससुर हेत राम भी वहीं खड़े थे। उसी समय देवी सिंह अपने घर से उन दोनों की तरफ पत्थर मारने लगा। पत्थर की चोट सिर पर लगी। पत्थर मारने बारे पूछा तो देवी सिंह व कला देवी गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि तुझे नहीं छोड़ेंगे।

### लड़की के साथ मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्मपुर थाना लड़की के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार लड़की की माता ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी बेटी के साथ सेक्रेटरी बाग में अश्वनी कुमार (लव्वु) ने रास्ता रोक कर मारपीट की है। शिकायत में कहा है कि अश्वनी पहले भी ऐसा कर चुका है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### औट में अवैध 5 बोतल शराब बरामद, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना औट में अवैध शराब का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार मोहन लाल पुत्र भीमराम गांव बागी डाकघर सोमनचनी तहसील बालीचौकी जिला मंडी से 5 बोतलें अवैध शराब बरामद हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं दूसरे में मामले में गोविंद राम पुत्र मौलक राम गांव लोहारडा डाकघर बालू तहसील औट जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि कला देवी पत्नी वीरी सिंह गांव लोहारडा डाकघर बालू तहसील औट ने उसका रास्ता रोककर मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# एसपी साक्षी वर्मा की फेक फेसबुक आईडी के मामले में मिला सुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एसपी मंडी साक्षी वर्मा की फेक फेसबुक आईडी को लेकर पुलिस को कुछ सुराग मिले है। पुलिस जल्द ही नकली आईडी बनाने वाले को बेनकाब करने वाली है।

हालांकि, इस मामले में अभी कुछ समय और लगा सकता है, लेकिन पुलिस की जांच सही दिशा में जा रही है। कुछ दिनों से पुलिस नकली फेसबुक आईडी को ट्रेस कर रही थी और अंततः पुलिस को कई सबूत हाथ लगे हैं।

हैरानी की बात है कि यह फेक फेसबुक आईडी एक दो दिन पुरानी नहीं बल्कि तीन सप्ताह पुरानी है। यह फेक आईडी 24 दिसंबर 2024 को बनाई गई थी। मामले ने उस समय फिर तूल पकड़ा जब जन्मदिन को लेकर बधाई दी गई। इस बारे में एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि जल्द ही शातिर साइबर अपराधी को सबूतों सहित ट्रेस कर लिया जाएगा।




# आंगनबाड़ी केंद्र मल्हनु में मनाई गोद भराई

**आदर्श, नेरचौक**

बाल विकास परियोजना सदर मंडी के आंगनबाड़ी केंद्र मल्हनु-2 में पर्यवेक्षक संदीप चौहान की देख-रेख में समुदाय आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रठोहा की गर्भवती पुष्पा की गोद भराई करवाई गई, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुक्मिणी ने उनको भेंट दी। संदीप चौहान ने महिला एवं बाल विकास निदेशालय द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार, आयरन फोलिक एसिड लेना चाहिए। उन्होंने



आंगनबाड़ी केंद्र मल्हनु में एक कार्यक्रम के दौरान महिलाएं।

गर्भवती माताओं को प्रसव अस्पताल में ही करवाने बारे जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के लिए मां के दूध के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वयं सहयता समूह प्रधान ललिता, महिला मंडल प्रधान प्रेमलता वार्ड मेंबर कौशल्या, पुष्पा, विपन, मीरा, पायल, इशानी, प्रेमगायत्री, रीना, रजनी, कुंता, सिमरण, मनोरमा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# वित्तीय आदेश के खिलाफ लामबंद होंगे ठेकेदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश सरकार द्वारा निर्माण कार्यों में कार्यरत ठेकेदारों को उनके द्वारा किए गए कार्य का भुगतान न होने पर एकजुट होना आरंभ कर दिया है। सरकार और ठेकेदारों के वित्तीय संकट की इसी कड़ी में मंडी और कुल्लू जोन के सभी वरिष्ठ ठेकेदारों ने एक दुसरे से संपर्क कर फैसला लिया है कि वर्तमान हालातों को देखते हुए सभी ठेकेदारों को बुलाकर एक आपात बैठक की जाए। यह जानकारी हिमाचल ठेकेदार यूनियन के सचिव वरिष्ठ ठेकेदार केशव नायक ने दी।

इस संदर्भ में उन्होने मंडी जोन के सभी विभागों के ठेकेदारों जो निर्माण कार्य करते हैं से अनुरोध किया है कि शुक्रवार 17 जनवरी को 12 बजे सुकेत टूरिज्म कैफे सुंदरनगर में आपातकालीन बैठक में भाग लें। बैठक का मुख्य मुद्दा ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों की राशि के भुगतान पर सरकारी खजाने मे वित्त सचिव हिमाचल सरकार द्वारा रोक लगाये जाने के बारे मे विचार विमर्श रहेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश वित्त सचिव द्वारा ट्रेजरी के माध्यम से बड़े भुगतानों पर रोक लगा रखी है। जिसके चलते ठेकेदारों द्वारा किए गए निर्माण कार्यों के बिल विभाग द्वारा तो पास किए जा रहे हैं, लेकिन ट्रेजरी से पास नहीं हो रहे हैं। ऐसे में ठेकेदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते यह कदम उठाया है।

## विधायक दिलीप ने भूतपूर्व सैनिकों के साथ मनाया सेना दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की गौंटा पंचायत के प्रांगण में सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने भूतपूर्व सैनिकों के साथ सेना दिवस मनाया। सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जसवंत सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिक कै. कश्मीर सिंह को विधायक दलीप ठाकुर ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। कश्मीर सिंह ने इस मौके कहा कि बीजेपी ने हमेशा सैनिकों का मान-सम्मान बढ़ाया है। कै. जसवंत सिंह, कैप्टन कश्मीर, सूबेदार बंसी राम, डीएसपी अजनी कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक ने गौंटा पंचायत में लाखों रुपए की सौगातें दी।

# निक्षय शिविर में 151 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

राष्ट्रीय क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिन जन भागीदारी अभियान के तहत नागरिक चिकित्सालय लडभड़ोल में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षय रोग की दृष्टि से संवेदनशील 151 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें 102 स्क्रीनिंग, 43 एक्स रे तथा 6 सीबी नाट नमूना जांच शामिल हैं।

खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) लडभड़ोल डॉ. लाल सिंह ने बताया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे 100 दिन जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित बनाते हुए सिविल अस्पताल परिसर लडभड़ोल में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 151 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 102 स्क्रीनिंग, 43 के एक्स-रे तथा 6 सीबी नाट नमूना



जांच शामिल है। उन्होंने बताया कि 100 दिवसीय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर अन्य विभागों के सहयोग से आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं द्वारा क्षय रोग के निर्धारित 10 लक्षणों को केंद्रित करते हुए नियमित तौर पर लोगों का डेटा एकत्रित किया जा रहा है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। लोगों को जांच के लिए नागरिक अस्पताल लड़भड़ोल या जोगिंद्रनगर भेजा जाता है। बीएमओ ने बताया कि 100 दिन जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत 16 ऐसे समूहों को चिन्हित किया है, जो क्षय रोग कि दृष्टि से संवेदनशील हैं। (अनंत ज्ञान)

**गुहार** | **अस्पताल प्रशासन सफाई मजदूरों को कर रहा परेशान, भेड़ बकरियों की तरह किया जा रहा है व्यवहार**

# सफाई मजदूरों ने मांगों को लेकर एसएमओ को सौंपा मांग पत्र

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सीटू से संबंधित आउटसोर्स सफाई मजदूर यूनियन सरकाघाट अस्पताल कमेटी ने आज अपनी मांगों को लेकर एसएमओ डॉ. देशराज शर्मा को मांगपत्र सौंपा, जिसका नेतृत्व सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह और यूनियन प्रधान रेखा देवी और उपप्रधान सत्या देवी ने किया और सीता देवी, इंदिरा, कृष्णा, रीना, सरला, रत्नी, सुलक्षणा, कंचना, आशो, विनोद कुमार और जगदीश भी इस दौरान उपस्थित थे।

मांगपत्र में मजदूरों को बैठने के लिए बड़ा व उपयुक्त कमरा उपलब्ध कराने, कानून के अनुसार मजदूरों को रविवार के अलावा आकस्मिक व मेडिकल अवकाश देने, पहचान पत्र जारी करने, मजदूरों से सफाई के अतिरिक्त काम न करवाने, स्वास्थ्य कार्ड बनाने, लंबे समय से



सफाई मजदूर मांगों को लेकर एसएमओ को मांगपत्र सौंपते हुए।

अस्पताल में भर्ती एक बुजुर्ग व्यक्ति की देखभाल के लिए किसी विशेष सेवादार को नियुक्त करने तथा लंच अवकाश के दौरान अस्पताल परिसर से बाहर जाने पर लगी रोक हटाने के अलावा पिछले दिनों एक महिला सफाई मजदूर से छेड़खानी व अश्लीलता करने वाले सेवादार जो आमतौर पर ड्यूटी के समय नशे में रहता है उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की मांग की गई है।

इसके अलावा आउटसोर्स मजदूरों को रेगुलर करने की नीति बनाने की भी मांग की गई। सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने कि डेढ़ दर्जन मजदूरों को सीढ़ियों के नीचे एक बैंच पर बैठने के लिए जगह दी है, जहां डेढ़ दर्जन मजदूरों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंसा गया है, जो अस्पताल प्रशासन की मजदूरों के प्रति मानसिकता को दर्शाता है और श्रम कानूनों का भी उल्लंघन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इन मजदूरों को पहचान पत्र भी उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं और न ही स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं। यूनियन की प्रधान व सचिव ने बताया कि पिछले दिनों अस्पताल में कार्यरत चपरासी द्वारा सफाई मजदूर से की गई छेड़छाड़ की शिकायत पुलिस में न करने के लिए उस महिला पर दबाव डाला गया। यही नहीं उनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज होने के बाबजूद उसके खिलाफ अस्पताल प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है और उल्टा अस्पताल प्रशासन अब सभी सफाई मजदूरों को जान-बूझकर तंग कर रहा है और यह सब बदले की भावना से किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### मांगों को पूरा नहीं किया तो करेंगे धरना-प्रदर्शन

**यूनियन** पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले दो महीने से एक बुजुर्ग पुरुष मरीज यहां पर एडमिट है जिसके साथ कोई परिवार का सदस्य अटेंडेंट नहीं है और उनका सारा काम भी हमारे से करवाया जा रहा है। मजदूरों को श्रम कानूनों के अनुसार आकस्मिक और मेडिकल लीव नहीं दी जाती है, इसलिए आज यूनियन ने उन्हें मांगपत्र सौंपकर विरोध दर्ज करवाया है और उनके मांगपत्र में दर्शाई मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की है और ऐसा न होने पर यूनियन इसके लिए धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी। मांगपत्र पर डॉ. देशराज ने बताया कि वे मजदूरों की मांगों को पूरा करने के लिए जल्द कदम उठाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने महंत अवतार गिरि से लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, ऊना।** देव धाम फाउंडेशन मीरा आश्रम बाथू में वार्षिक सम्मेलन में जूना अखाड़ा के महंत अवतार गिरि जी से आशीर्वाद ग्रहण करते विधायक विवेक शर्मा, साथ में हैं संस्था के ट्रस्टी पवन ठाकुर और अन्य गणमान्य।

### सहकार भारती ऊना ने मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, अंब।** सहकार भारती ऊना द्वारा अपना स्थापना दिवस अंब में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकार गीत से किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विभाग संगठन प्रमुख यशपाल रनौत व प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र जगोता ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रमुख विजय कुमार, जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार व जिला महामंत्री तरसेम चंद, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी जरियाल तथा प्रांत विपणन प्रकोष्ठ के प्रमुख अशोक पठानिया भी उपस्थित रहे। यशपाल रनौत ने कार्यकर्ताओं को संगठन के गठन की पृष्ठभूमि बताई और संगठन द्वारा किए गए कार्यों से अवगत करवाया। जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार ने जिले में सहकार भारती की गतिविधियों को बढ़ाने तथा अधिक से अधिक सहकारी सभाओं तक पहुंच बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम में संगठन के कार्यकर्ताओं, जिला ऊना की सहकारी सभाओं के पदाधिकारियों, कर्मचारियों, सदस्यों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, सहकारजनों और महिला शक्ति तथा ऊना जिले के सहकारिता जगत के गणमान्यों ने भाग लिया।

### शिक्षा उपनिदेशक से मिला प्रवक्ता संघ का दल



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला ऊना ने शिक्षा उपनिदेशक नीलम कुमारी, शिक्षा उपनिदेशक उच्च अनिल कुमार, शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक सोम लाल धीमान से एक शिष्टाचार मुलाकात की और प्रवक्ता संघ ने सभी उपनिदेशकों को आश्वासन दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता के जो भी दिशा-निर्देश होंगे, उन्हें पूरी लगन से पूरा किया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रवक्ता संघ के प्रांतीय संगठन व प्रेस सचिव राजन शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास रतन, जिला अध्यक्ष दविंदर देवी, उपाध्यक्ष राकेश मल्होत्रा, महासचिव शशि सैनी, स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष संजीव शर्मा, अमरदीप, रामकुमार, अटल, नवीन, अशोक हांडा, बिहारी लाल इत्यादि उपस्थित थे।

### मेगा शिविर के सफल आयोजन की बधाई दी

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक दलीप ठाकुर ने धानाकलां में मेगा शिविर के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त की उन्होंने कहा कि मेगा शिविर के आयोजन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धानाकलां के प्रधानाचार्य संजीव पराशर एवं स्कूल के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर के समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन मंच साबित हुआ है। इस प्रकार के विशेष शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, समाज सेवा की भावना के साथ-साथ छिपी प्रतिभा उभारने का बेहतरीन प्रयास है। मेगा शिविर में प्रदेश भर के विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की संस्कृति को एक मंच पर लाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार ने भी कई विचार राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति साझा किए। डॉ. राजकुमार ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि ऊना जिले में लगातार मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह जिला ऊना के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक दिले राम चौहान, हिमाचल प्रदेश के पूर्व सदस्य राज्य सलाहकार समिति डॉ. राजकुमार भी उपस्थित रहे।

### संतोषगढ़ का जोड़ मेला 21 जनवरी से



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोषगढ़ के एतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में इस बार भी 21-22 जनवरी को जोड़ मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को विश्रामगृह ऊना में श्री गुरु रविदास जोड़ मेला कमेटी एवं गुरु रविदास सभा संतोषगढ़ ने पत्रकार वार्ता की। जोड़ मेला कमेटी के चेयरमैन बलवंत सिंह ने बताया कि इस बार 19वां सालाना जोड़ मेला समाज के नेता दिवंगत राम दास भाटिया को समर्पित रहेगा। उन्होंने बताया कि जोड़ मेले में 21 जनवरी को विशाल शोभायात्रा संतोषगढ़ गुरु रविदास मंदिर से शुरू होकर वाया नंगड़ा ऊना पहुंचेगी। बहडाला में लंगर होगा तो वापसी बसदेहड़ा होते हुए शोभायात्रा का समापन संतोषगढ़ मंदिर में होगा। 22 जनवरी को हिमाचल पंजाब से संत समाज गुरु की शबद वाणी से संगत को जोड़ेंगे। इसके अलावा पंजाब के प्रसिद्ध गायक कांशीनाथ, विजय रंगीला गुरु रविदास महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे, जबकि कथा कीर्तन भाई सत्नाम सिंह व भाई बलराम सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं की ओर से प्रेरक प्रदर्शनी भी आयोजन की शोभा बढ़ाएगी। इस दौरान पूर्व विधायक शिंगारा राम सहूंगड़ा के परिवार से उनकी पत्नी सुमन देवी व बेटा बेटा कुंवर जगवीर सिंह सहूंगड़ा विशेष रूप से पहुंचे, जबकि गुरु रविदास सभा संतोषगढ़ के प्रधान एडवोकेट कुलदीप बैंस, सीनियर उपप्रधान बचन चंद पटेल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, एडवोकेट नरेश कुमार सैंसोवाल, शकुंतला संधू, बलदेव चंद, कश्मीरी लाल सिंघा, बलराम महे, पूर्व प्रधान मदन लाल, राजकुमार, सेवानिवृत्त डीएसपी चमन लाल भाटिया, राज कुमार महे, बिट्टू आदि गण्यमान्य मौजूद रहे।

# काम न होने से क्षुब्ध पंचायत समिति सदस्यों ने किया बैठक का बहिष्कार

## बोले-लोगों के सामने कैसे जाएं, पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लड़कर की गलती

**सन्नी पुरी, गगरेट**



पंचायत समिति सदस्य त्रैमासिक बैठक का बहिष्कार करते हुए।

पंचायत समिति गगरेट के सदस्यों द्वारा पारित करवाए गए कार्य धरातल पर न उतर पाने के चलते पंचायत समिति सदस्यों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। बुधवार को खंड विकास कार्यालय में आयोजित पंचायत समिति की त्रैमासिक बैठक का काम न होने से क्षुब्ध समिति सदस्यों ने सामूहिक बहिष्कार कर दिया।

पंचायत समिति सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि वे भी जनता द्वारा चुने गए नुमाइंदे हैं और अगर उनके द्वारा पारित करवाए गए विकास कार्य ही धरातल पर नहीं होंगे तो वे क्या मुंह लेकर जनता के बीच जाएंगे। हालांकि पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी समिति सदस्यों को मनाने में जुटे रहे लेकिन समिति सदस्य किसी भी सूरत में नहीं मानें। पंचायत समिति गगरेट की चेयरपर्सन रीता धीमान ने बताया कि पिछली कई बैठकों में पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पारित शेल्फ के कार्य ग्राम पंचायतों के माध्यम से करवाने का मामला उठाया गया।

समिति सदस्य हर बार उनके द्वारा बताए गए कार्यों को भी अधिमान देने की मांग करते रहे लेकिन ग्राम पंचायतों में समिति सदस्यों द्वारा पारित कार्यों को करवाने की किसी ने तरजीह नहीं दी। जो कार्य शुरू भी हुए वे खत्म नहीं हो पाए। कई बार बैठक में समिति सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाया और समिति सदस्यों द्वारा पारित लंबित पड़े कार्यों पर पंचायत सचिवों से भी रिपोर्ट तलब की, लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ।

पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन प्रिंस ठाकुर ने कहा कि पंचायत समिति सदस्य भी जनता द्वारा चुने हुए नुमाइंदे हैं, जब उनके द्वारा बताए कार्य ही नहीं होंगे तो वे क्या मुंह लेकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि समिति सदस्यों को यह तक लगने लगा है कि उन्होंने पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लड़कर कोई बहुत बड़ी गलती कर दी है। उधर, खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली ने बताया कि समिति सदस्यों की काम को लेकर कुछ शिकायतें थीं। उन्हें अपनी शिकायतें लिखित में देने को कहा गया है ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके। (अनंत ज्ञान)

# पंचायत समिति गगरेट की चेयरपर्सन के विरुद्ध आ सकता है अविश्वास प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**गुप्त बैठक में हुआ खाका तैयार**

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के करीब दो साल बाद पंचायत समिति गगरेट में भी तख्तापलट की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। पंचायत समिति चेयरपर्सन रीता धीमान को पदच्युत करने के लिए कई समिति सदस्य अंदरखाते लामबंद होना शुरू हो गए हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में समिति चेयरपर्सन के विरुद्ध कभी भी अविश्वास प्रस्ताव आ सकता है। पंचायत समिति चेयरपर्सन रीता धीमान के स्थान पर कुनेरन वार्ड से समिति सदस्य बीना बंसल या फिर सरला देवी की चेयरपर्सन पद पर ताजपोशी हो सकती है।

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद बेशक तत्कालीन विधायक चैतन्य शर्मा के समय पंचायत समिति में तख्तापलट नहीं हो पाया लेकिन विधायक राकेश कालिया के विधायक बनने के बाद अब भाजपा समर्थित चेयरपर्सन रीता धीमान की कुर्सी खतरे में लग रही है। कई पंचायत समिति सदस्यों ने ही अंदरखाते उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पंचायत समिति गगरेट में समिति सदस्यों की संख्या 20 है। बताया जा रहा है कि मौजूदा समय में सोलह से ज्यादा समिति सदस्य एक तरफ हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार को समिति की बुलाई गई। बैठक के बाद कुछ समिति सदस्यों की एक गुप्त बैठक भी हुई है, जिसमें समिति चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने का खाका भी तैयार हो गया है। ऐसे में अब चेयरपर्सन की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराते दिखाई दे रहे हैं।

पंचायत समिति चेयरपर्सन का पद अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला के लिए ही आरक्षित है, ऐसे में चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद समिति सदस्य बीना बंसल चेयरपर्सन पद के लिए प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। बीना बंसल कांग्रेसी खेमे से मानी जाती हैं। समिति सदस्यों का यह दांव सही बैठा तो चेयरपर्सन पद भाजपा के हाथों फिसल कर सीधा कांग्रेस के हाथ में चला जाएगा। बैठक में शामिल एक समिति सदस्य ने इसकी पुष्टि की है।

# आतमा योजना के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती के बताए लाभ



किसान गोष्ठी में शामिल चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू व अन्य।

**अनंत ज्ञान, अंब**

कृषि विभाग द्वारा आतमा योजना के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। बुधवार को धंदड़ी में आयोजित कार्यक्रम में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई।

बबलू ने कहा कि किसान अपने खेत की जमीन का तथा अपना स्वयं का स्वास्थ्य प्राकृतिक खेती द्वारा ही ठीक कर सकते हैं। लगातार एक फसल चक्र व अंधाधुंध उर्वरकों और दवाइयों का प्रयोग करने से भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण हो चुकी है। भूमि का कार्बनिक पदार्थ समाप्त होने के कगार पर है, भूमिगत जल प्रदूषित हो चुका है। उन्होंने प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जमीन व जल की रक्षा करना किसानों का पहला कर्तव्य है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ जीवन व साफ जल मिल सके। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

इस मौके पर कृषि विभाग के परियोजना निदेशक वीरेंद्र कुमार बग्गा, सहायक परियोजना निदेशक शामली गुप्ता, आतमा प्रोजेक्ट ब्लॉक अंब के चेयरमैन स्वर्ण सिंह ढिल्लों, सोनू संधू, एसएमएस अंब रमेश लाल, गुरमीत सिंह, डॉ. राकेश शर्मा, कृषि मत्स्य अधिकारी दिओली राम सिंह, प्रधान प्रियदर्शनी, डॉ. स्वदेश चौधरी, दविंदर लट्टू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अब दिल्ली में होगा भाजपा मंडल गगरेट और कुटलैहड़ के अध्यक्षों का फैसला

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**सबका साथ, सबका विकास का मूल मंत्र लेकर चली भाजपा नहीं कर पा रही है घोषणा**

सबका साथ, सबका विकास का मूल मंत्र लेकर चली भाजपा विधानसभा क्षेत्र गगरेट व कुटलैहड़ में भाजपा मंडल अध्यक्षों के फेर में ऐसी फंसी है कि चाहकर भी यहां भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा नहीं हो पा रही है। बेशक ऊना जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी हो गई है, लेकिन गगरेट व कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा मंडल अध्यक्षों के चयन के लिए रखी गई बैठकें ऐन मौके पर टाल दी गईं।

हालांकि, इन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा मंडल अध्यक्षों के चयन के लिए तैनात किए गए पर्यवेक्षक भी अपने-अपने घरों से निकल पड़े थे, लेकिन आलाकमान की आई एक फोन कॉल ने इनके रास्ते भी रोक दिए। माना जा रहा है कि गगरेट से भाजपा प्रत्याशी रहे चैतन्य शर्मा व कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी रहे देवेंद्र भुट्टो के मनपसंद प्रत्याशियों का चयन न होने के चलते अब इन दोनों मंडलों में मंडल अध्यक्षों का फैसला दिल्ली में होगा। दरअसल विधानसभा क्षेत्र गगरेट में भाजपा मंडल अध्यक्षों के लिए इस बार कई चेहरे सामने आए थे। सूत्रों की मानें तो इनमें भी भाजपा प्रत्याशी रहे चैतन्य शर्मा अपनी पसंद के मंडल अध्यक्षों की तैनाती चाहते थे तो कुटलैहड़ में भी मंडल अध्यक्षों की तैनाती को लेकर आम राय नहीं बन पा रही थी। यही वजह रही कि अब तक यहां के मंडलों में मंडल अध्यक्षों की तैनाती नहीं हो पाई थी।

इससे पहले भी जिला भाजपा अध्यक्ष का चुनाव इन मंडलों में मंडल अध्यक्षों की तैनाती न होने की सूरत में टालना पड़ा था। हालांकि उम्मीद जताई जा रही थी कि बुधवार को पार्टी द्वारा भेजे जा रहे पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी हो जाएगी, लेकिन भाजपा हाईकमान ने ऐन मौके पर कुटलैहड़ व गगरेट भाजपा मंडलों के अध्यक्षों की ताजपोशी रोक दी। माना जा रहा है कि भाजपा हाईकमान पर सिर चढ़कर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे चेहरों का जादू बोला और मंडल अध्यक्षों की तैनाती से चंद घंटे पहले ही इस फैसले को पलट दिया गया। बताया जा रहा है कि अब कुटलैहड़ व गगरेट भाजपा मंडल के अध्यक्षों का निर्णय दिल्ली में होगा।

भाजपा मंडल गगरेट के अध्यक्षों की ताजपोशी के लिए तैनात किए गए पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री राजीव सहजल का कहना है कि कुछ कारणों से भाजपा मंडल गगरेट के अध्यक्षों का चुनाव टाल दिया गया है। इस पर निर्णय अब बाद में होगा।

उधर, विधानसभा उपचुनाव में गगरेट से भाजपा प्रत्याशी रहे चैतन्य शर्मा का कहना है कि भाजपा मंडल अध्यक्षों का चुनाव रद्द कर दिया गया है। अब इस बावत फैसला दिल्ली में होगा। वहीं, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर का कहना है कि पूर्व मंत्री राजीव सहजल आए थे और उनकी मौजूदगी में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया गया है।

# राशन कार्डों को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया जारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राजीव शर्मा ने बताया कि जिला में ई-केवाईसी के तहत राशन कार्डों को आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है, ताकि समस्त पात्र लाभार्थियों की पहचान की जा सके और उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला में 3,25,955 उपभोक्ताओं की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, जबकि शेष उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है, उनके राशन कार्डों को अस्थायी रूप से ब्लॉक कर दिया जाएगा।

राजीव शर्मा ने सभी राशन कार्ड धारकों से अपील की कि वे शीघ्र अपने राशन कार्ड के साथ ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। राजीव शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा ई-केवाईसी प्रक्रिया के लिए दूरभाष के माध्यम से कोई संपर्क नहीं किया जा रहा है और न ही किसी प्रकार का ओटीपी मांगा जा रहा है।

# विधायक विवेक ने जनसमस्याओं के मौके पर समाधान के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



जोगीपंगा में विधायक विवेक शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र के कार्यालय जोगीपंगा में जनसमस्याएं सुनीं और समाधान एवं क्षेत्रीय विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने के अधिकारियों को मौके पर ही आदेश दिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे।

विधायक विवेक शर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि इन मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत और नए निर्माण के लिए योजनाएं पहले ही प्रस्तावित की जा चुकी हैं, संबंधित विभागों के साथ इनकी गति बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार के साथ संवाद किया जा रहा है और जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए विवेक शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के स्कूलों में अधूरे पदों को भरने और शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में स्वच्छता अभियान, हरित क्षेत्र बढ़ाने, और महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है।

उन्होंने स्थानीय पंचायतों और विकास समितियों से अपील की कि वे क्षेत्रीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की भागीदारी से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, सुदेश शर्मा, देसराज, निर्मला देवी, अवतार सिंह, कुशल के अलावा पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# कालिया ने जाना कांग्रेस नेता का कुशलक्षेम

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



प्रीतम सिंह का हालचाल जानते राकेश कालिया, साथ हैं उपप्रधान अजय पॉल सिंह।

विधायक राकेश कालिया कलोह पंचायत के पूर्व वार्ड पंच वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रीतम राणा के घर पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ गांव कलोह के उपप्रधान अजय पॉल सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने बीमार चल रहे प्रीतम राणा के स्वास्थ्य की जानकारी उनकी पत्नी शारदा देवी से ली।

विधायक राकेश कालिया से मिलकर प्रीतम राणा काफी भावुक हो गए। उन्होंने राकेश कालिया को बड़ा नेता बताया और बतौर जब से ग्रेड के विधायक बने हैं, उनके द्वारा करवाए गए विकास कार्यों की सराहना की। राकेश कालिया ने प्रीतम राणा के के बारे कहा कि बीमार होने के बावजूद एक प्रीतम राणा का जोश कम नहीं हुआ है, यही एक सच्चे और कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ता की पहचान है।

गौर हो कि प्रीतम राणा गगरेट ब्लॉक कांग्रेस कांग्रेस के बड़े नेता हैं और संगठन तथा ग्राम पंचायत में कई बड़े और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। वह कलोह पंचायत में 15 वर्षों तक पंचायत में प्रतिनिधित्व दे चुके हैं। प्रीतम राणा की गिनती कर्मठ और वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में होती है।






**आक्रोश** कुटलैहड़ भाजपा के मंडलाध्यक्ष को लेकर आयोजित बैठक विवादों में घिरी

# हाईकमान के संदेश के बाद कार्यकर्ताओं में फैला रोष

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ भाजपा मंडलाध्यक्ष को लेकर आयोजित होने वाली बैठक में मौजूद गणमान्य।

कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर आयोजित बैठक मंगलवार को विवादों में घिर गई। बैठक में चुनाव प्रभारी बिहारी लाल शर्मा जो प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री हैं, ऊना मुख्यालय तो पहुंच गए, लेकिन कुटलैहड़ भाजपा की बैठक में नहीं पहुंचे और उनके न पहुंचने से पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी गई, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। जानकारी के अनुसार बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए बुलाई गई थी, जिसमें दो भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर और देवेंद्र कुमार भुट्टो अपने समर्थकों सहित चयनित स्थल गोशाला थानाकास समय पर पहुंच गए थे और कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि आज अध्यक्ष की नियुक्ति लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न होगी, लेकिन चुनाव प्रभारी बिहारी लाल की अनुपस्थिति के कारण बैठक आगे नहीं बढ़ पाई और हाई कमान से बैठक रद्द करने का संदेश पहुंच गया। बैठक के रद्द होने पर कार्यकर्ताओं ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे नेतृत्व की गंभीर लापरवाही करार दिया और कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का अपमान है।


कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की अव्यवस्थित प्रक्रिया पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है। स्थानीय नेताओं ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उपस्थित नेताओं ने बताया कि बैठक रद्द होने के कारणों की जांच की जाएगी और शीघ्र ही नई तारीख की घोषणा की जाएगी। यह घटना कुटलैहड़ में भाजपा संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। कार्यकर्ताओं की मांग है कि नेतृत्व इस मामले को गंभीरता से ले और जल्द से जल्द समाधान निकाले ताकि पार्टी के भीतर विश्वास बहाल किया जा सके और संगठन का चुनाव जल्द किया जाए।

वहीं, कुटलैहड़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने कहा कि दोबारा बैठक रखी जाएगी और यह बैठक क्यों रद्द की गई, का पता किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व विधायक भुट्टो, जिप सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, बलराम बबलू, संतोष सैनी, राजेंद्र मलांगड, सुभाष शास्त्री, सूरम सिंह, राजेंद्र रिंकू, मदन राणा, सतीश धीमान आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 26 जनवरी से पूर्व अपना दावा विघटक के समक्ष प्रस्तुत करें

दि ऊना जिला सहकारी बैंक एंव स्टेट बैंक आफ पटियाला वेतनभोगी ऋण व वचत सहकारी सभा सीमित सभा सहायक पंजीयक, सहकारी सभाएं, ऊना द्वारा दिनांक 29.04.2023 को विघटन में डाली गई थी। सभा के बहुत से सदस्य या तो कार्यक्षेत्र से स्थानांतरित हो चुके हैं या वाहर जा चुके हैं। यह जानकारी देते हुए श्री कुशल कुमार, विघटक कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी सभाएं, ऊना ने वताया कि चूंकि सभा का समयावधि में भी समाप्त किया जाना है अतः सभा के समस्त सदस्यों/लेनदारों से अनुरोध है कि 26.01.2025 से पूर्व अपना दावा विघटक के समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा व सभा को समाप्त करने हेतु अंतिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# डीसी कुल्लू ने सीएम सुक्खू को दिया विंटर कार्निवाल का निमंत्रण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पर्यटन नगरी मनाली में इस बार 20 से 24 जनवरी तक राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल आयोजित होने जा रहा है।

हर साल विंटर कार्निवाल हालांकि 2 से छह जनवरी तक मनाया जाता था, लेकिन इस बार पहली बार इसे 20 से 24 जनवरी तक मनाया जाएगा। राष्ट्र स्तरीय इस समारोह का शुभारंभ हर साल प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करें और इसका शुभारंभ करें इसको लेकर डीसी तोरूल एस रवीश ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 20 से 24 जनवरी तक मनाली में मनाए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कार्निवाल कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री को निमंत्रण पत्र भेंट कर उन्हें समारोह में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का छंदा दिया।

# मलाणा गांव में चलता है देवता का अपना कानून

## 2500 की आबादी वाले मलाणा में बुजुर्ग करते हैं बाहरी लोगों से हाथ मिलाने व उन्हें छूने से परहेज, नई पीढ़ी को नहीं प्रतिबंध

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र वाले जिला कुल्लू के मलाणा गांव का आज भी अपना ही अलग कानून है। 2500 के करीब आबादी वाले इस गांव का इतिहास देवता जमलू (जमदग्नि ऋषि) के बिना अधूरा है।

यहां के लोग देवता जमलू के ही कानून और आदेशों की पालना करते हैं। देवता जमलू इस गांव की शासन व्यवस्था पर नियंत्रण बनाए रखते हैं। इस गांव के लोग अपनी संस्कृति, रिति-रिवाज और प्राचीन परंपराओं को आज भी सहेज कर रखे हैं। गूर के माध्यम से देवता जमलू जो आदेश देते हैं, उसी को माना जाता है। यहां के बाशिंदे खुद को सिकंदर का वंशज मानते हैं। मान्यतानुसार महान शासक सिकंदर अपनी फौज के साथ मलाणा क्षेत्र आया था। भारत के कई क्षेत्रों पर जीत हासिल करने और राजा पोरस से युद्ध के बाद सिकंदर के कई वफादार सैनिक जख्मी हो गए थे। सिकंदर खुद भी थक गया था और वह घर वापस जाना चाहता था, लेकिन ब्यास तट पार कर जब वह यहां पहुंचा तो, उसे क्षेत्र का शांत वातावरण बेहद पसंद आया। वह कई दिनों तक यहां ठहरा, जब वह वापस गया तो उसके कुछ सैनिक यहीं ठहर गए और बाद में उन्होंने यहीं पर अपने परिवार बनाकर यहां गांव बसा लिया। पंचायत प्रधान भागीराम के अनुसार गांव की सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए इस तरह के कठोर नियम-कानून बनाए हैं। नियमों के तहत गांव में किसी भी सैलानी को किराये पर नहीं रख सकते हैं और न ही अपने घरों का इस्तेमाल गेस्ट हाउस के रूप में कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अजब है बोली

**मलाणा** के लोग कनाशी नाम की बोली बोलते हैं, जो बेहद ही रहस्यमय है। वो इसे एक पवित्र जुबान मानते हैं। सिर्फ मलाणा गांव में बोली जाने वाली इस भाषा को बाहरी लोगों को नहीं सिखाया जाता। मलाणा के बुजुर्ग बाहरी लोगों से हाथ मिलाने और उन्हें छूने से भी परहेज करते हैं। हालांकि, यहां की नई पीढ़ी इन सब बातों को नहीं मानती, उन्हें किसी बाहरी व्यक्ति से बात करने, हाथ मिलाने या गले मिलने से कोई परहेज नहीं है।

### अपराध पर सजा देते हैं देवता

**गांव** में यदि कोई अपराध करता है, तो उसे सजा कानून नहीं, बल्कि देवता जमलू देते हैं। देवता गूर के माध्यम से अपना आदेश सुनाते हैं। अपनी इसी खास परंपरा, रीति-रिवाज और कानून के चलते इस गांव को दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र कहा जाता है। यदि देवता नाराज होते हैं, तो पूरे गांव में तबाही आ जाती है।







अनंत ज्ञान स्पैशल

**सदियों** से देवता के आदेशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है और आगे भी देव आदेशों की पालना होगी। देव आदेशानुसार अवहेलना करने वाले को जुर्माना और हुक्का पानी बंद करने का प्रावधान है। ग्रामीणों के लिए देव आदेश ही सर्वोपरि हैं।

**राजू राम, प्रधान मलाणा पंचायत।**

### मंदिर व अन्य चीज को छूने पर मनाही

**पार्बती** घाटी में बसे मलाणा गांव में देवता जमलू के मंदिर में किसी भी चीज को छूने पर मनाही है। गांव में प्रवेश से पहले प्रवेश गेट पर लगे अंग्रेजी और हिंदी में लिखे नियम व कानून को पढ़ना बेहद जरूरी होता है क्योंकि गांव के नियम और कानून सबसे अलग है, जो यहां के लोगों ने खुद बनाए हैं। गांव के बाहर लगे बोर्ड पर साफ शब्दों में लिखा है कि यहां पर किसी भी चीज को छूना मना है, यदि गलती से किसी ने छू लिया तो जुर्माना भरना पड़ता है।

### मलाणा में सबसे पुराना लोकतंत्र व न्याय व्यवस्था

**मलाणा** की अपनी अलग लोकतांत्रिक व्यवस्था है, जिसमें संसद की तरह दो सदन होते हैं। पहली ज्येष्ठांग (ऊपरी सदन) और दूसरा कनिष्ठांग (निचला सदन) ज्येष्ठांग में कुल 11 सदस्य होते हैं, जिनमें तीन सदस्य कारदार, गूर व पुजारी स्थायी सदस्य होते हैं। बाकी आठ सदस्यों को गांववासी मतदान द्वारा चुनते हैं। इसी तरह कनिष्ठांग सदन में गांव के प्रत्येक घर से एक सदस्य को प्रतिनिधित्व दिया जाता है। यह सदस्य घर के बड़े-बुजुर्ग होते हैं। इस संसद में फौजदारी से लेकर दीवानी जैसे मसलों का हल निकाला जाता है और दोषियों को सजा भी सुनाई जाती है। गांव वाले अपने मसलों का हल ही खुद निकाल लेते हैं।

### चरस के लिए बदनाम

**मलाणा** गांव दुनियाभर में चरस उत्पादन के लिए भी बदनाम रहा है। माना जाता है कि मलाणा में पैदा होने वाली चरस हाई क्वालिटी की होती है, जिसकी देश-विदेश में खासतौर पर डिमांड रहती है, यही वजह है कि कई बार कहीं और पैदा हुई चरस को अधिक कीमत पर मलाणा के नाम से बेचा जाता है।

## न्यूज ब्रीफ



चंडीगढ़ में मनाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का ऑडिशन हुआ। इस मौके पर फैशन कोरियोग्राफर एवं ग्रूमर दिव्यांगना मेहता मौजूद रहीं। इस दौरान सुहानी, श्वेता, अमीषा, वंशिका, सिमरन, हिमानी,कोमल, आरजू, तमन्ना, हिमानी व सिमरन ने भाग लिया।

### पंजाब नेशनल बैंक की स्कीमों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पंजाब नेशनल बैंक ने मनाली में ग्राहक जागरूकता कैंप लगाया। बैंक अधिकारियों ने स्कीमों की जानकारी देने के साथ-साथ ग्राहकों के साथ विस्तृत चर्चा की। पीएनबी के डीजीएम मंडी अजीत कुमार पटनायक ने जागरूकता शिविर की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास में पीएनबी बैंक सब के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखा जाता है कि साधारण से साधारण व्यक्ति को ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। सहायक महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने ऋण बारे विस्तृत जानकारी दी। एमएसएमई विभाग के प्रमुख शेर सिंह ने बैंक की स्कीमों बारे जानकारी दी। पीएनबी मनाली के चीफ मैनेजर अंकित चौधरी ने सभी ग्राहकों का शिविर में आने पर आभार जताया। उन्होंने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए ग्राहक राकेश रावत का आभार जताया। मार्केटिंग ऑफिसर राहुल ऋषि ने करंट व सेलरी एकाउंट बारे जानकारी दी। इस दौरान होटल एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश व निवर्तमान महासचिव निहाल सहित होटल व्यवसायी नील चंद ने कई विषयों पर सवाल-जवाब किए।

### मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही कानूनी सलाह

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से टेली-लॉ द्वारा मुफ्त में कानूनी सलाह उपलब्ध करवाई जा रही है। टेली-लॉ विधिक सलाह और परामर्श लेने का तंत्र है। यह पंचायत स्तर पर स्थित सभी सीएससी सेंटर पर उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/टेलीफोनिक सुविधाओं के माध्यम से जरूरतमंद और हाशिये पर पड़े लोगों को विधिक सहायता के लिए पैनल वकीलों से जोड़ता है। 2017 में जांच की गई टेली-लॉ सेवा पर अब टेली-लॉ मोबाइल ऐप के माध्यम से पहुंच बनाई जा सकती है। यह सभी नागरिकों के लिए निशुल्क है। सीएससी/लोकमित्र चलाने वाले ग्राम स्तर के उद्यमी, पैनल वकीलों के साथ लाभार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं। सीएससी के माध्यम से लोगों को विधिक सलाह और परामर्श देने के लिए पैनल वकीलों को तैनात किया गया है। शुरू में स्कीम की प्रगति धीमी थी। सीएससी के जिला कुल्लू प्रबंधक प्रवीण ने बताया कि अब कुल्लू से लोग अपनी कानूनी दिक्कतों के लिए अपने नजदीकी सीएससी सेंटर तक पहुंच रहे हैं, उन्होंने सीएससी संचालकों से भी आग्रह किया है कि अपने आसपास के लोगों को इस सुविधा का लाभ दें।

### लता मंगेशकर की स्मृति में लोकसंगीत प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भाषा व संस्कृति विभाग जिला कुल्लू द्वारा स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की स्मृति में लोक संगीत पर दो प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। पहली प्रतियोगिता विशुद्ध लोक संगीत पर आधारित होगी, जबकि दूसरी समकालीन आधुनिकता दिए हुए लोक संगीत के विलय पर आधारित होगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। जिला भाषा अधिकारी ने प्रतियोगिता के मानकों की जानकारी देते हुए कहा कि विशुद्ध संगीत प्रतियोगिता में गायक/गायिका को जिला कुल्लू में प्रचलित पारंपरिक लोक गीत जैसे वीर गाथा, प्रेम गीत, ऋतु गीत, प्रभात गीत, श्रम गीत, संस्कार गीत आदि सामाजिक उत्सव में गाए जाने वाले गीतों का गायन करना होगा। विशुद्ध लोक संगीत प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में 16 वर्ष से कम व उससे अधिक में होगी तथा महिला व पुरुष की अलग-अलग प्रतियोगिताएं होंगी।

### बायल ने जीता निरमंड में क्रिकेट टूर्नामेंट



**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड के खेल स्टेडियम में श्रीखंड वेलफेयर चेरिटेबल सोसायटी द्वारा आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को विधिवत समापन हो गया। बायल क्रिकेट टीम ने दत्तनगर की टीम को हराकर यह टूर्नामेंट जीत लिया। ग्रामीण वार्ड स्तर पर आयोजित की गई यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर शुरू हुई थी, जिसका थीम 'खेलेगा युवा तो बढ़ेगा युवा' था, जिसके माध्यम से युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर खेलों के प्रति जागरूक करना था। टूर्नामेंट में 64 टीमों ने भाग लिया। समापन अवसर पर आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों को समाज के प्रति दायित्व निभाते हुए नशे जैसी बुराई के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य की सराहना की। उन्होंने श्रीखंड वेलफेयर चेरिटेबल सोसायटी को विश्वास दिलाया कि वे समाजहित में किये जा रहे कार्यों को लेकर सोसायटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

# मनाली के मालरोड में 90 महिला मंडलों ने डाली नाटी

## कुल्लू के पारंपरिक गानों की धुन से गूंज उठा माल रोड मनाली, पर्यटकों का उमड़ा हुजूम





**अनंत ज्ञान, मनाली**

20 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल की तैयारियां जोरों से शुरू हो गई हैं। 21 व 23 जनवरी को कार्निवाल में होने वाली महानाटी के लिए बुधवार को वाम लतट की 90 महिला मंडलों ने अभ्यास किया। महानाटी में पहला स्थान पाने के लिए महिलाओं ने आज दिनभर नाटी के गुर सीखे और कड़ा अभ्यास किया।

वामतट की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कदम से कदम मिलाए। पर्यटकों ने इस ऐतिहासिक पल को अपने मोबाइल में कैद किया। लेफ्ट बैंक के 90 महिला मंडलों की महिलाओं ने नाटी में भाग लिया। इस दौरान माल रोड मनाली कुल्लू के पारंपरिक गानों की धुन से गूंज उठा। महिलाओं की महानाटी होती देख माल रोड में पर्यटकों का भी हुजूम उमड़ पड़ा। राइट बैंक और लेफ्ट बैंक की महिलाओं के बीच यह रोचक प्रतियोगिता होगी। प्रथम रहने पर एक लाख इनाम मिलेगा, जबकि दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 50 हजार से संतोष करना पड़ेगा। महानाटी आयोजन समिति के प्रभारी बालक राम ने स्वयं नाटी का नेतृत्व किया और महिलाओं को नाटी के टिप्स सिखाए। कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि महानाटी में लगभग 276 महिला मंडल भाग लेंगे। कार्निवाल के सफल आयोजन को सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

### सीएम मनाली वासियों को देंगे करोड़ों की सौगात

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि विंटर कार्निवाल में मुख्यमंत्री सूक्खू मनाली वासियों को करोड़ों की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि कार्निवाल के शुभारंभ को लेकर 19 जनवरी को दोपहर बाद मुख्यमंत्री मनाली पहुंचेंगे। विधायक ने कहा कि सीएम आइस स्केटिंग रिंग सहित पतलीकूहल बस स्टैंड व मनाली बस स्टैंड का शुभारंभ करेंगे। साथ ही रामबाग से मनाली गांव के लिए बाईपास सड़क का शिलान्यास करेंगे। कार्निवाल कमेटी की अध्यक्ष एवं डीसी कुल्लू की देखरेख में कार्निवाल के सफल आयोजन के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्निवाल में महिलाओं की सहभागिता अधिक रहेगी।



हिमाचल की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता के होने वाले मैच का कुल्लू में हुआ आगाज।

# प्रदेश में क्रिकेट विजेता रहने वाली टीम को मिलेगा 21 लाख का इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता के होने वाले मैच का कुल्लू में भी आगाज हो गया है। बुधवार को पहले दिन दो टीमों के बीच मैच खेले गए।

तीन महीनों तक चलने वाली इस क्रिकेट लीग को जीतने वाली टीम को ईनाम के रूप में 21 लाख की राशि प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 11 लाख, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 5 लाख और मैन ऑफ द सीरीज विजेता को भी 5 लाख की राशि ईनाम में दी जाएगी। इस क्रिकेट लीग का आयोजन सम्मान एंड सलाम फाउंडेशन द्वारा करवाया जा रहा है। हर एक टीम को लीग के तहत 3 मैच खेलने का मौका दिया जाएगा। सभी मैच जिला स्तर पर चिन्हित किए गए मैदान में होंगे, जबकि जिला स्तर से चयनित टीमों के सभी मैच एचपीसीए के धर्मशाला स्थित स्टेडियम में ही करवाए जाएंगे। पूरी लीग के दौरान 24 खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा, जिन्हें दिल्ली और गुड़गांव में विशेष कोचिंग दिलवाई जाएगी।

# भूतनाथ मंदिर कमेटी की बैठक में शिवरात्रि उत्सव को लेकर हुई चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भूतनाथ मंदिर कमेटी की बैठक कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एकादशी महंत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शिवरात्रि उत्सव सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में ब्यास नदी के साथ लगते हिस्से के क्षतिग्रस्त होने पर चिंता प्रकट की। मंदिर का काफी हिस्सा ब्यास में आई बाढ़ में गिर गया था। यही नहीं मंदिर में बनाए गए शौचालय का भी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिस कारण मंदिर कमेटी को करीब 8 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। बैठक में भूतनाथ मंदिर के साथ अंतिम संस्कार के लिए बनाए गए स्थान के साथ लगती सुरक्षा दीवार गत वर्ष ब्यास नदी में आई भयंकर बाढ़ में गिर गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि मंदिर के साथ लगती ब्यास नदी के साथ सुरक्षा दीवार लगाने के लिए विधायक सुंदर सिंह ठाकुर तथा डीसी कुल्लू से मांग रखी जाएगी। मंदिर कमेटी में नए सदस्य के रूप में राजीव सूद और जसपाल सिंह पाल शामिल हुए। मंदिर कमेटी द्वारा दोनों नए सदस्यों का स्वागत किया गया। 26 फरवरी को भूतनाथ मंदिर में शिवरात्रि उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

# लोगों ने एक-दूसरे पर राख फेंककर भगाई बुरी शक्तियां

## पीणी फाटी में लोगों ने माता भागासिद्ध व लाहुआ घोंड देवता से सुख-समृद्धि का लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के पीणी फाटी में बुधवार को आराध्या देवी माता भागासिद्ध और देवता लाहुआ घोंड के सम्मान में (राख की होली) छार पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पीणी फाटी गांव के लोगों ने एक-दूसरे पर राख फेंककर बुरी शक्तियों को भगाया। सदियों से चली आ रही इस परंपरा का गांव में आज भी बखूबी निर्वहन किया जा रहा है।

हर वर्ष की तरह इस बार भी सोमवार की रात को देवता की सौह (स्थान) में गांव के लोग एकत्र हुए और वहां पर जागरा जलाया गया। वहां पर रखी मशाल की लकड़ियों की रातभर लोगों ने पहरेदारी की। सुबह देवता नारायण के गूर और माता भागासिद्ध के गूर ने एक-दूसरे पर राख फेंककर इस पर्व की विधिवत शुरूआत की। इसके बाद दोनों गांव के लोगों के बीच एक-दूसरे पर राख फेंकने का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने राख को गुलाल की तरह एक-दूसरे पर उड़ेला और उसके साथ ही अश्लील गालियां देकर भूत-पिशाच को भगाया। इस दौरान लोग मुखौटे व पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और पर्व में भाग लेने के लिए जिलेभर से भी लोगों का खूब हुजूम उमड़ा। देवता को उनके स्थायी मंदिर से गांव के साथ खेतों में लाया गया और वहां पर ग्रामीणों ने एक-दूसरे पर राख फेंककर पुरातन परंपरा का निर्वहन किया। मुखौटे पहनकर ग्रामीणों ने नृत्य किया। लोगों ने देवी-देवता से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। माता भागासिद्ध के मुख्य पुजारी और तलपीणी पंचायत के प्रधान महेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों परस राम, खेखराम, गुरदयाल व नरेश ने बताया कि छार दियाली बुरी शक्तियों को भगाने के लिए घाटी में मनाई जाती है, इससे क्षेत्र में अन्न-धन और सुख समृद्धि की प्राप्ति होने के साथ ही भूत-पिशाच से भी छुटकारा मिलता है।



ग्रामीण एक-दूसरे पर राख फेंककर भूत-पिशाच भगाने की परंपरा का निर्वहन करते हुए।

### हर घर में पहले से एकत्र करते हैं राख

**हर** साल धूमधाम से मनाए जाने वाले छार दियाली पर्व के लिए ग्रामीण करीब एक माह पहले से ही अपने-अपने घरों में राख इकट्ठा करना शुरू कर देते हैं। कुल्लू में वसंत पंचमी के दिन से जहां गुलाल के पर्व होली की शुरूआत होती है। वहीं, इन दोनों गांव में राख की होली मनाकर लोग छार दियाली पर्व मनाते हैं।

परेशानी — शराबियों की बढ़ती संख्या और शोर-शराबे से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष

# डोभी से पतलीकूहल सड़क किनारे कई ढाबों में रात को सज रही शराबियों की महफिल

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की उझी घाटी में डोभी से पतलीकूहल तक सड़क किनारे कई ढाबों में शराबी देर रात तक बैठ कर खुले आम शराब पी रहे हैं।

इलाके में एक तरफ चिट्टे का नशा भी हो रहा है और दूसरी तरफ शराबियों द्वारा देर तक इलाके में शोर-शराबा किया जा रहा है, जिस कारण सड़क किनारे रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों में इनके खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। इलाके के देव भट, राकेश भल्ला, पितांबर व सोनू ने बताया कि दुआड़ा चौक और डोभी में भी देर रात तक शराबी व अन्य नशा करने वाले लोग रात भर घूमते रहते हैं। यह लोग कभी भी किसी भी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। खास कर इलाके में महिलाओं को इन नशेड़ी लोगों से अधिक खतरा बना रहता है। दुआड़ा की महिलाओं ने बताया कि हम लोगों को देर रात घर से बाहर और अचानक जरूरत का सामान लाने की दुकान तक जाने की हिम्मत नहीं होती है। कई जगह नशेड़ी लोग शराब के नशे में झूमते नजर आते हैं और रास्तों में जगह-जगह बोतलें तोड़ते व फोड़ते हैं। ढाबों में भी बोतलों के ढेर लगे रहते हैं।

मंडलगढ़ प्रधान पुष्पा देवी ने बताया कि इलाके में नशा करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इलाके में शांति बनाए रखना हर पंचायत वासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नशेड़ी लोगों के खिलाफ तुरंत पुलिस को सूचना दें। उधर, थाना प्रभारी रज्जत शर्मा ने बताया कि पुलिस समय-समय पर ईलाके में गश्त करती है और नशा करने और बेचने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)





# निस्वार्थ भाव वाले कार्यकर्ता हैं भाजपा की रीढ़ : राकेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा अपने करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या के कारण आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।

कुल्लू मंडल के मंडल चुनाव के उपरांत श्रवण कुमार को कुल्लू मंडल अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और सुंदरनगर के विधायक राकेश जंवाल ने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता और संगठन आधारित पार्टी है। इसके कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से लगातार पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा में ही साधारण से साधारण कार्यकर्ता अपने कार्य के दम पर किसी भी पद पर पहुंच सकता है। चाहे वह अध्यक्ष पद हो या प्रधानमंत्री का ही पद ही क्यों न हो। उन्होंने कुल्लू मंडल के अध्यक्ष बनने पर श्रवण कुमार को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कुल्लू भाजपा आगे बढ़ेगी और एक मजबूत संगठन जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए आगामी समय में होने वाले पंचायतीराज चुनावों और अन्य सभी चुनावों में बड़ी जीत सुनिश्चित करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरेश वर्मा बने भाजपा मंडल राजगढ़ के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, सराहां/राजगढ़।** इंतजार के बाद आखिर पहली बार भाजपा के मंडल बने राजगढ़ को पहला अध्यक्ष मिल गया। पझौता उपतहसील के दूरदराज रासुमांदर क्षेत्र के देवठी मझगांव निवासी सुरेश वर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके लिए बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसकी घोषणा राजगढ़ चुनाव के प्रभारी रतनपाल द्वारा की, जिसके बाद सुरेश वर्मा के समर्थकों ने उनको मालाएं पहनाई व ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया। पहली बार बनाए गए भाजपा मंडल राजगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए पहले 16 नाम आए थे, जिसमें से तीन नामों का पैनल बनाया गया था। उसमें राजपाल ठाकुर, अरुण चौहान व रुपेंद्र ठाकुर शामिल थे। तीनों को दरकिनार कर एक नए चेहरे को यह जिम्मा सौंपा। सुरेश वर्मा-1990 में पहली बार भाजपा के सदस्य बने और काफी समय तक इनके पास बूथ पालक के अध्यक्ष का दायित्व रहा। उसके बाद सुरेश वर्मा भाजपा मंडल पच्छाद में उपाध्यक्ष के पद पर रहे। उसके बाद उनके पास जिला सिरमौर भाजपा के एसटी सेल के उपाध्यक्ष का दायित्व भी रहा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करेंगे और सभी को साथ लेकर संगठन को और मजबूत करेंगे। उन्होंने अध्यक्ष पद का दायित्व देने के लिए प्रदेश हाईकमान व जिला हाईकमान सांसद सुरेश कश्यप व विधायक रीना कश्यप का धन्यवाद किया।

### सुधार सभा की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में सब उपमंडल पंचायत सुधार सभा की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में दाड़लाघाट और आसपास के क्षेत्रों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। महासचिव प्रेम केशव ने बताया कि पहला मुद्दा अंबुजा कंपनी गेट से दाड़लाघाट तक पैदल चलने वाले रास्ते की खराब हालत का था। इस रास्ते की हालत बहुत ही खराब है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए अंबुजा फाउंडेशन के अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे इस रास्ते की मरम्मत करवाएं। दूसरा गांव में स्ट्रीट लाइटें न होना था। इस गांव में स्ट्रीट लाइटें बहुत समय से बंद पड़ी हैं, जिससे रात में लोगों को बहुत परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए पंचायत रौड़ी से अनुरोध किया कि वे इन स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवाएं। तीसरा लैंड लूजर से जुड़े लोगों की लीज बिना कारण बंद करना था। इस समस्या के समाधान के लिए लैंड विभाग के इंचार्ज से अनुरोध किया कि वे इस समस्या का समाधान करें। दाड़लाघाट और आसपास के लोगों को हास्पिटैलिटी सुविधा उपलब्ध न होना। इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक अर्की संजय अवस्थी से अनुरोध किया गया है कि वे इस हॉस्पिटल में सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं।

### डॉ. शांडिल 19 को सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 19 जनवरी को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। स्वास्थ्य मंत्री 19 को प्रातः 11 बजे जौणाजी मार्ग से धाली, नड़ोह के लिए मार्ग की आधारशिला रखेंगे। डॉ. शांडिल तदोपरांत प्राथमिक विद्यालय नड़ोह की ओर नाले के निर्माण तथा पेवर बिछाने के कार्य का एवं नड़ोह में सीढ़ियों का लोकार्पण करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रातः 11.30 बजे मुख्य जलापूर्ति भंडारण टैंक की छत का लोकार्पण करेंगे। डॉ. शांडिल तत्पश्चात नए जलापूर्ति भंडारण टैंक तथा वार्ड नंबर 11 के शामती में साईं मंदिर के समीप नाले के तटीकरण की आधारशिला रखेंगे। स्वास्थ्य मंत्री दोपहर 12 बजे पुराने डीसी कार्यालय से सनी साइड पार्क तक सड़क निर्माण व पेवर बिछाने के कार्य, वार्ड नंबर-12 के प्रवेश द्वार, एंबुलेंस मार्ग सनी साइड पर पेवर बिछाने के कार्य तथा सैनिक विश्राम गृह से सड़क पर पेवर बिछाने के कार्य का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 12.25 बजे बाइपास सपरुन पर शहीद स्मारक पार्क, बाईपास सपरुन के शहीद स्मारक पार्क में विभिन्न सुविधाओं के निर्माण, बाईपास सपरुन पर पैदल पथ के निर्माण कार्य तथा बाईपास सपरुन में पार्किंग के निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे।

### बच्चों को दिए ट्रैक सूट, जूते और स्वेटर



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सौजन्य से खुशियों का सहारा योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत आसपास के सरकारी स्कूल के लगभग 20 जरूरतमंद बच्चों को गोद लिया गया है। यह बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी हैं। संस्था द्वारा इन बच्चों को सर्दी से बचने के लिए समाजसेवियों के सहयोग से जूते स्वेटर तथा ट्रैक सूट व पढ़ाई का सामान दिया जा रहा है। मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के संचालक डॉ. अनुराग गुप्ता, अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा व नीरज बंसल के द्वारा सहयोग करने वाले सभी समाजसेवियों का संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया। संस्था के सौजन्य से माजरा में खुशियों का बैंक खोला गया है, जहां पर रोज शाम को निशुल्क ट्यूशन क्लास में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद, योग आध्यात्मिक आदि गतिविधियां की जाती हैं साथ ही संस्था द्वारा अलग-अलग योजनाएं चलाई गई हैं, जिन में खुशियों का सहारा योजना के अंतर्गत आसपास के स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को गोद लिया गया है।

### 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के बारे में दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, नाहन।** बाल विकास परियोजना अधिकारी नाहन इशाक मोहम्मद ने बताया कि महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत बाल विकास परियोजना नाहन द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत आशा वर्कर्स तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नाहन में किया गया। इस शिविर में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना का मुख्य उद्देश्य शिशु लिंगानुपात में कमी, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना एवं लड़कियों को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि विभाग आगामी 22 जनवरी को इस योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें संबंधित विभागों की सहायता से विभिन्न आयोजन आयोजित किए जाएंगे, जिसके बारे में विभाग से दिशा-निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। इस अवसर पर कुमारी कृतिका चौहान जिला समन्वयक जिला कार्यक्रम अधिकारी सिरमौर ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के बारे में विस्तृत जानकारी दी व मिशन वात्सल्य के अंतर्गत चल रही अन्य गतिविधियों जैसे मिशन हब, वन स्टोप सेंटर की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी नाहन द्वारा उपस्थित आशा वर्कर्स तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने और इस योजना के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए कार्य करें।

## सोलन में सपरून से ओल्ड डीसी ऑफिस तक जिला प्रशासन ने चलाई अतिक्रमण हटाने की मुहिम

# प्रशासन ने हटाए अवैध स्टॉल व रेहड़ियां, काटे चालान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला प्रशासन ने एक बार फिर से सोलन शहर की मुख्य सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को हटाने की मुहिम चलाई। दुकानदारों में तब हड़कंप मच गया, जब सुबह 10 बजे एसडीएम डॉ. पूनम बंसल प्रशासनिक टीम सहित सपरून चौक पर दलबल लेकर पहुंची।

प्रशासनिक टीम में लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस विभाग की टीम शामिल रही। इस दौरान दुकानों के सामने अतिक्रमण कर लगाए गए स्टॉल हटाए गए। साथ ही अवैध रूप से सड़क पर लगाई रेहड़ियों को भी उठाया गया। एसडीएम के निर्देश पर इस दौरान अतिक्रमण कर सड़क में पार्क वाहनों के चालान काटे। सपरून चौक से ओल्ड डीसी ऑफिस तक चली इस मुहिम के दौरान सड़क की चौढ़ाई भी नापी गई। कुछ जगहों पर दुकानों के छज्जे बढ़ाने की मामले उजागर हुए। साथ ही नाली पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण पाया गया। इस पर दुकानदारों को अतिक्रमण कर किए निर्माण को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रशासन के मुताबिक शहर में बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए व्यापार मंडल का भी सहयोग मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)





एसडीएम पूनम बंसल पहुंची मौके पर (दाएं) प्रशासन की तरफ से सपरून से ओल्ड डीसी ऑफिस तक चलाई गई अतिक्रमण हटाने की मुहिम।

### माल रोड पर फिर बढ़ने लगा अतिक्रमण

शहर के मॉल रोड को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन की टीम ने पिछले वर्ष निशानदेही अभियान चलाया था पर दुकानदारों ने चेतावनी के बावजूद कुछ समय बाद फिर से अतिक्रमण कर सड़क पर दुकाने सजानी शुरू कर दी। साथ ही निशानदेही भी मिटा दी। इससे स्थानीय लोगों का ट्रैफिक में चलना खतरे से खाली नहीं रह गया। कई जगहों पर फुटपाथ पर छोटे वाहन पार्क किए जा रहे हैं। इसको देखते हुए प्रशासन ने रूटीन चैकिंग में इस प्रकार के अतिक्रमण पर कार्रवाई की योजना बनाई है। अतिक्रमण पाए जाने की सूरत में सामान भी जब्त किया जाएगा। इसी तरह राजगढ़ रोड, कोटला नाला, अस्पताल रोड और चौक बाजार से शूलिनी माता मंदिर को जाने वाली सड़क से भी अतिक्रण हटाया जाएगा। प्रशासन की तरफ से शुरू किया गया अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान के तहत सोलन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

> प्रशासन महीने में दो बार शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाता है। इससे पहले राजगढ़ रोड और मॉल रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। सपरून से ओल्ड डीसी चौक पर अतिक्रमण की शिकायत आ रही थी। मुहिम के तहत अतिक्रमण हटाया गया और चालान भी काटे गए।
>
> **डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन।**

### अतिक्रमण से राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल

**इस** मुहिम के बाद अपर बाजार, गंज बाजार, चौक बाजार आदि क्षेत्रों में दुकानदारों ने सड़कों पर सजाया सामान हटाना शुरू कर दिया है। इससे सड़कें खुली नजर आने लगी हैं। आमतौर पर यह देखने को मिलती है कि प्रशासन टीम जैसे ही बाजार से अतिक्रमण हटाकर निकलती है, तो दुकानदार फिर से अपना सामान सड़कों पर सजा देते हैं। इस पर टीम ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में यदि फिर से दुकानों के आगे सामान लगा मिला, तो कार्रवाई करते हुए न केवल सामान जब्त किया जाएगा, बल्कि दुकानदारों पर जुर्माना भी किया जाएगा। बता दें कि सोलन के मुख्य बाजारों में दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण से राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वहीं, अपर बाजार, चौक बाजार, गंज बाजार में अतिक्रमण के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड और कूड़ा वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

## ट्रक चालक ने ईमानदारी की मिसाल की पेश, लौटाया सड़क पर गिरा पर्स

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



शिमला-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग-205 पर यूको बैंक दाड़लाघाट के समीप मंगलवार शाम को एक ईमानदारी की मिसाल पेश आई। मोटर चालक संघ के सदस्यों ने एक गिरे हुए पर्स को उसके मालिक दाड़लाघाट निवासी आशीष गुप्ता को लौटाया।

आशीष गुप्ता ने बताया कि वह तत्तापानी से वापस घर पहुंचा और अपनी गाड़ी से सामान निकाल रहा था, तभी उनका पर्स गाड़ी के साथ एनएच-205 पर यूको बैंक के समीप सड़क पर ही गिर गया। इसके बाद रात करीब 9-30 बजे आशीष गुप्ता को मोटर चालक संघ के प्रधान सुरेश ठाकुर का फोन आया और उन्होंने बताया कि उनका पर्स संघ के सदस्य और ट्रक चालक बलदेव को सड़क किनारे गिरा हुआ मिला है। आशीष गुप्ता ने बताया कि पर्स में मौजूद दस्तावेजों पर मिले पते के आधार पर मोटर चालक संघ के सदस्यों ने उनसे संपर्क किया। आशीष गुप्ता ने बताया कि उन्होंने तुरंत मोटर चालक संघ के सदस्यों से संपर्क किया और उन्हें अपना पर्स लौटाने के लिए आभार जताया। आशीष गुप्ता ने बताया कि जब उन्होंने मोटर चालक संघ के सदस्यों से संपर्क किया, तो उन्हें पता चला कि उनका पर्स बलदेव को मिला था और उन्होंने तुरंत संघ के अन्य सदस्यों को सूचित किया था। मोटर चालक संघ के प्रधान सुरेश ने बताया कि उनके संघ के सदस्यों ने हमेशा से ही समाज में अच्छे काम करने की कोशिश की है और यह घटना इसका एक उदाहरण है।

## 31 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के आह्वाहन पर पूरे भारत वर्ष में 1 से 31 जनवरी, 2025 तक मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाने और सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हम सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की साझा जिम्मेदारी है। सरकार हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या के साथ ड्राइवरों और पैदल चलने वालों के बीच अनुशासन, जागरूकता और सावधानी पैदा करने का प्रयास कर रही है। डीसी ने कहा कि हम सभी कि जिम्मेदारी है कि हम सभी सुरक्षित सड़क वातावरण को बढ़ावा देने व सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में अपना योगदान दें।

## फर्जी बेल ओदश बनाने वाला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस ने सिविल जज कंडाघाट की तरफ दो मामलों में भेजे गए गिरफ्तारी वारंट के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी बेल आदेश व गैर जमानती वारंट को खारिज करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

एसपी गौरव सिंह ने बताया कि रिकॉर्ड कीपर सिविल जज कंडाघाट ने पुलिस थाना कंडाघाट में शिकायत दर्ज करवाई कि 30 नवंबर, 2024 को न्यायालय सिविल जज कंडाघाट में दो सिविल मामले, जिनके रमेश कुमार बनाम देवराज, हरीश कुमार बनाम देवराज सुनवाई के लिए लगे थे, जिनके लिए अदालत द्वारा देवराज के खिलाफ दो गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। 30 नवंबर, 2024 के उपरांत इस मामले की सुनवाई 1 जनवरी, 2025 को होनी थी तथा यह मामला 17 दिसंबर, 2024 को सुनवाई के लिए न लगा था, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना कंडाघाट में मामला पंजीकृत किया गया। मामले के अन्वेषण के दौरान पाया गया कि दोनों गैर जमानती वारंट की तारीख पेशी 1 जनवरी, 2025 को अदालत द्वारा निर्धारित की गई थी।

आरोपी देवराज ने इन वारंटी को अदालत जेएमएफसी कंडाघाट द्वारा रद्द करने संबंधी आदेश व्हाट्सऐप के माध्यम से जतोग पुलिस को भेजे। इसके उपरांत जतोग पुलिस ने दोनों वारंटों को उपरोक्त आदेशों सहित अदालत कंडाघाट में प्रेषित किया। न्यायालय द्वारा जब भेजे गए दस्तावेजों/रिकॉर्ड का अवलोकन किया, तो पाया कि देवराज द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज/आदेश नकली/ जाली हैं, जिस पर आरोपी देवराज पुत्र देवदत्त निवासी गांव शिल्ली बागी डाखा जाठिया देवी तह व जिला शिमला को थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

जांच में पाया कि आरोपी ने न्यायालय द्वारा जारी किए गए दोनों गिरफ्तारी वारंट में गिरफ्तारी से बचने के लिए जाली बेल आदेश व गैर जमानती वारंट को खारिज करने के आदेश बनवाकर अदालत को भेजे थे।

## महाकाल लाना पालर टीम क्रिकेट विजेता

### विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने की समारोह की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, नाहन**



विधानसभा उपाध्यक्ष ने विनय कुमार रेणुका विधानसभा क्षेत्र के गांव माइना बाग में डॉ. प्रेम सिंह मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में मां दूर्गा क्रिकेट क्लब माइना द्वारा आयोजित 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-बड़े खेल मैदानों का निर्माण कर रही है, ताकि ग्रामीण स्तर पर प्रभिवान खिलाड़ियों को तराशा जा सके। उन्होंने कहा कि खेलों के आयोजन के साथ-साथ अच्छे खेल प्रबंधन का होना भी आवश्यक है, ताकि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि खेल खेलेगा युवा-नशे से दूर रहेगा युवा, हमें इस विषय पर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता को बढ़ाना है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रामीण स्तर की लगभग 60 टीमों ने भाग लिया। फाइनल का मुकाबला महाकाल लाना पालर बनाम स्पोर्ट्स क्लब संगड़ाह के बीच खेला गया, जिसमें महाकाल लाना पालर की टीम विजेता रही।

## सोलन में 9वां भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय और सेना यूनिट ने 9वां सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक सोलन नौ सेना यूनिट 2 जम्मू और कश्मीर लाइट इंफेंट्री के सहयोग से 14 जनवरी को सोलन में 9वां भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया। समारोह के हिस्से के रूप में जिद जेडएसडब्लयूओ के उपनिदेशक कर्नल सुरेश अग्निहोत्री (सेवानिवृत्त) और 2-जेक एलआई के लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव शर्मा ने 1962, 1965, 1971, 1999 के युद्धों और विभिन्न आतंकवाद विरोधी अभियानों के युद्ध नायकों की 12 विधवाओं को उनके महान बलिदान और राष्ट्र के लिए योगदान के लिए सम्मानित किया।

## मां भंगायणी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, नाहन**



मकर संक्रांति पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई है। समुद्र तल से करीब 8000 फुट की ऊंचाई पर स्थित मां भंगायणी मंदिर हरिपुरधार में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में शीश नवाने पहुंचे।

यह तीर्थ स्थल न केवल सिरमौर व हिमाचल प्रदेश, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लोगों का भी आस्था का केंद्र है। यहां सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु की कतारें लगी नजर आई। मंदिर के प्रबंधक मोहर सिंह राणा ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न राज्यों से मंदिर में पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह स्थल विभिन्न राज्यों के लोगों की आस्था का केंद्र है।

## छावशा पंचायत में लगाया आधार शिविर, 65 कार्ड किए अपडेट

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डाक मंडल, सोलन के सौजन्य से पंचायत छावशा में बुधवार को आधार शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी डाकघर सोलन खंड सपरुन के अधीक्षक संदीप धर्माणी ने दी।

संदीप धर्माणी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों को आधार कार्ड संबंधित सेवाएं उनके निकटतम स्थान पर उपलब्ध करवाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने आधार कार्ड को अपडेट कर सकें। उन्होंने कहा कि शिविर में 65 आधार कार्ड अपडेट किए गए। 17 जनवरी को पंचायत तुंदल में आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया जाएगा। संदीप धर्माणी ने ग्राम पंचायत तुंदल एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों से आग्रह किया कि वे शिविर का लाभ उठाएं।

## कल इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड कंडाघाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 17 जनवरी, 2025 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली उपकेंद्र कंडाघाट के सहायक अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि 17 को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक कंडाघाट, दोलग, परोंथा, डेढघराट, शंहेच, टिक्कर, मही, सिरीनगर, हाथों, पलेच, सलुमणा, हिमुडा, वाकनाघाट, छावशा, डुमैहर, कोट, क्वारग, कोठी बाड़ा, आंजी ब्रहमणा, सैंज, गोग, कैथलीघाट, शालाघाट, क्यारीबंगला, बीशा, बाशा, सुरो, जेपी विश्वविद्यालय, चायल, दोची, मिलिट्री स्कूल, जीतनगर, आलमपुर, बलवग, हिन्नर, कुरगल, मिहानी, बिणु, तुंदल, साधुपुल, दुमती, कोटला, चौरा, डुबलू, नंगाली एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## 7 महिलाओं को इनोवेटिव महिला उद्यमी पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



आईसीएआर से कृषि विज्ञान केंद्रों को मिला इनोवेटिव महिला उद्यमी पुरस्कार।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (एटीएआरआई) जोन -1, लुधियाना द्वारा आयोजित स्थापना दिवस समारोह के दौरान राज्य की सात महिला कृषि-उद्यमियों को इनोवेटिव महिला उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सम्मान पाने वाली महिलाओं में चंबा, शिमला, सोलन और लाहौल-स्पीति-दो के कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) द्वारा समर्थित किया गया था। इन सभी कृषि विज्ञान केंद्रों का प्रबंधन डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी द्वारा किया जा रहा है। इन महिलाओं ने अपने स्थानीय समुदायों की उद्यमशीलता की भावना का प्रतिनिधित्व करते हुए, अपने क्षेत्रों में समर्पण और नवाचार का प्रदर्शन किया है। कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने महिला सशक्तिकरण के लिए रोल मॉडल बनने के लिए पुरस्कार विजेताओं की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने महिला उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने में उनके अमूल्य समर्थन के लिए शिमला, सोलन, चंबा और लाहौल और स्पीति-दो की केवीके टीमों की सराहना की।

**दौरा** संजय अवस्थी ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत हरसंगधार और चलैली में सुनी समस्याएं

# ग्रामीण आर्थिकी हिमाचल की खुशहाली का आधार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण आर्थिकी हिमाचल की खुशहाली का आधार और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों, बागवानों, दुग्ध उत्पादकों और शिक्षित बेरोजगार युवाओं की बेहतरी के लिए कार्य किया जा रहा है।



हरसंगधार और चलैली में समस्याओं का निराकरण करते विधायक संजय अवस्थी।

संजय अवस्थी अर्की की पंचायत सेवड़ा चंडी के गांव हरसंगधार के मंदिर प्रांगण में तथा पंचायत बनोह खरड़हट्टी के गांव चलैली में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं का निपटारा करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार जहां अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है। वहीं, दूध के मूल्य में समुचित वृद्धि की गई है, ताकि दुग्ध उत्पादकों को बेहतर मूल्य मिल सके। राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती उत्पादकों के विपणन की दिशा में कार्य आरंभ कर दिया है और यह सुनिश्चित बनाया जाएगा कि किसानों को उनकी प्राकृतिक खेती उत्पादों का बेहतर मूल्य मिले। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के विभिन्न घटक महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहे हैं। प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि हिमाचलवासी अपनी बंजर भूमि का भी दोहन कर सकें। उन्होंने कहा कि इस दिशा में इस भूमि पर स्थापित किए जाने वाले सौर संयंत्र लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र को भी सर्वोच्च अधिमान दे रही है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने के लिए प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में है। उन्होंने कहा कि अर्की में स्थापित होने वाले इस विद्यालय के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

## हाटी समिति की 'महाखुमली' में उद्योग मंत्री पर लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शिलाई में हुई केंद्रीय हाटी समिति की महा खुमली में एससी समाज से संबंध रखने वाले केंद्रीय हाटी समिति इकाई नोहराधार अध्यक्ष शिव चंद ने उद्योग मंत्री पर खुले मंच से गंभीर आरोप लगाए। महाखुमली के दौरान हाटी मुद्दे में विलंब व स्वर्ण और एससी के बीच मतभेद के लिए मंत्री हर्षवर्धन चौहान को जिम्मेदार ठहराया।

समिति के कानूनी सलाहकार रण सिंह ने बताया कि मामला सरकार लड़ रही है। सिमिति वन टेन के तहत केस में पार्टी औबन कर लड़ रहे हैं। सभी दस्तावेज कोर्ट को जमा करवा दिए गए हैं। मामले में चार जबाव राज्य सरकार से मांगे गए हैं, जो कोर्ट को अब तक जमा नहीं करवाए गए हैं, जिसके बाद जनजातीय मामला पूरी तरह हाटियों के पक्ष में जाएगा। केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष कुंदन शास्त्र ने कहा कि हर्षवर्धन चौहान का कफोट क्षेत्र के अंदर एक जनसभा में केंद्रीय हाटी समिति पर गंभीर आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है। आज केंद्रीय हाटी सिमिति ने कार्य का सारा लेखा जोखा महाखुमली में रखा, जिसमें सभी को खुला सवाल पूछने का निमंत्रण दिया गया था। बिलंब के बाद कल्याण मंच का गठन करवाकर एक अलग वकली को देना केवल हाटियों को हक से वंचित रखने का पूरा प्लान तैयार किया गया है, लेकिन केंद्रीय हाटी सिमिति राजनीति से ऊपर उठ कर संघर्ष जारी रखेगी तथा विरोधियों का डटकर सामना करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब सरकार ने मानी बस यूनियन की मांगें



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी के कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले होने वाली है। क्योंकि सरकार ने उनकी मांगें मान ली हैं। ऐसे में कॉन्ट्रैक्ट और आउटसोर्स कर्मचारियों को पक्का करने के लिए पॉलिसी बनेगी। पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर ने बुधवार को रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक की। बैठक में यूनियन की अस्थायी कर्मचारियों की पक्का करने की मांग पर सहमति बन गई है, जिसके लिए सरकार की तरफ से एक पॉलिसी तैयार की जाएगी। कानूनी राय लेकर इस पॉलिसी को 3 फरवरी को बैठक करके यूनियन के साथ साझा किया जाएगा। ऐसे में अब यूनियन ने अपनी हड़ताल की कॉल को टाल दिया है। बता दें कि पीआरटीसी, पनबस और रोडवेज में 1500 कर्मचारी कॉन्ट्रैक्ट और 5500 आउटसोर्स कर्मचारी हैं। इन सभी के लिए सरकार की तरफ से पॉलिसी बनाई जाएगी। इससे पहले यूनियन ने दोबारा चक्का जाम करने के साथ ही सीएम ऑफिस के बाहर पक्का मोर्चा लगाने की चेतावनी दी थी।

### आर्किटेक्ट एसडी शर्मा के प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ली कॉर्बूजिए द्वारा डिजाइन की गई इमारतों के मॉडल और आर्किटेक्ट एसडी शर्मा के कार्यों को प्रदर्शित करने वाली एक अनोखी एग्जीबिशन बुधवार से सेक्टर 10 स्थित गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी में शुरू हो गई है। 94 वर्षीय आर्किटेक्ट एसडी शर्मा, जो ली कॉर्बूजिए और पियरे जेनरे के करीबी सहयोगी रहे हैं, इस एग्जीबिशन का मुख्य आकर्षण हैं। यह एग्जीबिशन 12 फरवरी तक चलेगी। यह पहल म्यूजियम और एउ फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई है।

### सोलो प्रदर्शनी अलायन्स फ्रांसे में शुरू



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कलाकार गुरअमरप्रीत कौर की तीन दिवसीय 'पाथ ऑफ एंड्यूरेन्स' सोलो प्रदर्शनी अलायन्स फ्रांसे सेक्टर-36 की आर्ट गैलरी में शुरू हो गई है, जिसका शुभारंभ एरिया पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने किया। इस अवसर पर पार्षद प्रेमलता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विक्टर सिद्धू सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# डल्लेवाल के समर्थन में आमरण अनशन पर बैठे 111 किसान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अपनी मांगों के प्रति 'उदासीन' रवैया अपनाने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए 111 किसानों के एक समूह ने अपने नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ एकजुटता दिखाते हुए बुधवार को आमरण अनशन शुरू किया। इस बीच डल्लेवाल का अनिश्चितकालीन अनशन 51वें दिन में प्रवेश कर गया।

प्रदर्शनकारी किसानों ने डल्लेवाल के 'बिगड़ते' स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि लंबे समय तक अनशन के कारण 70 वर्षीय डल्लेवाल के "कई अंग काम करना बंद कर सकते हैं।"

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल पिछले साल 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)



की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। डल्लेवाल ने अपने अनशन के दौरान किसी भी प्रकार की चिकित्सीय सहायता लेने से इनकार कर दिया है, जिसके कारण उनका स्वास्थ्य और खराब हो गया है।

एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान पिछले साल 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। उस वक्त सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति नहीं दी थी।

लंबे समय से डल्लेवाल से जुड़े किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बुधवार को केंद्र सरकार पर किसानों की मांगों पर ध्यान न देने का आरोप लगाया। कोहाड़ ने कहा, 'आज डल्लेवाल का आमरण अनशन 51वें दिन में प्रवेश कर गया। केंद्र सरकार न तो कुछ सुनने को तैयार है, न ही बातचीत शुरू कर रही है और न ही हमारी मांगों को पूरा कर रही है।'

गतिरोध समाप्त करने के लिए प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत करने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल में कहा था कि सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम करेगी।

डल्लेवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में कोहाड़ ने कहा कि अनिश्चितकालीन अनशन के कारण उनकी हालत गंभीर है।

कोहाड़ के अनुसार चिकित्सकों ने कहा है कि उनका शरीर पानी भी नहीं पचा पा रहा है और जब भी वह पानी पीते हैं, उन्हें उल्टी हो जाती है। डल्लेवाल की देखरेख कर रहे चिकित्सकों ने पहले ही कहा है कि उनका स्वास्थ्य हर दिन बिगड़ता जा रहा है। उनका कीटोन स्तर बढ़ गया है।

## हरियाणा भाजपा अध्यक्ष गैंगरेप केस

# पीड़िता की सहेली ने कहा वहां कुछ नहीं हुआ था

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर दर्ज हुए गैंगरेप केस में नया मोड़ आया है। पीड़ित महिला की फ्रेंड मीडिया के सामने आई है। महिला ने पंचकूला में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना के बारे में कई खुलासे किए हैं। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली और सिंगर रॉकी मित्तल एक महिला ने हिमाचल के सोलन में गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया है। इस केस में एक महिला को गवाह भी बनाया है। गवाह बनाई गई महिला मीडिया के सामने आई है। महिला ने मामले को लेकर कई खुलासे किए हैं। महिला ने बुधवार शाम को पंचकूला में प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। महिला का कहना है कि वह दिल्ली की रहने वाली है और पीड़ित महिला की सहेली है।

महिला ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वह और उसकी सहेली मनाली घूमने गई थे, क्योंकि वह सिंगर थे। वह और उसकी सहेली उसके बॉस के रूम में ही थी। एक दिन पहले जब मैंने यह सब सुना और इस मामले में उसका नाम भी आया है। गवाह के नाम पर मेरा नाम ऐड किया गया है। गवाहके तौर पर मुझे बुलाया गया है।

उसकी सहेली के बॉस का नाम अमित है। मैं शूट करती हूं, जिसने आरोप लगाया है वह मेरी नॉर्मल फ्रेंड थी। महिला ने कहा कि मैं कोई विटनेस नहीं हूं। यह झूठ है ऐसा कुछ नहीं हुआ था। 7 जुलाई 2023 हम घूमने गए थे। साथ मेरी दोस्त के बॉस थे। हमें रॉकी मित्तल वहां मिले थे। हम एक साथ एक रूम में थे। रात जल्दी सो गए और सुबह जल्दी निकल गए। ऐसा कुछ नहीं है। मुझे भी सोशल मीडिया से पता चला। यह सब झूठ है। मेरे सामने ऐसा नहीं हुआ। मोहन बड़ौली का नाम भी जुड़ा हुआ है। मुझे कई बार पूछताछ के लिए बुलाया गया पर मैं नहीं गई। मेरे बारे में जो बयान दिए गए वो सब झूठे हैं।

## सेमिनार में जीएसटी के सुधारों व उनके प्रभावों पर हुई व्यापक चर्चा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (पीसीसीआई) और टेक्स ट्रेड एंड सर्विसेज (टीटीएस) ने संयुक्त रूप से "जीएसटी रिफॉर्म्स - एन्हांसिंग ट्रांसपेरेंसी और गुड गवर्नेंस" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन सेक्टर-43 में किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में जेएस नेगी (आईआरएस), चीफ कमिश्नर, सीजीएसटी-चंडीगढ़, मनोज कुमार श्रीवास्तव (आईआरएस), चीफ कमिश्नर, (सीजीएसटी)-पंचकूला; एचबी नेगी (आईआरएस), रिटायर्ड प्रिंसिपल कमिश्नर, सीजीएसटी-चंडीगढ़, विकास कुमार (आईआरएस), प्रिंसिपल कमिश्नर, सीजीएसटी-लुधियाना; राजन दत्त (आईआरएस), कमिश्नर, सीजीएसटी-पंचकूला, हमिद गनी, कमर्शियल टैक्स ऑफिसर, एसजीएसटी-श्रीनगर और वरिंदर मेहंदीरत्ता, प्रेसिडेंट, वाईजेसीसीआई उपस्थित रहे। सेमिनार में जीएसटी के सुधारों और उनके प्रभावों पर व्यापक चर्चा हुई।

प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित इनडाइरेक्ट टैक्स एक्सपर्ट सीएस संजय मल्होत्रा ने जीएसटी काउंसिल की 54वीं और 55वीं बैठकों में की गई सिफारिशों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-20 के लिए सीजीएसटी धारा 73 के तहत जारी नोटिस के अनुसार, टैक्स का भुगतान 31 मार्च 2025 तक किया जा सकता है, जिससे ब्याज और पेनेल्टी दोनों माफ हो जाएगा।

## पौड़ी में खाई में गिरी कार, दो की मौत

**अनंत ज्ञान, पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले के धुमाकोट क्षेत्र में बुधवार को एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे के शिकार सभी व्यक्ति दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र के निवासी थे और धुमाकोट क्षेत्र में स्थित अपने गांव मोरा में पूजा में शामिल होने के बाद वापस दिल्ली लौट रहे थे।

पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना भीम खालूडांडा मार्ग पर चिमचोणिया जंगल के पास दोपहर को हुई जब कार अचानक सड़क से नीचे 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई।

## चंडीगढ़ प्रशासन पूर्व सैनिकों के परिवारों के कल्याण को देगा उच्च प्राथमिकता

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन पूर्व सैनिकों को सभी जरूर पर उनकी सहायता करने के लिए समर्पित है। चंडीगढ़ प्रशासन सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और पूर्व सैनिकों के परिवारों के कल्याण को उच्च प्राथमिकता देगा। चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने अपने संबोधन के दौरान सैनिकों को उनके साहस और बलिदान और देश के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद दिया।

चंडीगढ़ में गत दिवस 9वां सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर निशांत कुमार यादव, आईएएस, डीसी-सह-अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड, ब्रिगेडियर बीएस ढिल्लों (सेवानिवृत्त), उपाध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड को भी आमंत्रित किया गया था।

विशेष आमंत्रितों में मुख्यालय पश्चिमी कमान, चंडीमंदिर से पश्चिमी जोन के अतिरिक्त महानिदेशक पुनर्वास ब्रिगेडियर आरएस चट्ठा, जिला सैनिक बोर्ड, चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष ब्रिगेडियर डीएस ढिल्लों (सेवानिवृत्त), पश्चिमी कमान चंडीमंदिर के सेना कल्याण प्लेसमेंट नोड के ओआईसी कर्नल जीएस शर्मा (सेवानिवृत्त), पॉलीक्लिनिक, ईसीएचएस चंडीगढ़ के ओआईसी कर्नल बैंस (सेवानिवृत्त) और चंडीगढ़ के एनआईईएलईटी में पुनर्वास पाठ्य, म में भाग लेने वाले सेना, नौसेना और वायु सेना से सेवानिवृत्त होने वाले जेसीओ/एनसीओ शामिल थे। राजीव वर्मा ने चंडीगढ़ के वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### जमानत के बाद जोधपुर आश्रम पहुंचे आसाराम



**जयपुर।** 2013 रेप मामले में राजस्थान हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद आसाराम अपने जोधपुर आश्रम में लौट आया। मंगलवार देर रात आरोग्य अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद वह अपने आश्रम पहुंचा। आसाराम का आश्रम जोधपुर के पाल गांव में है। अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ मौजूद थी। समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर उसका स्वागत किया। आश्रम पहुंचने पर उसके सेवादारों ने आतिशबाजी की। आश्रम में एक नाबालिग से रेप के बाद 2 सितंबर 2013 को आसाराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट उसे दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### केटीआर की अर्जी पर विचार करने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव की अर्जी पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया, जिसके तहत फॉर्मूला ई रेस से जुड़े मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का उनका अनुरोध ठुकरा दिया गया था। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने की इच्छुक नहीं है। इसके बाद राव के वकील ने याचिका वापस ले ली और मामले को वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया।

### मुडा केस: सीबीआई जांच याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को मुडा मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की याचिका पर सुनवाई 27 जनवरी के लिए स्थगित कर दी। कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एम नागाप्रसन्ना ने लोकायुक्त को 27 जनवरी तक जांच रिपोर्ट अदालत में सौंपने का निर्देश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता रविवर्मा कुमार, अभिषेक मनु सिंघवी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की ओर से पेश हुए, जबकि मनिंदर सिंह ने याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व किया। बहस के दौरान याचिकाकर्ता के वकील सिंह ने आरोप लगाया कि मूल फाइलें मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से गायब हैं।

### द. कोरिया के राष्ट्रपति को हिरासत में लिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल को बुधवार सुबह राष्ट्रपति परिसर से हिरासत में ले लिया गया। यून ने भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी के मुख्यालय में ले जाए जाने से पहले रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो संदेश में कहा कि इस देश में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यून पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिन्हें पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया है।

## देश-विदेश

## सोनिया ने कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का किया उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन किया। पिछले करीब पांच दशक से पार्टी का मुख्यालय '24 अकबर रोड' था। अब मुख्य विपक्षी दल का नया मुख्यालय '9ए कोटला मार्ग' पर बनाया गया है। सोनिया गांधी ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया और नेताओं ने राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान तथा 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा..' गाया। पार्टी के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी आदि उपस्थित थे। 'इंदिरा भवन' को पार्टी और उसके नेताओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें प्रशासनिक, संगठनात्मक और रणनीतिक कार्यों में सहयोग करने के लिए आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं।

## सीएम सुक्खू ने भी लिया 'इंदिरा भवन' उद्घाटन में भाग



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के नए 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी भाग लिया। इस अवसर पर पार्टी के अन्य नेता एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी उपस्थित रहे।

## विधानसभा चुनाव: केजरीवाल ने नई दिल्ली सीट से भरा नामांकन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनावों के लिए नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और उन्होंने लोगों से काम के आधार पर मतदान करने की अपील की।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे काम के आधार पर मतदान करें, न कि 'गाली-गलौज' के आधार पर। केजरीवाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले अपनी पत्नी सुनीता के साथ सुबह हनुमान मंदिर और वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर उन्होंने आप कार्यालय से नई दिल्ली जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय तक पदयात्रा निकाली। आप के सैकड़ों कार्यकर्ता हाथ में पार्टी का झंडा लिए पूर्व मुख्यमंत्री के साथ यात्रा में शामिल हुए। नई दिल्ली जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करने के बाद केजरीवाल ने विश्वास जताया कि दिल्ली में आप एक बार फिर सत्ता में आएगी।

## वायनाड भू-स्खलन: केरल सरकार करेगी लापता लोगों को मृत घोषित

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

श्वेता महतो केरल सरकार (पिनराई विजयन की सरकार) ने पिछले साल वायनाड भू-स्खलन में अभी तक लापता रहने वाले लोगों को मृत घोषित करने का फैसला किया। इससे उनके परिवार को मुआवजा देने में मदद मिलेगी। मंगलवार को जारी सरकार के आदेश के अनुसार, लापता लोगों की सूची को जांच के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों समेत स्थानीय, जिला और राज्य स्तरीय समितियां बनाई गई हैं। स्थानीय स्तरीय समिति में पंचायत सचिव, ग्राम अधिकारी और संबंधित पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस अधिकारी शामिल होंगे।

## रूस के हमले के बाद यूक्रेन में बिजली कटौती

**कीव।** रूस ने बुधवार को यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए, जिसके कारण देश को एहतियातन बिजली कटौती करना पड़ा। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने यह जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री हरमन हलुशेंको ने 'फेसबुक' पर कहा कि दुश्मन ने यूक्रेनवासियों को आतंकित करना जारी रखा है। उन्होंने निवासियों से आग्रह किया कि वे मौजूदा खतरे के दौरान आश्रय स्थलों में रहें।

## दिल्ली ने ओढ़ी घने कोहरे की चादर, कई हवाई उड़ानें रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रीय राजधानी और आस-पास के इलाकों में बुधवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिसके कारण विजिबिलिटी बेहद कम रही। कोहरे का पूरा असर यातायात व्यवस्था पर देखने को मिला।

कोहरे के चलते सात उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि 300 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। इसके अलावा, दिल्ली आने वाली 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जबकि छह ट्रेनों के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। घने कोहरे के कारण कई इलाकों में विजिबिलिटी का स्तर शून्य के करीब पहुंच गया, जिससे हवाई, सड़क और रेल यातायात बाधित हुआ।

## सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार और सक्षम: सेना प्रमुख

**एजेंसी, पुणे (महाराष्ट्र)**



**सेना** प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर बनी हुई है और सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है।

पुणे में 77वें सेना दिवस समारोह में अपने संबोधन में द्विवेदी ने कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम कायम है, लेकिन 'घुसपैठ के प्रयास जारी हैं'।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि उत्तरी सीमा पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हम भारतीय सेना को एक आधुनिक, चुस्त, हर परिस्थिति के लिए अनुकूल, प्रौद्योगिकी-सक्षम बल बनाने की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुणे में सेना दिवस समारोह, इस क्षेत्र की विरासत के साथ हमारे गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। पुणे में पहली बार समारोह का आयोजन हुआ। सेना दिवस परेड (एडीपी) यहां बॉम्बे इंजीनियर्स ग्रुप (बीईजी) एंड सेंटर में हुई जो सेना की दक्षिणी कमान के अंतर्गत आता है।

## सेंसेक्स में 224 अंक की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** बुधवार को 224 अंक की तेजी के साथ 76,724 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 37 अंक की तेजी रही। यह 23,213 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में तेजी और 23 में गिरावट रही, जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ।

एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.39 फीसदी की तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.77 फीसदी की बढ़त रही। कोरिया के कोस्पी में 0.024 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई के डाटा के अनुसार, 14 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 8,132 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 7,901 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### सोने-चांदी के दाम में उछाल

**सोने**-चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 241 रुपए बढ़कर 78,269 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 78,028 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 178 रुपए बढ़कर 88,908 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 88,730 रुपए प्रति किलो पर थी।

## विनिमय आयोग ने एलन मस्क पर दायर किया मुकदमा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने अरबपति उद्योगपति एलन मस्क पर मुकदमा दायर किया है और कहा कि उन्होंने 'ट्विटर' खरीदने से पहले 2022 की शुरुआत में इसके शेयर के बारे में अपने स्वामित्व का समय पर खुलासा नहीं किया। एसईसी का आरोप है कि इसके परिणामस्वरूप मस्क ने जो शेयर खरीदे थे, उनके लिए 'कम से कम 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर' कम भुगतान किया गया, जबकि उन्हें ट्विटर के पांच प्रतिशत से अधिक शेयरों पर अपने स्वामित्व का खुलासा करना चाहिए था। मस्क ने अक्टूबर 2022 में 'ट्विटर' को खरीदा था और बाद में इसका नाम बदलकर 'एक्स' कर दिया। मस्क ने 2022 की शुरुआत में ट्विटर के शेयर को जमा करना शुरू किया और उस साल मार्च तक उनके पास पांच प्रतिशत से ज्यादा शेयर हो गए। शिकायत में कहा कि कानून के तहत अपने स्वामित्व का खुलासा करना जरूरी था, लेकिन रिपोर्ट आने के 11 दिन बाद यानी चार अप्रैल तक उन्होंने ऐसा नहीं किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की उस याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा, जिसमें 1961 की चुनाव संचालन नियमावली में हाल के संशोधनों को चुनौती दी गई है। संशोधित नियम सीसीटीवी और अन्य चुनाव संबंधी दस्तावेजों तक जनता की पहुंच को प्रतिबंधित करते हैं।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कांग्रेस नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया और याचिका पर नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा कि वह 17 मार्च से शुरू हो रहे सप्ताह में याचिका पर सुनवाई करेगी। सिंघवी ने कहा कि 1961 की चुनाव संचालन नियमावली में संशोधन 'बहुत चतुराई से' किया गया और सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच पर रोक लगा दी गई, क्योंकि उनका दावा था कि इससे मतदाता की पहचान उजागर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान के विकल्पों के बारे में कभी खुलासा नहीं किया गया था और सीसीटीवी फुटेज से भी मतों का पता नहीं चल सकता। वरिष्ठ वकील ने पीठ से आग्रह किया कि वह भारत निर्वाचन आयोग और केंद्र को अगली सुनवाई की तारीख से पहले अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहे, नहीं तो वे उस दिन आकर कहेंगे कि उन्हें दाखिल करना आवश्यक है।

## स्पोर्ट्स विंडो

## ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में भाग लेगी

**स्टवान्गर (नॉर्वे)।** मौजूदा विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन और भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी मई में नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में



भाग लेगी। वर्तमान में महिलाओं के क्लासिकल शतरंज में विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी हम्पी का लक्ष्य इस प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना है। हम्पी 2002 में ग्रैंडमास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी थी। दो बार 2019 और 2024 में विश्व रैपिड चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली हम्पी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में वापसी करने को लेकर उत्साहित हैं। हम्पी ने कहा, ''प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलना सम्मान की बात है।'' नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और टूर्नामेंट निदेशक केजेल मैडलैंड ने कहा, ''हम्पी की उपलब्धियां काफी कुछ बयां करती हैं और हम नॉर्वे शतरंज महिला-2025 में उनकी वापसी का स्वागत करते हुए खुश हैं।''

## पुरुष अंडर-14 क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल 18 जनवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एशोसिएशन (एचपीसीए) द्वारा सत्र 2024-25 के लिए पुरुष अंडर-14 टीम के लिए खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल लेगा। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि पुरुष अंडर-14 टीम के चयन के लिए 18 जनवरी को सुबह 10 बजे एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में ट्रायल आयोजित करने का निर्णय लिया है। चयन के लिए विचार किए जाने वाले खिलाड़ियों के लिए इन ट्रायल में भाग लेना अनिवार्य है। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों की पात्रता मानदंड में खिलाड़ी 01.09.2010 को या उसके बाद पैदा होना चाहिए। वास्तविक हिमाचली होना चाहिए। यदि खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश के अधिकार क्षेत्र से बाहर पैदा हुआ है, तो उसे 1 सितंबर 2024 से पहले हिमाचल प्रदेश के किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में अध्ययन किया होना चाहिए। चयन प्रक्रिया के दौरान जन्म तिथि प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत के नगरपालिका प्राधिकरण या जिला कार्यालय द्वारा जारी किया गया होना अनिवार्य है। स्कूल प्रमाण पत्र खिलाड़ी की जन्म तिथि प्रमाणित करने वाला स्कूल के लेटर हेड पर एक प्रमाण पत्र व हिमाचली प्रमाण पत्र लाना होगा।

## पैरा प्रतियोगिता में बलवंत टीम मैनेजर व जीतेश्वर कोच नियुक्त



**दशमी रावत, जुब्बल।** शारजहा में होने जा रही अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2025 में जिला शिमला के सरकारी स्कूल जुब्बल में प्रवक्ता । बलवंत झौहटा का चयन भारतीय दल के साथ टीम मैनेजर व भट्टाकुफर स्कूल शिमला में शारीरिक शिक्षक जीतेश्वर दत्ता का चयन भारतीय दल के साथ कोच के रूप में पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा किया गया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 फरवरी तक किया जाएगा। बलवंत झौहटा मूलतः जुब्बल के धार गांव के रहने वाले है और जीतेश्वर दत्ता रोहड़ू के बंछूना गांव के रहने वाले हैं। जीतेश्वर व बलवंत पिछले 6 सालों से हिमाचल प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन में पैरा खेलो को प्रमोट करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को

**लाहौर।** चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसमें शिरकत करेंगे । पीसीबी सूत्र ने बताया कि उसे कप्तानों के फोटो शूट और टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के शेड्यूल के लिए आईसीसी से सूचना का इंतजार है । आठ टीमों का टूर्नामेंट 19 फरवरी से कराची में शुरू होगा। सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान नहीं जा रही भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी। भारत को 20 फरवरी को बांग्लादेश से पहला मैच खेलना है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी को सभी कप्तानों, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के वीजा के लिए सरकार से मंजूरी मिल गई है । उन्होंने कहा ,'' इसमें रोहित या अन्य कोई भी भारतीय खिलाड़ी या अधिकारी शामिल है ।'' एक अन्य सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी से साफ तौर पर कहा है कि उद्घाटन समारोह पाकिस्तान में होगा । सूत्र ने कहा ,'' यह आम प्रोटोकॉल है कि पहला मैच 19 फरवरी को है तो उद्घाटन समारोह 16 या 17 को होगा ।''

महिला क्रिकेट

## स्मृति का सबसे तेज शतक, आयरलैंड को 304 रनों से दी मात

# भारतीय महिला टीम ने किया सूपड़ा साफ

**एजेंसी, राजकोट**

भारतीय महिला टीम ने बुधवार को यहां स्मृति मंधाना के 70 गेंद में सबसे तेज शतक और प्रतिका रावल के पहले सैकड़े के दम पर कई रिकॉर्ड बनाते हुए आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 304 रन की अपनी सबसे बड़ी जीत से सीरीज 3-0 से अपने नाम की।

स्मृति 135 रन (80 गेंद, 12 चौके, सात छक्के) बनाकर सबसे तेज शतक जड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। उनकी और प्रतिका की 129 गेंद में 154 रन (20 चौके, एक छक्का) की पारी से भारत ने पांच विकेट पर 435 रन बनाए, जिससे टीम 50 ओवर के प्रारूप में अब तक के अपने सर्वोच्च स्कोर तक पहुंची।

यह किसी भी (पुरुष और महिला) भारतीय टीम का वनडे में सर्वोच्च स्कोर है। वनडे में भारतीय पुरुष टीम का सबसे बड़ा स्कोर पांच विकेट पर 418 रन है जो उसने 2011 में इंदौर में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। मैच का नतीजा महज औपचारिकता रह गया था। भारत ने आयरलैंड को 31.4 ओवरों में सिर्फ 131 रन पर ढेर कर दिया।

कार्यवाहक कप्तान स्मृति और प्रतिका ने पहले विकेट के लिए 26.4 ओवर में 233 रन की साझेदारी निभाई। फिर भारतीय गेंदबाजों में स्पिनर तनुजा



मैच जीतने के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला क्रिकेट टीम।

कंवर (31 रन देकर दो विकेट) और दीप्ति शर्मा (27 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर आयरलैंड की कम अनुभवी टीम के पांच विकेट झटककर उसे आउट करने में अहम भूमिका निभाई।

आयरलैंड की टीम की शुरूआत काफी खराब रही, जिसने 24 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन ओर्ला प्रेंडरगास्ट (36 रन) और सारा फोर्ब्स (41 रन) के तीसरे विकेट के लिए 64 रन से टीम 88 रन तक पहुंची।

पर तनुजा के प्रेंडरगास्ट को आउट करने के बाद भारतीयों ने आयरलैंड के बल्लेबाजी क्रम की सात खिलाड़ियों को महज 33 रन के अंदर समेट दिया।

इससे भारतीय टीम रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इससे पहले टीम ने 2017 में दक्षिण अफ्रीका में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 249 रन से जीत दर्ज की थी।

इससे पहले स्मृति ने सिर्फ 70 गेंद पर अपना 10वां वनडे शतक जड़ा। अपनी इस शानदारी पारी की मदद से स्मृति ने हरमनप्रीत कौर के पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंद पर बनाए गए शतक को भी पीछे छोड़ दिया। इस तरह भारतीय महिला टीम पहली बार 400 रन के आंकड़े तक पहुंची। इससे टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ एलीट सूची में शामिल होने में कामयाब रही। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथा सर्वोच्च स्कोर भी है।

स्मृति ने 39 गेंद में अपना 31वां वनडे अर्धशतक पूरा किया और बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने हवाई शॉट लगाने से भी गुरेज नहीं किया।

वहीं रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाली दिल्ली की क्रिकेटर प्रतिका ने अपनी कप्तान का पूरा साथ निभाते हुए शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी छठी ही पारी में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़कर इस मैच को और भी खास बना दिया। उन्होंने 129 गेंद में 154 रन बनाए।

### 10वां शतक लगाया स्मृति मंधाना ने वनडे में

### सलामी बल्लेबाजों ने तीसरी बार लगाए शतक

यह तीसरा मौका था जब दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने महिला वनडे में शतक जड़े हों। इससे पहले 1999 में रेश्मा गांधी और मिताली राज तथा दीप्ति और राउत ने आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़े थे।

## मुंबई रणजी टीम के शिविर से जुड़े यशस्वी जायसवाल

**मुंबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने के बाद बुधवार को यहां मुंबई की टीम के



शिविर में शामिल हो गए, लेकिन पहले दिन दो अभ्यास सत्र में भाग लेने वाले कप्तान रोहित शर्मा दूसरे दिन नजर नहीं आए।

मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के कप्तान अजिंक्या रहाणे के साथ बल्लेबाजी का अभ्यास करने वाले रोहित के एक या दो दिन में फिर से अभ्यास सत्र में भाग लेने की उम्मीद है।

रोहित ने हालांकि अभी तक मुंबई के जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहने की पुष्टि नहीं की है और इस विषय में अभी तक कोई औपचारिक चर्चा भी नहीं हुई है।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक अधिकारी ने कहा, ''चयनकर्ता 20 जनवरी को टीम की घोषणा कर सकते हैं। इस दौरान प्रत्येक खिलाड़ी की उपलब्धता का पता करने के लिए उचित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। चयन के लिए रोहित से भी संपर्क किया जाएगा।'' रोहित (31 रन) ऑस्ट्रेलिया के दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

# जोकोविच ने सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम मैच खेलने का नया रिकॉर्ड बनाया

**एजेंसी, मेलबोर्न**

नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया जबकि नाओमी ओसाका पिछले तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची।

जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो नया रिकॉर्ड है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में रोजर फैडरर (429) के रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7 (4), 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच अब ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में 379 मैच जीत चुके हैं जबकि 51 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### प्वाइंट कार्ड

| जोकोविच | | फरिया |
|---|---|---|
| 14 | एस | 14 |
| 02 | डब्ल फॉल्ट | 06 |
| 70% | पहली सर्व | 59% |
| 75% | पहली सर्व जीती | 64% |
| 59% | दूसरी सर्व जीती | 45% |
| 2/12 | ब्रेक प्वाइंट | 2/17 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 01 |
| 128 | प्वाइंट जीते | 92 |



जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ''ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा।'' पुरुष वर्ग में ही तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योशिहितो निशिओका पर 6-0, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।

ओसाका ने अमेरिकी ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की। ओसाका ने इस तरह से पिछले साल अमेरिकी ओपन में मुचोवा से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। इस बीच विश्व रैंकिंग में 97वें नंबर की खिलाड़ी लौरा सीगमंड ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को सीधे सेटों में पराजित करके बड़ा उलटफेर किया।

झेंग पिछले साल फाइनल में आर्यना सबालेंका से हार गई थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था तथा वह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स में उपविजेता रही थी, लेकिन साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उन्हें 36 वर्षीय सीगमंड से 7-6 (3), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान चेयर अंपायर ने समय बर्बाद करने को लेकर झेंग को चेतावनी भी दी।

पिछले दो बार की चैंपियन सबालेंका ने आखिरी पांच गेम जीतकर विश्व में 54वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मनेइरो को 6-3, 7-5 से हराकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। वह इस टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीत चुकी हैं। 7वीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में 14वीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने मोयुका उचिजिमा को 6-4, 3-6, 7-6(8) से हराया।

### युकी-ओलिवेटी की जोड़ी पहले दौर में बाहर

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी पुरुष युगल के पहले दौर में वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाले ट्रिस्टन स्कूलकेट और एडम वाल्टन की स्थानीय जोड़ी से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। युकी और ओलिवेटी ने एक घंटे 20 मिनट तक चले पुरुष युगल मैच में कई गलतियां की, जिसका खामियाजा उन्हें 2-6, 6-7 से हार से चुकाना पड़ा। भांबरी और ओलिवेटी अपने तीन ब्रेक प्वाइंट में से किसी को भी भुनाने में नाकाम रहे और उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने सिर्फ एक बार डबल फॉल्ट किया।

अंडर-14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता

## मंडी ने ऊना के खिलाफ 8 विकेट पर बनाए 198 रन

**संजीव पुरी, ऊना**

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अंडर-14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का तीन दिवसीय फाइनल मुकाबला मंडी और ऊना के मध्य शुरू हुआ।

ऊना की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मंडी की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 8 विकेट पर 198 रन बनाए। ऊना की टीम ने 56 रन पर मंडी के 7 खिलाड़ियों को आउट कर दिया था।

वैदुष्य (88 रन) ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक बनाया जबकि अदिश मन्हास 49 रनों पर नाबाद खेल रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों की साझेदारी से मंडी की टीम सम्मानजनक स्थिति में पहुंची। (अनंत ज्ञान)

## नागवाल ने जीता शहीद दिनेश मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट



**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत कक्कड़ में तीन दिवसीय शहीद दिनेश मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। पहले सेमीफाइनल मैच में नागवाल-11 की टीम ने पौंज की टीम को हराया, दूसरे सेमीफाइनल में बमसन-11 बजड़ौह की टीम ने नालागढ़ की टीम को हराया। फाइनल में नागवाल-11 की टीम ने 10 ओवर में 75 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बमसन-11 बजरौह की टीम 74 रन ही बना सकी।

विजेता टीम को 51 हजार और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 31 हजार व ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन शहीद दिनेश मैमोरियल क्रिकेट क्लब पौहज ने किया।

## अनुपमा, तनीषा और अश्विनी की जोड़ी इंडिया ओपन के दूसरे दौर में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एचएस प्रणय और प्रियांशु राजावत जुझारू प्रदर्शन के बावजूद हार गए, लेकिन पूर्व राष्ट्रीय चैंपयन अनुपमा उपाध्याय इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। प्रियांशु को दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाइ नराओका ने 21-16, 20-22, 21-13 से हराया। वहीं प्रणय को चीनी ताइपै के सू लि यांग ने 16-21, 21-18, 21-12 से मात दी।



महिला वर्ग में अनुपमा ने हमवतन रक्षिता श्री को 21-17, 21-18 से हराया। गोपीचंद अकादमी की दोनों प्रशिक्षु कोर्ट के बाहर घनिष्ठ मित्र हैं। तनीषा क्रॉस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने काव्या गुप्ता और राधिका शर्मा को 21-11, 21 -12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं रूतुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा ने थाईलैंड की पी ऐमवारीस्त्रीसाकुल और सरिसा जानपेंग को 7-21, 21-19, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। सुबह आकर्षि कश्यप को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-17, 21-13 से हराया।

मालविका बंसोड को दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान युइ ने 21-16, 21-11 से हराया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपिक चैंपयन कोरिया की अन सि यंग ने चीनी ताइपै की चियू पिन चियान को 22-20, 21-15 से शिकस्त दी।

## चैंपियंस ट्रॉफी की प्रारंभिक पाक टीम में अयूब

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने दाहिने टखने की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को अगले महीने होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की प्रारंभिक टीम में चुना है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन यह तय है कि इसमें शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह, फखर जमां और शादाब खान जैसे सितारे हैं।

एक जानकार सूत्र ने कहा कि चयनकर्ताओं ने सईम अयूब को शामिल किया है हालांकि अभी वह पूरी तरह से फिट नहीं है।

प्रारंभिक टीम में बदलाव 13 फरवरी तक किए जा सकते हैं।

सईम इस समय पीसीबी के खर्च पर लंदन में इलाज करा रहे हैं । सूत्र ने कहा ,'' सईम अयूब अभी भी लंदन में हैं क्योंकि अगर डॉक्टर कहते हैं तो वह रिहैबिलिटेशन वहीं शुरू करेगा और डॉक्टर देख भी सकेंगे कि वह ठीक हो रहा है या नहीं। अगर इस सप्ताह अंतिम टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर कहते हैं कि रिहैबिलिटेशन लाहौर में हो सकता है तो वह लौट आएगा।''

